दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :241
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 2 जुलाई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# सरकार दिखा रही भय-राहुल गांधी

## ● नीट को सरकार ने कामर्शियल एग्जाम बनाया, यह गरीब छात्रों के लिए नही

**● अग्निवीर यूज एंड थ्रो मजदूर**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राहुल गांधी ने सोमवार को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपने पहले भाषण में सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार से डरने वाला नहीं है। उन्होंने अग्निवीर, किसान और नीट का मुद्दा उठाया और सरकार पर कई आक्षेप लगाए। हालांकि सत्तापक्ष की ओर से उनके बयानों पर कई आपत्तियां जताई गई और कहा गया कि राहुल गांधी को अपनी बातों को सत्यापित करना चाहिए। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वे उनके बयानों का सत्यापन करेंगे।नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो बार हस्तक्षेप किया और तंज कसते हुए कहा कि संविधान उन्हें कहता है कि विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए। अमित शाह ने भी तीन बार राहुल के बयान पर हस्तक्षेप किया और कहा कि विपक्ष के नेता अपने पहले भाषण में कुछ भी बोल रहे हैं। उन्होंने अध्यक्ष ओम बिरला से संरक्षण की मांग करते हुए कहा कि राहुल गांधी के बयानों को सत्यापित किया जाना चाहिए।राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने करीब पौने दो घंटे के अपने भाषण में कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने अग्निवीर का मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार शहीद अग्निवीरों को मुआवजा नहीं दे रही। इस पर राजनाथ सिंह ने हस्तक्षेप किया और कहा कि सेवा के दौरान अग्निवीर की मौत होने पर उसके परिजनों को एक करोड़ रुपये दिये जाते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की सोच से बनी योजना है। राजनाथ ने इसका भी खंडन किया और कहा कि अग्निवीर योजना विभिन्न संस्थानों से बातचीत के बाद लायी गई है और दुनिया के कई देशों में चल रही है।राहुल गांधी ने मणिपुर का मुद्दा उठाया और कहा कि प्रधानमंत्री अब तक मणिपुर नहीं गए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। किसानों को आतंकवादी कहा गया, उनका कर्जा माफ नहीं किया जाता और उन्हें एमएसपी नहीं दी जाती। इस पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हस्तक्षेप किया और कहा कि सरकार लगातार एमएसपी दे रही है और पिछली कांग्रेस सरकारों से ज्यादा दे रही है।राहुल गांधी ने परीक्षा पत्रों के लीक होने के मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार ने प्रोफेशनल एग्जाम को कमर्शियल एग्जाम में बदल दिया है। सात साल में सत्तर बार परीक्षापत्र लीक हुआ है। हम इस पर चर्चा की मांग करते हैं ताकि देश के युवाओं को संदेश जाए, लेकिन सरकार चर्चा नहीं कराना चाहती। विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार प्रयास कर रही है कि भय कैसे पैदा किया जाए। अल्पसंख्यकों को डराया जाता है। हर क्षेत्र में अल्पसंख्यक देशभक्त की तरह हैं।केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने राहुल गांधी के भाषण के दौरान धार्मिक तस्वीरें दिखाए जाने पर आपत्ति जताई। साथ ही इस बात पर भी आपत्ति जताई कि वे अध्यक्ष की ओर पीठ कर भाषण दे रहे हैं। इस पर अध्यक्ष बिरला ने भी कहा कि नियमों के मुताबिक उन्हें प्रतीक चिन्हों को नहीं दिखाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह तस्वीरें हमारी आस्था हैं और इस तरह से राहुल गांधी का उन्हें उठाना और तस्वीरों को रखना ठीक नहीं है।

## राहुल के लोक सभा में वक्तव्य पर प्रधानमंत्री ने किया हस्तक्षेप

### कहा-पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना गंभीर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि खुद को हिन्दू कहने वाले असल में हिन्दू नहीं हैं। खुद को हिन्दू कहने वाले सत्य और अहिंसा का पालन नहीं करते हैं। इस पर सत्ता पक्ष की ओर से विरोध किया गया। स्वयं नेता सदन और प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरे समाज को, हिन्दू समाज को हिंसक कहना बड़ा गंभीर मुद्दा है।नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लिया। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपने पहले भाषण में कांग्रेस नेता राहुल ने विभिन्न धर्मों के महापुरुषों और प्रतीकों की तस्वीर को आगे रखा। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों में अहिंसा और सत्य की बात कही गई है और कांग्रेस पार्टी व विपक्ष इन्हीं प्रतीकों पर आधारित अभय की बात करती है। उन्होंने सत्ता पक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि खुद को हिन्दू कहने वाले असल में हिन्दू नहीं हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हस्तक्षेप किया।प्रधानमंत्री मोदी के हस्तक्षेप के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि शोर-शराबा करके विपक्ष इतने बड़े वाक्य को छिपा नहीं सकता है। राहुल ने कहा कि अपने को हिन्दू कहने वाले हिंसा करते हैं। देश के करोड़ों लोग गर्व से खुद को हिन्दू कहते हैं। हिंसा को धर्म की भावना से जोड़ना गलत है। उन्हें अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी अभय की बात करते हैं। आपातकाल में क्या हुआ, दिल्ली में हजारों सिखों का कत्लेआम हुआ।इस पर राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरा हिन्दू समाज नहीं है। उन्होंने पूछा कि अयोध्या की धरती पर, भगवान राम की धरती पर भाजपा क्यों नहीं जीती।

## नए आपराधिक कानूनों को राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं - अमित शाह

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विपक्ष के इन आरोपों को कि तीनों नए आपराधिक कानून बिना चर्चा के पारित कर दिए गये, इसे पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा कि इन्हें राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं है।संसदीय शौध में केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने आज नए आपराधिक कानूनों पर पत्रकारवार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि करीब चार साल के विमर्श के बाद कानून लाया गया है और संसद की गृह मामलों की समिति में इस पर विस्तार से विचार किया गया। विपक्षी सांसदों सहित सदस्यों ने सुझाव दिए और कुछ राजनीतिक सुझावों को छोड़कर लगभग सभी सुझावों को इसमें शामिल किया गया है।

## विपक्ष का लोकसभा से बहिर्गमन

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत में आज विपक्ष ने लोकसभा का बहिर्गमन किया। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मांग की कि देश के करोड़ों युवा परीक्षा पत्र लीक होने की वजह से प्रभावित हैं। हम उन्हें सदन की ओर से संदेश देना चाहते हैं इसके लिए चर्चा कराई जानी चाहिए।इस पर उप नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि सदन नियमों से चलता है। नियमों से ऊपर भी एक स्वस्थ परंपरा है। उसका पालन किया जाता है। सदन में यह परंपरा रही है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बीच में किसी अन्य विषय पर चर्चा नहीं कराई जाती। उन्होंने विपक्ष से चर्चा में भाग लेने का अनुरोध करते हुए कहा कि धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के बाद चाहें तो नीट पर चर्चा कर सकते हैं।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला में कहा कि इस विषय पर चर्चा कराने का निर्णय लेने का अधिकार उनके और कार्यमंत्रण समिति के पास है। इस पर वह आगे निर्णय लेंगे। इस बीच विपक्ष ने यह मांग की कि अध्यक्ष आश्वासन दें कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के बाद चर्चा कराई जाएगी। आश्वासन नहीं मिलने पर विपक्ष ने सदन का बहिर्गमन किया।

## तीन नए कानून लागू



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देश में रविवार रात घड़ी पर बड़ी और छोटी सूई का कांटा ठीक 12 पर पहुंचते ही एक जुलाई की तारीख ने भारत की दंड संहिता में नया इतिहास लिख दिया। आज से देश में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए। तीन नए कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकी (एफआईआर) से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है।यही नहीं आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नए कानून में 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई है। शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है। इसी के साथ आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान किया गया है। शिकायत, समन और गवाही की प्रक्रिया में इलेक्ट्रानिक माध्यमों के इस्तेमाल से न्याय की रफ्तार तेज होगी।

# मेरा भाई हिन्दुओं का अपमान नहीं कर सकता

## ● बीजेपी के हमले के बीच प्रियंका गांधी ने किया राहुल का बचाव



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** लोकसभा में अपने भाई की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि राहुल गांधी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता आम तौर पर हिंदुओं के बारे में नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के बारे में बात कर रहे हैं।

प्रियंका गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी के साथ संसद भवन से बाहर निकलते हुए कहा कि वह हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते। उन्होंने भाजपा के बारे में बात की, उन्होंने भाजपा नेताओं के बारे में बात की।

## सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला में आतंवादियों के संदिग्ध सहयोगी को पकड़ा



**बारामूला ,एजेंसियॉ।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में आतंवादियों के एक संदिग्ध सहयोगी को पकड़ा है। पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने रविवार देर रात सोपोर में बोमई इलाके के माचीपोरा में एक संयुक्त चौकी स्थापित की थी।अधिकारियों ने कहा,''जांच के दौरान बोमई से माचीपोरा की ओर आ रहे एक वाहन को रोका गया। चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क दल ने उसे पकड़ लिया।'' उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान जिले के रफियाबाद इलाके के निवासी वहीद उल जहूर के रूप में हुई है।अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के वाहन से तुर्किये निर्मित दो पिस्तौल, तीन मैगजीन, 41 गोलियां, एक साइलेंसर, चीन निर्मित दो ग्रेनेड और आईईडी बनाने की सामग्री जब्त की गई है।

# मेधा पाटकर को 5 महीने की जेल

**▶▶ एलजी वीके सक्सेना से जुड़ा है मामला**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली की एक अदालत ने 1 जुलाई को सामाजिक कार्यकर्ता और नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) नेता मेधा पाटकर को वर्तमान उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराए गए दो दशक से अधिक पुराने आपराधिक मानहानि मामले में पांच महीने की कैद की सजा सुनाई। साकेत कोर्ट के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने 25 मई को सुश्री पाटकर को भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 500 के तहत आपराधिक मानहानि के अपराध के लिए दोषी ठहराया।वीके सक्सेना उस समय एक गैर सरकारी संगठन, नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज के अध्यक्ष थे। उन्होंने 2001 में मानहानि का मामला दायर किया था, जब उनके अनुसार पाटकर ने उनके द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उन्हें बदनाम किया था। एक टीवी चैनल पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और मानहानिकारक बयान जारी करने के आरोप में सक्सेना ने उनके खिलाफ दो मामले भी दर्ज कराए थे।मामले में पाटकर को दोषी ठहराते हुए, मजिस्ट्रेट अदालत ने कहा था कि सक्सेना के खिलाफ उनके बयान ÷न केवल मानहानिकारक थे, बल्कि नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए भी तैयार किए गए थे> अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि पाटकर की उम्र, स्वास्थ्य और सजा की अवधि को देखते हुए उन्हें कठोर कारावास की सजा नहीं दी गई।

## अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती दी, दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** दिल्ली की शराब नीति मामले में कथित भ्रष्टाचार को लेकर जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की कार्रवाई को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है।केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की है। साथ ही 26 जून के ट्रायल कोर्ट के आदेश को भी चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 3 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया था।मामले पर सुनवाई की तारीख अभी सामने नहीं आई है।रिपोर्ट के मुताबिक, अवकाशकालीन न्यायाधीश अमिताभ रावत ने 26 जून को मुख्यमंत्री को 3 के लिए सीबीआई हिरासत में भेजा था। उन्होंने कहा था कि इस स्तर पर गिरफ्तारी को अवैध नहीं कहा जा सकता।इसके 3 दिन बाद 29 जून को अवकाशकालीन न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने केजरीवाल को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया क्योंकि सीबीआई ने आगे की रिमांड नहीं मांगी थी।केजरीवाल अभी तिहाड़ जेल में बंद हैं।शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के तहत केजरीवाल पहले से जेल में बंद हैं। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। ईडी के मामले में केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से जमानत मिल चुकी थी, जिस पर है कोर्ट ने रोक लगा दी।

# दीदी का बंगाल महिलाओं के लिए असुरक्षित

**● महिला पिटाई वीडियो पर नड्डा ने घेरा**
**● टीएमसी ने पूछा-क्या मणिपुर गए थे?**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** उत्तरी दिनाजपुर जिले के चोपड़ा इलाके में कथित अवैध संबंधों को लेकर एक दंपति की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए आरोपी तजमुल उर्फ जेसीबी को गिरफ्तार कर लिया था। भाजपा ने आरोप लगाया कि आरोपी, चोपड़ा से विधायक हमीदुल इस्लाम का करीबी है। वहीं कूचबिहार में एक महिला को कथित तौर पर निर्वस्त्र कर उसे प्रताड़ित करने की घटना ने भी सुर्खियां बटोरी हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया ट्वीट करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल से एक भयावह वीडियो सामने आया है, जो उस क्ररूरता की याद दिलाता है जो केवल धर्मतंत्रों में मौजूद है। मामले को बदतर बनाने के लिए टीएमसी कैडर और विधायक इस कृत्य को उचित ठहरा रहे हैं। चाहे वह संदेशखाली हो, उत्तर दिनाजपुर हो या कई अन्य स्थान दीदी का पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए असुरक्षित है। टीएमसी नेता व मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि जेपी नड्डा दूसरे राज्यों पर नजर रखें तो अच्छा है। पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित है। थोड़ी बहुत घटनाएं यहां-वहां हो रही हैं लेकिन सरकार या पार्टी की ओर से हम इन घटनाओं का समर्थन नहीं कर रहे हैं... वे(जे.पी. नड्डा) क्या मणिपुर गए थे? महिलाएं हमारे साथ हैं जिसका प्रमाण वो इस चुनाव में दे चुकी हैं।

## लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि बने सेना के उप प्रमुख, पदभार संभाला

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को सेना उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। उन्होंने सोमवार को पदभार भी ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह अब तक लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के पद पर कार्यरत थे।जनरल ऑफिसर को दिसंबर, 1985 में गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया था। उन्होंने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी से स्नातक किया है। वे संयुक्त सेवा कमांड स्टाफ कॉलेज, ब्रैकनेल (यूके) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, नई दिल्ली के पूर्व छात्र हैं। ।

## जांच एजेंसियां उच्चतम न्यायालय को 'गुमराह' कर रही हैं-संजय सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आम आदमी पार्टी (आप) ने केंद्रीय जांच एजेंसियों पर उच्चतम न्यायालय को 'गुमराह' करने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया सोमवार को संसद परिसर में इसके खिलाफ प्रदर्शन करेगा।आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निचली अदालत द्वारा जमानत दिए जाने के बावजूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग की और उनकी जमानत पर रोक लगवा ली।उन्होंने दावा किया कि जब बाद में मुख्यमंत्री केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने वाली थी तो केंद्र सरकार ने उन्हें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार करवा दिया। सिंह ने कहा कि यह जांच एजेंसियों का घोर दुरुपयोग है।उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई दोनों के पास अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। संजय सिंह के इस दावे पर किसी भी जांच एजेंसी ने तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।सिंह ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया सोमवार को संसद में एजेंसियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा।

## नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा में किसी भी अभ्यर्थी को नहीं मिले पूरे अंक




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 की 23 जून को हुई पुनः परीक्षा (रीटेस्ट) का परिणाम घोषित कर दिया है। नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा देने वाले 813 अभ्यर्थियों में से किसी को भी पूरे अंक नहीं मिले, जिससे टॉपरों की संख्या 67 से घटकर 61 हो गई है।नीट अधिकारियों ने बताया कि एनटीए ने चयनित 1563 अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित की थी, जिन्हें शुरू में ग्रेस मार्क्स दिए गए थे, क्योंकि उन्होंने दावा किया था कि उन्हें परीक्षा के समय का नुकसान हुआ था।अधिकारियों ने बताया कि इस परीक्षा में 1,563 अभ्यर्थियों में से 813 ने दोबारा परीक्षा दी थी। जबकि दोबारा परीक्षा उन्हीं छह शहरों में आयोजित की गई थी, लेकिन यह अलग-अलग केंद्रों पर हुई।813 अभ्यर्थियों में से कोई भी 720/720 अंक प्राप्त करने में सफल नहीं रहा, जिससे टॉपर्स की संख्या 67 से घटकर 61 हो गई। छह अभ्यर्थियों में से पांच, जिन्हें पहले 720/720 का परफेक्ट स्कोर मिला था, 23 जून को दोबारा परीक्षा में शामिल हुए। हालांकि, उन्होंने 680 से ऊपर का उच्च स्कोर दोहराया।आंकड़ों के अनुसार, चंडीगढ़ से दो में से कोई भी उम्मीदवार परीक्षा में शामिल नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ से कुल 602 में से 291 छात्र, गुजरात से 1 छात्र, हरियाणा से 494 में से 287 और मेघालय के तुरा से 234 छात्र परीक्षा में शामिल हुए।

## बिभव कुमार की याचिका को हाई कोर्ट ने सुनवाई के योग्य माना

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के करीबी सहयोगी बिभव कुमार द्वारा स्वाति मालीवाल हमला मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने याचिका को सुनवाई योग्य माना। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने आदेश सुनाया जो 31 मई को फैसले के लिए सुरक्षित रखा गया था। दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया गया है। दिल्ली पुलिस ने याचिका पर नोटिस जारी करने का विरोध किया था.

# के कविता को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत नहीं

**● उत्पाद शुल्क नीति मामले में जमानत याचिका खारिज**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** भारतीय राष्ट्र समिति की नेता के कविता के लिए एक और झटका सामने आया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को सीबीआई द्वारा दायर उत्पाद शुल्क नीति मामले और ईडी द्वारा दायर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। हाई कोर्ट का फैसला उनकी न्यायिक हिरासत खत्म होने से दो दिन पहले आया है। इससे पहले 3 जून को दिल्ली कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी थी। तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के कविता को ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। ईडी ने उन पर %साउथ ग्रुप% का प्रमुख सदस्य होने का आरोप लगाया है, जिस पर राष्ट्रीय राजधानी में शराब लाइसेंस के बड़े हिस्से के बदले में आम आदमी पार्टी (आप) को 100 करोड़ रुपये की कथित रिश्वत देने का आरोप है। लाइसेंस 2021-22 के लिए अब समाप्त हो चुकी दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति के हिस्से के रूप में जारी किए गए थे। एजेंसी ने पहले कहा था कि कविता ÷दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले की मुख्य साजिशकर्ता और लाभार्थी में से एक थी÷।

उत्पाद शुल्क मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। 29 मई को राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मामले के संबंध में कविता और अन्य के खिलाफ दायर प्रवर्तन निदेशालय की पूरक अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) पर संज्ञान लिया। कविता और अन्य आरोपियों चनप्रीत सिंह, दामोदर, प्रिंस सिंह और अरविंद कुमार के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था।

बाद में, सीबीआई ने 7 जून को उनके और अन्य आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित है। आरोप है कि दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति में शराब कारोबारियों को लाइसेंस देने की बात कही गई है।

# नया कानून भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है- पुलिस कमिश्नर

## पुलिस आयुक्त द्वारा गणमान्य, संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त तरुण गाबा द्वारा सोमवार को थाना सिविल लाइन्स पर गणमान्य, संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गई जिसके तहत उन्होंने लागू किये गये नये आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम)-2023 के महत्वपूर्ण बदलाव के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए जागरुक किया गया।



उन्होंने बताया कि पुराने कानून ब्रिटिश राज्य के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए दण्ड पर आधारित थे, जबकि नये कानून न्याय पर आधारित हैं, जो भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रिबिम्बित करता है। नये आपराधिक कानूनों का मुख्य लक्ष्य ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो न केवल नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि कानूनी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है। सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित हो। कहा कि नये कानून में नागरिकों को मौखिक अथवा इलेक्ट्रानिक संचार का उपयोग किये बिना उस क्षेत्र पर विचार किये गये जहां अपराध किया गया है, एफआईआर दर्ज कराने एवं बिना देरी के एफआईआर की एक प्रति निःशुल्क प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता है तथा टेक्नोलाजी के दृष्टिगत दाण्डिक प्रणाली में आडियो, वीडियो एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को समाहित किया गया है। कानूनी जांच, पूछताछ एवं मुकदमे की कार्यवाही को इलेक्ट्रॉनिक रुप से आयोजित करने का प्राविधान है।

उन्होंने बताया कि आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सुलभ बनाया गया है। नागरिकों को अभियोजन पक्ष की सहायता के लिए अपना स्वयं का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त नगर, सहायक पुलिस आयुक्त सिविल लाइंस तथा प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस उपस्थित रहे।

## आसमान से बरसी धान की फसलों के लिए संजीवनी

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** सोमवार को सुबह नौ बजे से लगातार चार घंटे रूक-रूक कर हो रही लगातार बारिश से धान की फसल को संजीवनी मिल गई है । साथ ही उमस भरी गर्मी से भी राहत है । इन दिनों पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल पाने से पानी पीने की किल्लत बनी हुई है । जबकि नहरों में पानी पहले ही गायब था ।बारिश से फसलों को लाभ हुआ है । किसानों के मुताबिक इस तरह होती रहेगी तो निश्चित तौर पर धान की खेती अच्छी होगी । जबकि पहली वर्षा 22 जून को हुई थी । लेकिन इतना जल नहीं गिरा था ।

क्षेत्रीय किसान आशुतोष कुमार द्विवेदी, सुनील कुमार कुशवाहा, शांति प्रसाद सिंह पटेल, विनोद कुमार दुबे, शंकर दयाल तिवारी, शशि पांडेय, दुर्गा प्रसाद केशरी, अनील कुमार सिंह, राजेन्द्र प्रसाद केशरी बताते हैं कि फसलों में सही समय से पानी न मिल पाने से डाली गई धान की नर्सरी सूख रहे थे । बारिश हो जाने से सूख रही धान की फसल को लाभ मिला है ।

## राजर्षि टंडन की पुण्यतिथि पर कुलपति ने कर्मचारियों का किया सम्मान

### टंडन जी की स्मृति में मुक्त विश्वविद्यालय में एक माह तक होंगे विविध आयोजन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में राजर्षि टंडन जी की पुण्यतिथि पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने विश्वविद्यालय के 36 कर्मयोगियों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा विश्वविद्यालय के ये कुशल एवं अकुशल कर्मचारी अपने कठिन श्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय में अपना योगदान देते हैं। राजर्षि टंडन के स्मृति दिवस पर विश्वविद्यालय इन कर्मचारियों का सम्मान करके राजर्षि टंडन जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि व्यक्त करता है।



कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने इस अवसर पर घोषणा की कि राजर्षि टण्डन जी के जन्मदिन तक पूरे एक माह के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने आज से ही राजर्षि टंडन के नाम परिसर में एक पौधा लगाने की भी शुरुआत की।

मंचासीन विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता ने कहा कि राजर्षि टंडन हिंदी के सच्चे हिमायती थे। उन्होंने हिंदी को एक अलग पहचान दिलाई।

राजर्षि टंडन स्मृति दिवस के बारे में संयोजक प्रो.एस कुमार ने जानकारी दी एवं अतिथियों का स्वागत किया। इसके उपरांत राजर्षि टंडन जी के बारे में विश्वविद्यालय के शोध-छात्रों अंबुज पाण्डेय, दिलीप श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार, लवप्रीत, सुश्री नित्या, सुश्री शिवा, सुश्री सौम्या तिवारी एवं श्रीमती कौमुदी शुक्ला ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अगले चरण में विश्वविद्यालय के अध्यापकों डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, डॉ. सी के सिंह, प्रो. छत्रसाल सिंह, डॉ. देवेश रंजन त्रिपाठी, डॉ. अमित सिंह एवं डॉ. अतुल मिश्रा ने राजर्षि टंडन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में विचार व्यक्त किये।

स्मृति सभा का संचालन डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।

## इनरव्हील क्लब उदिशा की नई अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने संभाला कार्यभार

### इनरव्हील क्लब उदिशा और क्वींस का संयुक्त इंस्टालेशन सेरिमनी आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इनरव्हील क्लब इलाहाबाद उदिशा और क्वींस का संयुक्त इंस्टालेशन सेरिमनी सोमवार को एक होटल में आयोजित किया गया। इसमें उदिशा की नई टीम गठित हुई और शालिनी गुप्ता ने अध्यक्ष का कार्यभार संभाला।

कार्यक्रम की शुरूआत समारोह की मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि आशा अग्रवाल के दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। उनके साथ वाइस चेयरमैन प्रिया नारायण, एसी सुषमा अग्रवाल और डिस्ट्रिक्ट एडिटर शालिनी अस्थाना भी मौजूद रहीं।

उदिशा क्लब की गठित नई टीम की अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कार्यभार संभालने के साथ ही अपनी नई टीम की घोषणा भी की। इसमें सेक्रेटरी अपर्णा गुप्ता, कोषाध्यक्ष रेनुका गुप्ता, आईएसओ ममता गुप्ता और एडिटर प्रीति जायसवाल शामिल हैं। मंच से इन पदाधिकारियों के नामों की घोषणा भी की गई।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने उदिशा द्वारा किए गए सेवा कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि तीन छात्राओं की स्कूल की फीस जमा की गई, साइकिल, सिलाई मशीन, 101 जूते, 101 साड़ियां, आर्टिफिशियल लिंब्स, स्टेशनरी, स्कूल ड्रेस आदि वितरित किए गए। कार्यक्रम में क्लब की ओर से डॉक्टर्स डे भी मनाया गया। इसमें चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्लब की पूर्व अध्यक्ष सारिका राठौर, मोनिका, अमृता, वैशाली, संयुक्ता, वंदना, हेमा, रश्मि, निधी यशार्थ, शैली, गीता, श्वेता, स्वाति आदि मौजूद रहीं।

## वृक्ष हमको जीवन प्रदान करते हैं- डॉ शिखा दरबारी

### सखी वर्षा ऋतु में पेंड़ लगाना- डॉक्टर रश्मि शुक्ला



**प्रयागराज।** सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान ने ÷वर्षा ऋतु का स्वागत÷ कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी रहीं जिन्होंने कहा कि बीते दिनों में जो प्रचंड गर्मी थी उसे हमें भूलना नहीं है। एक पेड़ अवश्य सभी को इस वर्षा काल में लगाना है। पेड़ का क्या महत्व है यह हम सब अच्छी तरह जानते हैं। वृक्ष हमको और साथ में पशु पक्षी को जीवन प्रदान करते हैं। पर्यावरण को स्वच्छ निर्मल शीतल रखते हैं। फलदार वृक्ष लगाना अति उत्तम है, क्योंकि फलदार वृक्ष हमको वह पशु पंक्षी को आहार भी देते हैं और छाया भी प्रदान करते हैं।

संस्थान की अध्यक्ष समाज सेविका डॉ. रश्मि शुक्ला ने कहा कि वर्षा ऋतु में सबसे बड़ा लाभ यह है कि इस ऋतु में वृक्ष बहुत जल्दी लग जाते हैं और हमें मेहनत कम करनी पड़ती है। इसलिए आप सभी वृक्षारोपण अवश्य करें। वृक्ष हम सब को ऑक्सीजन, छाया, आहार, सब कुछ देते हैं। पक्षियों का बसेरा भी इन्हीं में बनता है इसलिए हम सभी को पौधा अवश्य लगाना है।

कार्यक्रम में नीरजा, नीलू, अर्चना, सोनम, विनीता, अनुपमा, एकता, श्वेता, श्रुति सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वर्षा ऋतु में आए सभी पावन त्योहार के लिए सब ने एक दूसरे को शुभकामना दी।

## राजकुमार सागर के जिला अध्यक्ष बनने पर खुशी



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष का चुनाव प्रयागराज में संपन्न हुआ। जिसमें फिर एक बार राजकुमार सागर को बहुमत से जिला अध्यक्ष चुन लिया गया। लेखपाल संघ की नियमावली के अनुसार संपन्न हुआ। इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश चंद्र यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश किशोर मिश्र,महामंत्री,जिला महामंत्री अवनीश पाण्डेय, उप मंत्री सफीक अहमद, कोषाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय, कोर्डिनेटर दुर्गा प्रसाद के बनने से समर्थकों में खुशी की लहर है। चुनाव अधिकारी के रूप में प्रदेश सह सचिव शिवराज सिंह, लालचंद्र श्रीवास्तव एवम भूपेंद्र सिंह उपाध्यक्ष मध्य जोन की उपस्थिति रही

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पूरे जिले में हुए विविध कार्यक्रम

### प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने कराया सहभोज, पीडीए पौध रोपड़ अभियान क़ा हुआ शुभारम्भ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद मा. अखिलेश यादव क़ा 51वां जन्मदिन जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया।पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पूलाल निषाद के संयुक्त तत्वावधान में केक काट कर एक दूसरे को खिलाया गया और अपने नेता के दीर्घायु होने की कामना की गई।नेता द्वय द्वारा पीपल क़ा पौधा रोपकर पीडीए पौधरोपण अभियान क़ा शुभारम्भ भी किया गया।इस मौके पर नेता द्वयने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जिस तरह जनता ने बड़ी जिम्मेदारी दी है हमलोग उस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिये बड़ी लगन और निष्ठां के साथ संगठन को मजबूत करते हुए जन जन तक पार्टी क़ा सन्देश पहुँचाने क़ा काम करेंगे। इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने पार्टी कार्यालय में सहभोज एवं संगम तट पर साधु संतों को भोजन कराकर अपने नेता के यशस्वी होने क़ा आशीर्वाद माँगा।कहा कि अखिलेश यादव ही गरीबों, किसानों, मजलूमों एवं मजबूरों के हितैशी है और सही मायने में भारत के हितैषी हैं। सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव की अगुवाई में परेड ग्राउंड में पार्टी के झंडो से चित्र उभारा गया जो अनूठा रहा। युवा नेता आदिल हमजा द्वारा फाफामऊ विधानसभा के मंसूराबाद में कार्यक्रम कर 51 जरुरत मंदों को साईकिल वितरित की गई।



सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रिपु सूदन यादव के नेतृत्व में हाईकोर्ट के पास स्थित डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने केक काटा गया एवं संविधान की उद्देशिका क़ा पुनरपाठ कर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा क़ा संकल्प लिया गया। आज के दिन जिले की सभी विधानसभाओं, टाउन एरिया, ब्लाक कार्यालय सहित प्रमुख बाजारों में सपा मुखिया अखिलेश यादव क़ा जन्मदिन मनाया गया।

इस मौके पर अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, डॉ मानसिंह यादव, श्रीमती विजमा यादव, श्रीमती गीता शास्त्री, हाजी परवेज अहमद, बासुदेव यादव, मुजतबा सिद्दीकी, नरेन्द्र सिंह, पंधारी यादव, डॉ राजेश यादव, दीनानाथ यादव, मंसूर आलम, शांति प्रकाश पटेल, राम अवध पाल, राम देव निडर, वजीर खां, मो.सलमान, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, सचिन यादव, हिमांशु सिंह, राम नीरजन विश्वकर्मा, सचिन श्रीवास्तव,मो सलमान आदि रहे।

## नए कानून लागू होने पर गोष्ठी आयोजित

**नैनी(प्रयागराज)।** आज एक जुलाई 2024 को पुराने कानून की स्थान पर नए कानून बीएनएस की धाराएं लागू करने सहित 03 नए कानून, भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संबंध में यमुनानगर स्थित औद्योगिक क्षेत्र थाना परिसर में डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में गोष्ठी आयोजित की गई।

जिसमे पुलिस कर्मियों को नए कानून के बारे में सविस्तार जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान पुलिस कर्मियों के अलावा स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी शामिल रहे। वहीं इस मौके पर एसीपी करछना संजय सिंह, थाना प्रभारी महेश मिश्र समेत कई लोग मौजूद रहे।

## विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान के युवा कलाकार हिमांशु तिवारी का एनएसडी में चयन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज की जानी - मानी नाट्य संस्था ÷विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान÷ के युवा कलाकार हिमांशु तिवारी का चयन ÷राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय,नई दिल्ली÷ में हो गया। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से ही नसीरुद्दीन शाह, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, आशुतोष राणा, पंकज त्रिपाठी, राजपाल यादव जैसे दिग्गज अभिनेता नाट्य शिक्षा प्राप्त कर आज हिन्दी सिनेमा जगत में एक बड़ा नाम हैं।

इससे पूर्व विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान के दो अन्य कलाकारों का भी चयन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में हो चुका है जिसमें अभी हाल ही में वीर सावरकर फ़िल्म में भगत सिंह का किरदार निभाने वाले ÷आमिर मालिक÷ ने संस्था में काम किया और वर्तमान में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से नाट्य शिक्षा प्राप्त कर रहीं ÷कविता यादव÷ ने भी विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान से साथ काम किया। हिमांशु तिवारी का न सिर्फ राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में बल्कि ÷भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ÷ में भी चयन हुआ है। इसके अलावा संस्था के एक और युवा कलाकार आशीष यादव का चयन हैदराबाद विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग में नाट्य विद्यार्थी के रूप में हुआ है।

विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान के अध्यक्ष अभिलाष नारायण व उपाध्यक्ष अजय मुखर्जी ने कहा कि इससे न सिर्फ विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान के सदस्यों का मान बढ़ा है बल्कि प्रयागराज शहर के कलाकारों का भी मान बढ़ा। श्री मुखर्जी ने कहा कि हिमांशु तिवारी का चयन शहर के कलाकारों में आत्म विश्वास बढ़ाने का काम करेगा।

यह जानकारी संस्था के सचिव आलोक रस्तोगी ने दिया।

## महिला प्रधान के अपमान पर बिफरे माण्डा के प्रधान

### कहा, आरोपी प्रमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई तो होगा आंदोलन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन की माण्डा इकाई ने चाका प्रमुख अनिल सिंह द्वारा संगठन की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नीलम पथिक के खिलाफ की गई अभद्रता पर गुस्सा जाहिर करते हुए, उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग दोहराई है। संगठन के माण्डा ब्लॉक के अध्यक्ष राजमणि द्विवेदी ने कहा कि यदि दलित महिला प्रधान को न्याय नही मिला तो प्रधान सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

विकास खण्ड माण्डा परिसर में सोमवार को अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन ने विकास खण्ड चाका के ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह द्वारा बलापुर ग्राम पंचायत की प्रधान नीलम पथिक के साथ किए गए दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए प्रमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग दोहराई है।संगठन के अध्यक्ष राजमणि द्विवेदी ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख को किसने अधिकार दिया कि वह प्रधान को अपने कार्यालय में बुलाकर जलील करें और अभद्रता की सारी सीमा पार कर दें।यदि कोई जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति इस तरह का व्यवहार पँचायत परिवार के साथ करता है तो निश्चित ही उसके रवैये पर सवाल उठना लाजिमी है।अध्यक्ष ने सवाल किया क्या किसी रसूख वाले पदाधिकारी के खिलाफ पुलिस कार्यवाई करने से बच रही है।यदि यैसा है तो कोतवाल नैनी पर भी सवाल उठेंगे।

बता दें कि प्रमुख चाका ने बलापुर के अमृत सरोवर की जेसीबी से खुदाई का आरोप लगाते हुए एक समाचार पत्र में बयान दिया था।

इस खबर पर बलापुर की प्रधान नीलम पथिक ने इस आरोप को नकारते हुए इसे साबित करने की प्रमुख को कि चुनौती दी थी।प्रधान के तेवर से खफा प्रमुख ने प्रधान को कार्यालय बुलाकर गाली गलौज कर दी।प्रधान ने नैनी कोतवाली में तहरीर देकर प्रमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्याय की मांग की थी।कोतवाल नैनी इस मामले में टालमटोल कर रहे है।कोतवाल के रवैये से प्रधान संगठन खफा है।इस मुद्दे पर जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से आवाज उठ रही है। कहा गया कि यदि न्याय नही मिला तो प्रधान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

माण्डा ब्लॉक परिसर के प्रदर्शन में अध्यक्ष राजमणि द्विवेदी, शान्ति पाण्डेय, राजकुमार, विमला देवी, कमलेश कुमार, विजय कुमार, बब्बू लाल यादव, राजभवन, शिव कली, निजाम अली, गणेश चन्द्र, प्रेम शंकर दूबे सहित कई लोग शामिल रहे।

## दीप जलाकर सयुस ने मनाया अखिलेश का जन्मदिन

### देश व समाज देखता है उनमें अपना भविष्य-नितेश तिवारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष नितेश तिवारी ने अपने लखनपुर स्थित आवास पर दीप जलाकर उनके दीर्घायु की कामना की। उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनकी लम्बी उम्र के लिए प्रभु से प्रार्थना किया।

नितेश तिवारी ने कहा की अखिलेश यादव गरीब किसान शोषित पीड़ित वंचित समाज के सच्चे हितैषी हैं। बतौर मुख्यमंत्री उन्होंने विकास की गंगा बहाई है, आज उसी का परिणाम है की जननायक के रूप में जाने जाते हैं। श्री यादव जनता के बीच सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गम्भीरता से आगे बढ़ा रहे हैं।हाल के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने उनकी सोच और वायदे पर मुहर लगाई है। देश और समाज को उनकी जरूरत है। ईश्वर उन्हें लंबी उम्र दें।

जिसमे मुख्य रूप से आकाश मिश्रा, रिशांशु यादव, अमन कुमार, विपिन पांडेय, राहुल यादव, शिवकुमार प्रजापति, पप्पू पासी, अंकित पाल, मोहम्मद जावेद, ओम नारायण विश्वकर्मा, रामदीन भारतीय आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता ने मायके में फांसी लगाकर दी जान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय थाना के खुटहना गांव में मायके में रह रही 35 वर्षीय एक विवाहिता केशरी देवी पत्नी दिनेश कुमार विश्वकर्मा रविवार को फांसी लगा कर जान दे दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चीर घर भेज दिया।बताया गया कि



मृतक केशरी देवी की फाइल फोटो

पति पत्नी में लंबे समय से मनमुटाव रहा।मृतका के एक बेटा अंश 7 और बेटी तनु 4 वर्ष की है।दिनेश कुमार की मानें तो उसकी पत्नी कुछ माह पूर्व शाहबाज पुर निवासी एक दलित के साथ भाग गई थी। मऊआइमा पुलिस ने उसे पकड़ कर थाने में समझौता करा दिया था।

उसके बाद से वह बच्चों के साथ पिता शिवमूर्ति विश्वकर्मा के घर रही रही थी।

## परिषदीय स्कूलों में टास्क फोर्स ने बच्चों का रोली टीका लगाकर कराया प्रवेश




**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** जिलाधिकारी के आदेश के तहत गठित ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स ने सोमवार को सभी परिषदीय स्कूलों में पहले दिन बच्चों का प्रवेश रोली टीका लगाकर प्रवेश कराया गया।कम्पोजिट विद्यालय बलईमई में खंड शिक्षा अधिकारी लालजी विश्वकर्मा ने लगभग 150 बच्चों को रोली टीका लगाकर विद्यालय में प्रवेश कराया। शर्मा ने बच्चों को चाकलेट भी वितरित किया।इसी प्रकार कमपोजिट विद्यालय दहियावा में सीडीपीओ विवेक सिंह तोमर,प्राथमिक विद्यालय होलागढ़ में बीडीओ होलागढ़, एआरपी फिरोज आलम ने बभनपुर और एआरपी गुंजन सिंह ने बालाडीह में बच्चों को स्कूल में प्रवेश कराया। बताया गया कि स्कूल में बच्चों का प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया। इससे बच्चो में स्कूल जाने और नामांकन कराने में बल मिलेगा। कमोवेश इसी प्रकार कमपोजिट विद्यालय हंसराजपुर में शिक्षक नेता राकेश मिश्र नगरहा सहित सभी एआरपी ने विभिन्न स्कूलों में बच्चों का प्रवेश कराया।

# कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र की हत्या कर देश में आपातकाल की घोषणा की- धर्मराज मौर्य

● सरस्वती शिशु मंदिर सिराथू में संगोष्ठी का हुआ आयोजन, जिलाध्यक्ष ने किया पौधरोपण
● आपातकाल और लोकतंत्र की हत्या- सुरेन्द्र त्रिपाठी






लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** विधान सभा सिराथू में 25 जून को आपातकाल व काला दिवस (आपातकाल और लोकतंत्र की हत्या) के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य विधान सभा सिराथू में भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे दुःखद व काला अध्याय आपातकाल पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र त्रिपाठी के विचारों को सुना, एवं एक वृक्ष मां के नाम बैठक उपरान्त सरस्वती शिशु मंदिर सिराथू में सम्मानित पदाधिकारिगणों के साथ वृक्षारोपण किया गया। एवं मंच का संचालन कार्यक्रम संयोजक राकेश पाण्डेय ने किया साथ ही साथ जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि आज ही के दिन 49 वर्ष पूर्व 25 जून 1975 मे तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र की हत्या कर देश में आपातकाल की घोषणा की थी जो भारतीय इतिहास का सबसे काला दिन था इसलिए भारतीय जनता पार्टी इस दिन को काला दिन से याद करती है और इसी संगोश्ठी मे पार्टी कार्यलय मंझनपुर मे आज आपातकाल काल खण्ड की स्मृति को याद कर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया साथ हीमुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष आशीष केशरवानी जी, सिराथू ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य भोलेशंकर कुशवाहा जी, डा0 नीतू कनौजिया जी, ज्योति केषरवानी जी, शेखर पांडेय जी, बब्लू गर्ग जी, षौर्य मिश्रा जी, सुरेन्द्र मिश्रा, ओमप्रकाश पासी, जितेन्द्र साहू सत्यम केसरवानी विनय पाण्डेय एवं जिले के सभी पदाधिकारीगण समस्त मंडल अध्यक्ष एवं सैकड़ो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# सराय अकिल थाने में पीस कमेटी की हुई बैठक, कई गांव के लोग बैठक में हुए शामिल



लोकमित्र ब्यूरो

**सराय अकिल, कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना परिसर में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा पर्व को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक हुई जिसमें कई गांव के लोग शामिल हुए , इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने सम्भ्रांत लोगों के साथ रूबरू होते हुए कहा कि मोहर्रम व कांवर यात्रा में जो भी समस्याएं हो तुरंत अवगत कराये,आगामी पर्व को शांति पूर्वक ढंग से मनाने की अपील की।

पीस कमेटी की बैठक के दौरान इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस ने अभी से ही शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया गया है। यदि कोई असामाजिक तत्क सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो ऐसे उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी बीट सिपाही और हल्का दरोगाओं को निर्देशित किया ,इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने कहा कि अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके ग्राम प्रधान व सम्मानित नागरिक वपुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल देवीगंज द्वारा नवागत थानाध्यक्ष का किया गया स्वागत-सम्मान



**कड़ा, कौशाम्बी।** व्यापार मंडल देवीगंज द्वारा सोमवार को नवागत थानाध्यक्ष कड़ाधाम का जोरदार स्वागत सम्मान किया गया।नगर अध्यक्ष नीरज साहू की अगुवाई में व्यापार मंडल देवीगंज के पदाधिकारियों ने नवागत थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह को पुष्पगुच्छ देकर व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत करते हुए उनका मुंह मीठा कराया और उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।नवागत थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए व्यापारियों को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।इस अवसर पर मोनू मोदनवाल, खुरशेद अहमद, श्यामू अग्रहरि, होरीलाल अग्रहरि, अमित केशरवानी, बब्लू सोनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# कौशाम्बी ब्लाक में पहली बारिश में गांव के विकास की पोल खोल तालाब बने आम रास्ते



लोकमित्र ब्यूरो

**अवाना आलमपुर, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के 57 ग्राम पंचायतों में देखा जाय तो पहली बारिश में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी 2023- 24 में बनी नालिया जो पहली बारिश में पोल खोल कर रख दिया विकाश खंड कौशाम्बी से लगा ग्राम पंचायत बारा में मेन रोड निर्माणाधीन फोर लेन सड़क के खुदाई के कारण बारिश में भरा दो फुट गंदा पानी वहीं के दुकानदारों का कहना है कि पहले फोरलेन सड़क की खुदाई और अब बारिश का भरा पानी से रोजी रोटी को मोहताज होते जा रहे है जबकि खंड विकास अधिकारी से लेकर ग्राम विकास अधिकारी के साथ साथ जन प्रतिनिधियों का प्रतिदिन ब्लाक जाना जाना रहता है लेकिन जब पहली बारिश में यह हाल है तो आगे क्या होगा ।इसी प्रकार कोसम खिराज के मजरा जोगापुर में देखा जाय तो कोटेदार की तरफ जाने वाला रास्ता में पानी निकासी न होने से पानी भरा रहता है जिससे लोगो को निकलने में काफी दिक्कत होती है वहीं कोसम इनाम में पिछले वर्ष बनी नाली में आगे जल निकासी न होने से थाना कौशाम्बी के पास जल भराव बना रहता है तो मेडुआ सलेमपुर में कुलदीप वर्मा ने बताया कि मुलायमपुर में जल भराव से आना जाना दुश्वार हो गया

ग्रामपंचायत नदौली के नगरेहा कला में गांव घुसते ही भरा रहता है गंदा पानी इस प्रकार से लगभग सभी ग्राम पंचायतों में देखा जाय तो हर एक ग्रामपंचायत में स्वछता अभियान के तहत सरकारी धन के नाम पर खूब नाली और इंटरलॉकिंग के नाम पर धन खर्च किया गया जहां देखा जाय तो सरकार द्वारा संचारी रोग को रोकथाम के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाता है लेकिन सरकार के मंशा के अनुरूप सब देखा जाय तो गांव की हकीकत सामने आ जायेंगी जिसमे विकाश खंड के मौजूद अधिकारियों को फसना तय है अब लोगों का कहना है कि इस समस्या का कब समाधान होगा या फिर राम भरोसे चार माह बारिश के काटेंगे यह बड़ा सवाल है।

# समाजवादी पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री का मनाया गया जन्म दिवस



**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर पीडीए के तहत पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव ने की। उन्होंने बताया कि पीडीए के तहत जनपद में 01 जुलाई से 07 जुलाई तक बृहद पौधारोपण कार्यक्रम पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष विभा यादव, प्रदीप चौधरी, कैलाश केशरवानी, गुलाम हुसैन, सुशील कुमार, गोलू, कुशल पटेल, जेके यादव, अनुराधा यादव, अनीता, कौशल, अनुज विश्वकर्मा, जितेंद्र यादव, विनीत सिंह, विक्की साहू, अभिषेक पांडे, आनंद मोहन, संजीव सरोज, भारत सिंह लोधी आदि मौजूद रहें।

# मोहर्रम को लेकर सैनी थाना में हुई पीस कमेटी की बैठक





● शांतिपूर्ण ढंग से मनाए त्योहार- एसडीएम

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली परिसर में आगामी त्योहार मोहर्रम के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में दोनों समुदायों के लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। वही ताजियेदारों से कहा गया कि जिस रूट पर ताजिये निकलते हैं वहीं से निकाले।

सैनी कोतवाली में सोमवार को मोहर्रम पर ताजियों के जुलूस में शांति एवं सुरक्षा के मद्देनजर थाना परिसर में एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें एसडीएम सिराथू ने हिंदू मुस्लिम समाज के लोगों को मोहर्रम पर शांति बनाए रखने के साथ निर्धारित स्थानों से होकर ही ताजिया जुलूस निकालने के निर्देश दिए । क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा की बिना परमिशन के डी जे व लाउड स्पीकर नही बजाए जायेंगे , साथ ही उन्होंने कहा की शांति व्यवस्था भंग करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी , कोई समस्या है तो सीयूजी नंबर पर अवगत कराए । थाना प्रभारी जयचंद्र शर्मा ने कहा कि मोहर्रम पर शांति के माहौल में निर्धारित मार्गो से होकर ही अलम एवं ताजिए के जुलूस निकाले जाएं। उन्होंने मौजूद लोगो की समस्याओं को सुनते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही शांति पूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने की अपील किया। इस मौके पर थाना प्रभारी जयचंद्र शर्मा के साथ अतिरिक्त निरीक्षक अयोध्या प्रसाद , उपनिरीक्षक अरुण कुमार मौर्य , आलोक राज , गिरजा शंकर , नंदू यादव , रघुराज , मनोज जायसवाल व ग्राम प्रधान अमरनाथ , सरोज कुमार , सिद्दिक हसन उर्फ अंबर , शाहिद अहमद , राम नरेश , मो हासिम , जे पी मौर्य , हबीब उल्ला सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मुहर्रम के दृष्टिगत ताजियादारों संभ्रांत व्यक्तियों के साथ थानों में हुई मीटिंग

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना प्रभारी सराय अकिल थाना महेवाघाट द्वारा आगामी त्योहार मुहर्रम के दृष्टिगत ताजियादारों संभ्रांत व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु भरोसा दिलाया गया तथा त्योहार को शान्ति सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। इसी तरह अन्य थाना क्षेत्र में भी थाना पुलिस ने स्थानीय ताजियादारो और सभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है बैठक के दौरान पुलिस ने कहा कि यदि किसी से शांति व्यवस्था के खतरा का अंदेशा है तो पुलिस को बताया जाए उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पिपरी, सैनी, संदीपनघाट थाने की आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक पिपरी, सैनी, संदीपनघाट थाने मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## नौ आरोपियों का हुआ चालान

कौशाम्बी। 01 जुलाई 2024 की मध्य रात्रि से भारतीय संसद द्वारा पारित 03 नए कानून भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 पूरे भारतवर्ष में लागू होने पर जनपद कौशाम्बी के थाना संदीपनघाट पर प्रथम अभियोग भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 115 (2) ,351(2), 352 में पंजीकृत किया गया है तथा थाना चरवा, थाना कोखराज, थाना सैनी व थाना कड़ाधाम पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा में नौ आरोपियों का चालान न्यायालय किया गया।

# कादीपुर स्कूल में सीडीओ ने नवप्रवेशी बच्चों का टीका लगाकर किया स्वागत




लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, कौशाम्बी।** एक जुलाई को परिषदीय स्कूलों में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करने के शासन के आदेश पर सोमवार को सिराथू ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय कादीपुर में स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के मुख्य विकास अधिकारी डा रवि किशोर त्रिवेदी ने स्कूल में सर्व प्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया उसके बाद नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत उन्होंने रोली और चंदन का टीका व माला पहनाकर कर किया इसके साथ ही बच्चों को पेंसिल बाक्स देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थित निरंतर रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान राम मिलन से स्कूल द्वारा अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजे गए पैसों का बच्चों के ड्रेस, जूता, मोजा, बैग, स्टेशनरी के लिए उपयोग करने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा और खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव भी उपस्थित रहे। स्कूल की प्रधानाध्यापिका सविता देवी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्कूल के अन्य शिक्षक सुधा गौड़, मनमोहन सिंह चौहान, उमेश दत्त, आलोक पांडेय, अमन, अखिल, अंशुमान, पंकज और पूजा सिंह उपस्थित रहे।

# व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि के दूसरी बार निर्वाचित होने पर व्यापारियों ने किया स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि के दूसरी बार निर्वाचित होने के बाद अपने गृह जनपद कौशाम्बी आगमन पर जिले के व्यापारी जनपद की सीमा से देवीगंज, सैनी, सिराथू, मंझनपुर, भरवारी बाजार में जगह जगह पर माला फूल पहना कर स्वागत किया। साथ में नव निर्वाचित प्रान्तीय मंत्री नरोत्तम केसरवानी प्रान्तीय संगठन मंत्री पुष्पेन्द्र केसरवानी का भी जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन हुआ व्यापारीयो में हर्ष है कि जनपद से तीन व्यापारीयो को प्रदेश संगठन में भागीदारी मिली इससे हमलोगो को व्यापार मण्डल के माध्यम से सुरक्षा ,संरक्षण एवं रोजगार बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। प्रान्तीय वरिष्ठ महामन्त्री ने स्वागत सम्मान समारोह में व्यापारीयो को मंझनपुर नगर पालिका में सम्बोधित करते हुए कहा व्यापार मण्डल हमेसा व्यापारिक हितों के लिए संघर्ष करता रहा है आगे भी यह जारी रहेगा , देश में सात करोड़ व्यापारी पंजीकृत है जो सात करोड़ लोगों को रोजगार मुहैया कराता है उनके परिवार की संख्या को जोड़ दिया जाए तो 70 करोड़ जनता को भोजन संसाधन व्यवस्था करने की जिम्मेदारी लेता है इसीलिए व्यापारीयो को 5 प्रतिशत विधानसभा , 5 प्रतिशत लोकसभा में आरक्षण मिलना चाहिए जिससे व्यापारी नेता विधानसभा एवं लोकसभा की सदन में व्यापारीयो की बात को रख सके। पंजीकृत व्यापारी को दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़ा कर 20 लाख किया जाए, 10 लाख का स्वास्थ बीमा दिया जाए व्यापारीयो को पेन्शन 3000 से बढ़ाकर 30000 किया जाए जी एस टी एवं आयकर विलम्भ में जमकर जो 18 प्रतिशत ब्याज लिया जाता है उसको घटाकर 6 प्रतिशत लिया जाए क्यूकी राष्ट्रीयकृत बैंक 5.5 प्रतिशत से अधिक ब्याज नही देती है। इस मौके जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी जिला महामंत्री प्रमोद साहू, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम केसरवानी, नगर पंचायत सिराथू चेयरमैन भोला यादव, पूर्व चेयरमैन भरवारी गंगा प्रसाद केसरवानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अग्रहरि समाज सुरेश अग्रहरि, नगर अध्यक्ष देवीगंज नीरज साहू, नगर महामंत्री देवीगंज खुर्शीद अहमद ,नगर कोषाध्यक्ष देवीगंज श्यामू अग्रहरि, नगर अध्यक्ष अझुवा रमेश अग्रहरि , नगर महामंत्री अझुवा राकेश केसरवानी, नगर कोषाध्यक्ष अझुवा अनिल अग्रहरि, शिवकोटी अग्रहरि ,राहुल अग्रहरि ,दीपक साहू ,विक्की केसरवानी ,सार्थक अग्रहरि , नगर महामंत्री सिराथू तनु केसरवानी ,नगर कोषाध्यक्ष सिराथू धीरेन्द्र केसरवानी, युवा अध्यक्ष सिराथू सचिन केसरवानी ,नगर अध्यक्ष मंझनपुर अंशुल केसरवानी, नगर महामंत्री मंझनपुर जय नारायण मोदनवाल, नगर कोषाध्यक्ष मंझनपुर अभिषेक गुप्ता , नगर अध्यक्ष भरवारी वीरेन्द्र केसरी, नगर महामंत्री भरवारी राजेश अग्रहरि, गौरव केसरवानी मोनू, नगर कोषाध्यक्ष भरवारी अखिलेश कौशल , श्रीकृष्ण केसरवानी, मनीष रस्तोगी, प्रदुमं नारायण , जगदीश शिवहरे , घनश्याम केसरवानी, मोहित रस्तोगी, जगदीश बाबा जी, सुशील केसरवानी, भीम चंद्र, संतोष जी , विवेक केसरवानी , भूपेन्द्र कुमार श्यामू , नीरज केसरवानी, उमेश कुमार बड़का , नीरज कौशल नगर अध्यक्ष मनौरी सुधीर केसरवानी , नगर महामंत्री मनौरी प्रदीप गुप्ता ,उमेश कुमार , नगर कोषाध्यक्ष मनौरी नीरज कुमार , अंकित केसरवानी , अनिल केसरवानी , करारी से भाजपा प्रत्याशी बृजेश अग्रहरि, अवधेश अग्रहरि नीरज , विवेक अग्रहरि , पश्चिम सरीरा अध्यक्ष विपिन केसरवानी , पश्चिम सरीरा महामंत्री प्रतीक मोदनवाल ,पश्चिम सरीरा कोषाध्यक्ष हरि नारायण केसरवानी , कुलदीप त्रिपाठी कुमियाहाँ ,ओसा मंडी अध्यक्ष नेम चन्द्र अग्रहरि , ओसा मंडी महामंत्री रंजीत केसरवानी , ओसा मंडी कोषाध्यक्ष रामबाबू केसरवानी , ओसा मंडी युवा अध्यक्ष प्रमोद केसरवानी , ओसा मंडी महामंत्री दिनेश अग्रहरि , ओसा मंडी कोषाध्यक्ष गौरव जयसवाल , दिनेश अग्रहरि , ओसा चौराहा अध्यक्ष अमित सोनकर , नगर अध्यक्ष सरायअकील राकेश अग्रहरि ,नरेश चंद्र जयसवाल , सराय अकील महामंत्री संदीप केसरवानी , सरायअकील कोषाध्यक्ष राकेश केसरवानी सहित जिले के प्रत्येक बाजार से भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# चार वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक छोटेलाल सरोज मय हमराह पुलिस बल द्वारा कोढ़ऊ लोध, पीताम्बर, लल्लू निवासीगण जमदुआ थाना करारी को गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी रमेश कुमार निवासी गुवारा तैय्यबपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 113 वाहनों का ई-चालानकिया गया तथा 01 वाहन से 500 रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 11 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 02, थाना चरवा से 01, थाना कोखराज से 02, थाना सैनी से 04, थाना कड़ाधाम से 02) कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## जिला पंचायत की बैठक 06 जुलाई को

**कौशाम्बी।** अध्यक्ष, जिला पंचायत कल्पना सोनकर की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक 06 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे रत्नावली सभागार, मंझनपुर में आहूत की गई हैं। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी,जिला पंचायत ने देते हुए जनप्रतिनिधियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से बैठक मेंससमय प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

संक्षिप्त खबरें

## यूथ एवार्ड हेतु 15 सितम्बर तक करें आवेदन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड (व्यक्तिगत श्रेणी) से सामाजिक कार्यों में रूचि रखने वाले प्रदेश के श्रेष्ठतम 10 युवाओं को पुरूस्कृत किया जाता है। उन्होने राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड के पात्रता के सम्बन्ध में बताया है कि सम्बन्धित युवा को उत्तर प्रदेश का नागरिक होना अनिवार्य है, वह 15 से 35 वर्ष की आयु के बीच होना चाहिये जिसका निर्धारण वर्ष 01 जनवरी को नामांकन के समय के अनुसार होगा, उसके द्वारा विगत 03 वर्षो में निर्धारित क्षेत्रों में पहचान योग्य कार्य किया गया हो, पुरस्कार जीवनकाल में एक बार प्रदान किया जायेगा। किसी सरकारी सेवा में अर्थात् केन्द्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों/कालेज आदि में कार्यरत व्यक्ति पुरस्कार पात्र नहीं है। उन्होने बताया है कि राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर 2024 निर्धारित की गयी है।

उन्होने बताया है कि राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड हेतु राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र तथा खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबन्धन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढ़ावा देना, पर्यटन, पारम्पारिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने है।

## अवैध खनन रोकने पर दबंगों ने युवक को जान से मारने का किया प्रयास

**उदयपुर, प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे बरियार अलावलपुर निवासी अतुल सिंह पुत्र मनोज सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि शनिवार रात लगभग ग्यारह बजे अपने समरसेबल से धान की रोपाई के लिए खेत भर रहा था ।बगल में गांव के बब्लू पुत्र उदयपाल सिंह तालाब से जे,सी,बी द्वारा खुदाई कर ट्रैक्टर से मिट्टी ले जा रहे थे ।इसी बीच किसी ने पुलिस को फोन पर सूचना दिया। पुलिस द्वारा कार्य रोकवाने पर उक्त लोग हम पर शक कर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे और कहा कि तुम ही पुलिस को फोन किए हो। विवाद हो ही रहा था की बब्लू सिंह ने अपने दोस्त आदित्य पुत्र बब्लू निवासी अज्ञात, पंकज सिंह पुत्र विजयपाल सिंह,शिवम सिंह उर्फ डाक्टर पुत्र राज कुमार निवासी गण कुसौली थाना उदयपुर बब्लू सिंह पुत्र उदयपाल सिंह निवासी अलावलपुर, अभिषेक विक्रम सिंह उर्फ बंटी पुत्र पप्पू सिंह निवासी बेवल थाना नसीराबाद रायबरेली को बुला लिया । इसके बाद लात,जूता लाठी डंडे से मारने पीटने लगे । मुझे जबरन बाइक पर बिठा कर आदित्य सिंह के घर ले गए और वहां जान से मारने की नियत से गले को गमछा से कस दिया । इतने में पुलिस आ गई जिससे मेरी जान बची स इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए । पुलिस ने जाँच कर सभी अरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है ।

## चोरी की 2 मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**पुलिस टीम नें चौकी सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत चाँदमारी चौराहा के पास से चोरी की 2 मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया।अभियुक्त द्वारा जालसाजी कर मोटर साइकिल का नंबर प्लेट बदल दिया गया था।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिव नारायण वैश के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी नगर के नेतृत्व में दिनांक 30.06.2024 समय 20.00 बजे को थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 सतीश कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम नें चौकी सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत चाँदमारी चौराहा के पास 01 अभियुक्त रामप्रकाश वर्मा उर्फ मुन्ना पुत्र भगेलू वर्मा निवासी चकवनतोड़ थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की 02 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया, उक्त बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर मे मु0अ0सं0 360,2024 धारा 411, 465 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

## हत्या के प्रयास प्रकरण में 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** महेशगंज पुलिस टीम नें थाना क्षेत्रान्तर्गत हीरागंज कुण्डा रोड़ पर ऐधा मोड़ के पास से हत्या के प्रयास के प्रकरण में 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे

अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी महेशगंज के नेतृत्व में दिनांक 01.07.2024 को समय 12.05 बजे थाना महेशगंज के उ0नि0 श्री जयकिशुन यादव, उ0नि0 शिवपाल सिंह मय हमराह का0 प्रिंस सेन, का0 वीरपाल सिंह द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 191ध्2023 धारा 1307, 308, 323, 504, 506, 352 भादवि से संबंधित 02 वांछित अभियुक्त, 1- संतराम सरोज पुत्र सुत्ती सरोज 2- आशीष सरोज पुत्र संतराम सरोज निवासीगण माघी चौनगढ़ थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र महेशगंज के हीरागंज कुण्डा रोड़ पर ऐधा मोड़ के पास गिरफ्तार किया गया ।दिनांक 04.11.2023 को आवेदिका के ससुरालीजन निवासी माघी चौनगढ़ थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को उनके पड़ोसी द्वारा एकराय होकर मारपीट गाली- गलौज व धमकी देने के प्रकरण में दिनांक 04.11.2023 को थाना महेशगंज में मु0अ0सं0 191,2023 धारा 307, 308, 323, 504, 506, 352 भादवि बनाम 04 नामजद अभियुक्त का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

## एमडीपीजी में चला वृक्षारोपण कार्यक्रम




**प्रतापगढ़।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत एमडीपीजी कॉलेज परिसर में सोमवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का विशेष सहयोग रहा। उक्त कार्यक्रम में एमडीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद मिश्र, प्रो. पीके सिंह, डॉ अरविंद मोहन ओझा, डॉ डीके पांडे, एसबीआई प्रतापगढ़ के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार पांडे, मुख्य प्रबंधक अविनाश सिन्हा, गुंजन कुमार, सुलभ यादव, मनोज सिंह, विजय पांडे आदि उपस्थित रहे।

# सेवा के हर क्षेत्र मे लायंस क्लब की सहभागिता - सी. एम. ओ.

**● लायंस क्लब हर्ष, शक्ति और अवध के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया चिकित्सक सम्मान दिवस**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब हर्ष, शक्ति तथा अवध के संयुक्त तत्वावधान में आज सीएमओ कार्यालय के सभागार में डॉक्टर्स डे का सफल आयोजन हुआ ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जी. एम. शुक्ला ने लायंस क्लब के सेवा कार्य को सराहते हुए कहा लायंस क्लब हर्ष ,शक्ति तथा अवध ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डा.विधान चंद्र राय के जन्म दिवस पर डाक्टर्स डे का आयोजन कर पुनीत कार्य किया है । लायंस क्लब सेवा के हर क्षेत्र में भागीदारी करता है चाहे वह चिकित्सा का क्षेत्र हो, चाहे बाढ़ या महामारी का हो प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करता है।

कार्यक्रम का संचालन लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष संतोष भगवन ने किया। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब एक इंटरनेशनल संस्था है लायंस क्लब सेवा के क्षेत्र में शासन तथा प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग देता है ।आज चिकित्सा दिवस पर 15 से अधिक चिकित्सकों को अंग वस्त्र माला पहनकर एवं




प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.जी एम शुक्ला, ए.सी. एम. ओ. डा. ए. एन. राय ,डिप्टी सी.एम.ओ. डा. राजेश कुमार,डा. शकील हैदर,पूर्व सीएमएस डा. पी. पी.पांडे, डाक्टर आर. डी. द्विवेदी,डॉ विवेक त्रिपाठी,हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन कुमार, राज शेखर जिला कार्यक्रम अधिकारी, डाक्टर एस एस गुप्ता,डा. अर्वंतिका पांडे,डा. शशि प्रभा गुप्ता,डा. कामायनी उपाध्याय,वंदना जायसवाल, डॉक्टर सुष्मिता ,डॉक्टर अंजली डॉ संदीप सक्सैना,डॉ आजाद शामिल रहे।

इस अवसर पर लायंस क्लब हर्ष के प्रशासक लायन के. बी. सिंह, अध्यक्ष संतोष भगवन ,सचिव डॉ क्षितिज श्रीवास्तव,कोषाध्यक्ष आर. बी. सिंह, लायन अरविंद सिंह और राजेश बहादुर पाल लायंस क्लब शक्ति की अध्यक्ष प्रमिला शुक्ला, सचिव डॉ अर्वंतिका पांडे, निदेशक अनीता पांडे,कोषाध्यक्ष मनप्रीत कौर,उपाध्यक्ष पिंकी दयाल लायंस क्लब अवध के अध्यक्ष संतोष पांडे, अनिल प्रताप त्रिपाठी,उमाकांत ओझा,राम कुमार पांडे, राजेंद्र शुक्ला, पंकज शुक्ला, नीलेश मिश्रा, डा ए.के.सिंह, विनय शर्मा, उदय मिश्र आदि लोगो के सहयोग से चिकित्सा दिवस का सफल आयोजन हुआ। अंत में संतोष पांडे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## घर में घुसकर युवती पर किया जानलेवा हमला

**उदयपुर, प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे गिरजा आहर बीहर गांव निवासिनी सहिमा सिंह पत्नी नरसिंह बहादुर सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि 26 जून को शाम लगभग सात बजे गांव के अभय प्रताप सिंह ने मेरी लड़की निधी सिंह से अभद्रता किया। जब मेरी लड़की ने विरोध किया तो गाली गलौज करने लगे स सूचना पर उनके भाई उदय प्रताप पुत्र वीरेंद्र सिंह, सर्वेश पुत्र अमित सिंह, आनंद सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह राजेंद्र पुत्र राम दुलारे सिंह एक राय होकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए घर पर ईट पत्थर फेंकने लगे ससाथ ही घर में घुसकर मेरी लड़की पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसे गम्भीर चोटें आई हैं। अंत में जान से मारने की नियत से गला दबा दिया, जिससे मेरी लड़की बेहोश होकर गिर पड़ी । हल्ला गुहार लगाने पर पड़ोसी आए तो बीच बचाव किया ।अंत में धमकी देते हुए चले गए ।पुलिस ने जाँच कर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है।

## ब्रह्मदेव जागरण मंच का मनाया गया स्थापना दिवस

**▶▶ समाजिक निःस्वार्थ सेवा के लिए मंच का हुआ है गठन - अशोक शुक्ला**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** ब्रह्मदेव जागरण मंच का स्थापना दिवस पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय चौराहा स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में पूरे विधि विधान से मनाया गया । सर्वप्रथम सुंदरकांड का पाठ करते हुए उपस्थित पदाधिकारी ने कहा कि समाज में धर्म की हानि न होने पाए इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर धर्म का प्रतिकार करना होगा ।

इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री पूर्व डीआईजी पंडित अशोक कुमार शुक्ला ने कहा कि इस संगठन की स्थापना ही सामाजिक निःस्वार्थ सेवा के लिए हुआ है जो हर समय धर्म प्रकृति व गरीब असहाय पीड़ित परिवार की मदद के लिए तत्पर रहता




है । इस मौके पर संगठन से प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी एडवोकेट ने कहा मंच के माध्यम से वर्ष भर गरीब असहाय की सेवा स्वास्थ्य शिविर वृक्षारोपण कार्य के साथ सनातन धर्म संस्कृति उत्थान विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से सक्रिय योगदान किया जाता है । कहां की जनपद में वैसे तो ब्राह्मण संगठन कई रहे लेकिन अधिकांश सिर्फ बड़े राजनीतिक चेहरों पर छुपे हुए एजेंडे काम करते हैं । किंतु ब्रह्मदेव जागरण मंच में कभी भी किसी भी राजनीतिक दल अथवा नेता का समर्थन नहीं किया ।

इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष पंडित श्री प्रकाश दुबे ने आगामी 25 जुलाई से 15 सितंबर तक चलने वाले ब्रह्मदेव जागरण मंच धरती हरा भरा बनाओ अभियान पर सभी पदाधिकारी से बढ़कर सहयोग दिए जाने का संकल्प क साथ सहयोग मांगा । इस मौके पर प्रदेश महामंत्री पंडित वज्र घोष ओझा जिला महामंत्री श्याम शंकर दुबे जिला उपाध्यक्ष धर्मराज पाठक जिला संगठन मंत्री उमेश कुमार मिश्रा नगर अध्यक्ष पंडित राजेश नारायण मिश्र नगर उपाध्यक्ष रमापति मिश्र नगर महामंत्री सदाशिव पाण्डेय राकेश कुमार मिश्र विजय राज ओझा प्रभाकर पाण्डेय मिहिर पाण्डेय सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित है ।

## जबरन खंभा गाड़ने की शिकायत को उर्जा मंत्री ने लिया संज्ञान

लोकमित्र ब्यूरो

**रखहा,प्रतापगढ़।** किसान की भूमि में जबरन खंभा गाड़ने की शिकायत जब मुख्यमंत्री उर्जामंत्री तथा बिजली विभाग के अध्यक्ष सहित अन्य अधिकारियों को ट्विटर के माध्यम से की गई तो उर्जामंत्री ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अधिशासी अभियंता से जवाब तलब किया है । पीड़ित किसान का कहना है कि मात्र एक खंभा गाड़ देने से लाइन चालू हो जाती किंतु खेत के स्थगन आदेश के बावजूद कर्मचारियों ने जबरदस्ती खंभा गाड़कर न्यायालय की अवमानना की है ।

दिलीपपुर विद्युत उपकेंद्र के पिपरी खालसा निवासी रवि कुमार द्विवेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ऊर्जामंत्री तथा विद्युत विभाग के अध्यक्ष सहित अन्य अधिकारियों को ट्वीटर कर बताया कि उनके खेत का स्थगन आदेश न्यायालय से प्राप्त है, इसके बावजूद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने जबरन खंभा गाड़कर विद्युत लाइन ले



जाने की कोशिश कर रहे हैं ।

ट्विटर से जानकारी मिलते ही पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अध्यक्ष ने अधिशासी अभियंता प्रतापगढ़ को मामले में उचित कार्रवाई करने की बात कही है । ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अधिशासी अभियंता से उक्त प्रकरण में जानकारी मांगी है ।

पीड़ित किसान रवि कुमार द्विवेदी ने बताया कि मंत्री तथा बिजली विभाग की उचित कार्यो के आदेश के बावजूद अभी तक प्रतापगढ़ के विभागीय अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है ।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ में छात्र-छात्राओं को जमेट्री बाक्स एवं चाकलेट का किया वितरण

**● अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों का शत् प्रतिशत पंजीकरण करायें-जिलाधिकारी**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ में पहुॅचकर अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को जमेट्री बाक्स व चाकलेट का वितरण किया और बच्चों से संवाद कर कहा कि सभी बच्चे प्रतिदिन स्कूल में आये और पढ़ाई कर आगे बढ़े। इस दौरान विद्यालय के बच्चो ने पोयम (कविता) को सुनाया जिस पर जिलाधिकारी ने बच्चों की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि आप लोगों के अभिभावकों के खाते में माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से पैसा हस्तान्तरण कर दिया गया है जिसका आप लोग जूता, मोजा, बैग,



ड्रेस में उपयोग करें एवं आप लोग प्रतिदिन डेस्क में आयें। जिलाधिकारी ने इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, समस्त विद्यालयों में अभियान चलाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों का शत् प्रतिशत पंजीकरण कराया जाये। उन्होने कहा कि अध्यापकगण पठन-पाठन में रूचि लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर ज्ञान का दीप जलाये, एक अच्छा नागरिक बनने हेतु शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होने निर्देशित किया कि निर्धारित मेनू के अनुसार बच्चों को गुणवत्तायुक्त भोजन दिया जाये। स्कूल चलो अभियान के अवसर पर बच्चों हेतु विद्यालय में हलुवा बनाया गया था। जनपद के समस्त विद्यालयों में अध्यापकों द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने इस दौरान प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चो को चॉकलेट का वितरण किया और आंगनबाड़ी कार्यकत्री से बच्चो के वजन मशीन की जानकारी ली तो बताया गया कि वजन मशीन उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि समय-समय पर बच्चों का वजन करते रहे और ग्रोथ चार्ट पंजिका में इसका अंकन करें। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान व एआरपी धर्मेन्द्र ओझा भी उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण फैशन नहीं , आज की आवश्यकता - सद्दाम



**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी में समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट सद्दाम अहमद माजिद ने पूर्व चेयरमैन अब्दुल माजिद नब्बन नेता की अध्यक्षता में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जन्मदिन के मौके पर नीम के पेड़ को लगाकर जन्म दिन मनाया। सद्दाम अहमद माजिद एडवोकेट ने कहा पेड़ जीवन का आधार है। हवा के बिना जीवन का अस्तित्व सम्भव नहीं है, वैसे ही पेड़ के बिना भी जीवन अस्तित्व नहीं है। हमे अपने प्राणों की रक्षा करने के लिए हवा यानी ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है, जो पेड़ों से मिलती हैं। वृक्षारोपण एक फैशन नहीं है, आज की आवश्यकता है ।पेड़ हरियाली के साथ जीवन रक्षक भी है, ऐसे में वृक्षारोपण अति आवश्यक है। पेड़ों के महत्व को देखते हुए प्रतिवर्ष विभिन्न सरकारी विभाग और सामाजिक संगठन वृक्षारोपण कर पेड़ों की संख्या को बढ़ाने का दावा करते हैं। 'इस मौके पर उपस्थित रहे मुख्य रूप से' पूर्व चेयरमैन अब्दुल माजिद नब्बन नेता , एडवोकेट सद्दाम अहमद माजिद राष्ट्रीय सचिव समाजवादी छात्र सभा, सभासद विवेक कुमार गौतम, सलमानी जिला प्रवक्ता शहजाद सलमानी, मोहम्मद शाहरुख, सय्यद अरबाज, आशु नगर, प्रदीप कुमार, सोनू गौतम, बहादुर, इम्तियाज, साकिब, सोनू, अमित, आदि मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने वितरित की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें



लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार, प्रतापगढ़।** विकासखंड बिहार के धनवासा ग्रामसभा में ग्राम प्रधान हर्षवर्धन सिंह द्वारा ग्रामसभा के लगभग दो सौ बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है। यह बच्चे समाज के साथ साथ देश के मजबूत स्तंभ हैं। पाठ्य पुस्तकों के अभाव में कोई भी ग्रामसभा का बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए,इसलिए निःशुल्क पाठ्य सामग्री की व्यवस्था की गई हैघ्। बता दें कि ग्रामसभा धनवासा में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण का करीब 200 बच्चों ने लाभ उठाया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हर्षवर्धनसिंह के अतिरिक्त रिंकू सिंह,गंगा प्रसाद पांडेय, तोयज दुबे समेत बच्चों के साथ उनके परिजन मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त दीवानी न्यायालय कर्मचारियों को दी गई विदाई

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की ओर से आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त हुए वैयक्तिक सहायक राजेश त्रिपाठी व बाबू राजेश श्रीवास्तव, छोटे लाल एवं शम्भू को भावभीनी विदाई दी गई। सोमवार को जिला न्यायालय सभागार में हुए विदाई समारोह की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र धर द्विवेदी उर्फ पिंटू व संचालन सुहेल अहमद ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संघ के प्रांतीय मण्डल अध्यक्ष कमलेश सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी राजेश त्रिपाठी, राजेश श्रीवास्तव व छोटे लाल तथा शम्भू की कार्यकुशलता एवं विनम्र व्यवहार की सराहना की गई। इस मौके पर



जिला जज अब्दुल शाहिद ने कहा कि सारे न्यायिक परिवार की मंगल कामनाएं उनके सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के साथ हैं।

उन्होंने कहा कि यह दिन सभी कर्मचारियों के जिंदगी में आता है परंतु अपने कर्म और लोगों के किए गये सहयोग से कर्मचारी अपनी पहचान बनाता है।

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र धर द्विवेदी, महामंत्री अरूण सिंह सहित अन्य कर्मचारियों एवं न्यायिक अधिकारियों ने सामूहिक रूप से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को गीता,अंगवस्त्रम व अन्य उपहार भेंट करते हुए नम आंखों से विदाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इंद्रजीत सिंह , अजीत सिंह, दिनेश कुमार, अम्वोज सहित आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर मुख्य रूप न्यायिक अधिकारियों में अपर जिला जज बाबू राम,पारूल वर्मा,अजय वर्मा, स्नेह लता सिंह,सुनीता नागौर, सुमित पावर व सीजेएम अर्चना तिवारी व अन्य न्यायिक अधिकारियों के साथ कर्मचारियों में जितेन्द्र मिश्र, संजय यादव, शैलेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र वर्मा, मोहित मिश्र, विनोद सरोज, आशीष सिंह, राहुल शर्मा, पुट्टन,अजय , संतोष सिंह, शशि भूषण तिवारी सहित आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपती जख्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन गांव के नजदीक नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए , हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर कस्बे के म्योहरा के रहने वाले अफ्रोज आलम पुत्र अजीज अहमद 25 वर्ष अपनी पत्नी मुस्कान 22 वर्ष के अपाचे बाइक से प्रयागराज गया था , अफ्रोज सोमवार की दोपहर बाइक से पत्नी के साथ घर आ रहा था । जैसे ही वह सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन गांव के नजदीक नेशनल हाइवे पर पहुंचा तभी तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## पहली बारिश में त्रिलोकपुर में सर्विसलेन बना तालाब



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** मानसून की पहली बारिश में नेशनल हाईवे पर बरसात की तैयारियों को लेकर प्रशासन और फोरलेन निर्माण कंपनी की पोल खुल गई। सैनी का त्रिलोकपुर सहित कई स्थानों पर सोमवार की सुबह भारी मात्रा में जल भराव हो गया। त्रिलोकपुर गांव में बने नेशनल हाइवे के सर्विसलेन के समीप सड़क पर दो फीट तक पानी भर जाने के कारण वाहन चालक फंस गए। बड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने अपने वाहनों को निकाला। रमेश चंद्र , राजेंद्र , राधे , गौतम, पप्पू आदि ग्रामीणों का आरोप है नेशनल हाइवे निर्माण में लगी कार्यदाई संस्था के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते सर्विस लेन किनारे बने नाला में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई , साथ ही साथ जगह जगह से नाला चोक है जिससे बारिश होने पर सर्विस लें तालाब बन जाता है । जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ी और उनके कपड़े कीचड़ से खराब हो गए। बड़ी मुश्किल से उन्होंने रास्ता पार किया। वही मोहल्ले में संक्रमण की बीमारी फैलने की भी आशंका बनी रहती है।

## मारपीट के आरोप में तीन पर केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक महिला ने पानी भरने को लेकर हुए विवाद में बेटी के साथ मारपीट करने वाले तीन लोगो पर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी , महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगो पर केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोरियो का मजरा सोनारन का पुरवा निवासी चंद्रावती पत्नी ओम प्रकाश ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसकी पुत्री प्रेमला दस दिन पहले मोहल्ले के हैंडपंप ने पानी भरने के लिए गई थी , पीड़िता का आरोप है की मोहल्ले का एक दबंग पुत्री को गाली गलौच करते हुए बाल्टी फेंक दिया जिसका विरोध करने पर दबंग पुत्री के साथ मारपीट करने लगा , पीड़िता का आरोप है की दबंग एक हफ्ते पहले रात में घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और दोनों बेटी प्रेमला व अंकिता के साथ मारपीट करने लगा बीच बचाव के लिए पहुंचे उनके पिता ओम प्रकाश के साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया । महिला की शिकायत पर सैनी पुलिस ने अमृतलाल व दिलीप के विरोध विभिन्न धाराओं ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## मौत को दावत देता सड़क किनारे लगा बांस का पेड़



**लोकमित्र ब्यूरो**

**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के आलमपुर- लोधौर रोड के किनारे बांस का कोट लगा है। पेड़ अधिक घना हो जाने के कारण लोगों को मौत का दावत दे रहा है। सड़क संकरी हो जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उधर से रोज गुजरने वाले लोगों ने कई बार इसकी शिकायत थाने पर की मगर पुलिस ने कोई आवश्यक कदम नहीं उठाया।

तिल्हापुर मोड़ से तिलगोड़ी होते हुए लोधौर गांव को जाने वाली सड़क के किनारे आलमपुर में एक बांस का कोट लगा है।उस बांस कोट में अधिक शाखाएं हो जाने के कारण वहां पर सड़क संकरी हो गई है जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।रात के समय कई बार साइकिल और बाइक सवार घायल भी हो चुके हैं।रोज इस सड़क पर सफर करने वाले जफर अहमद, रमेश कुमार, मानसिंह,राकेश यादव और जयसिंह आदि का कहना है कि इस बांस कोट की छंटाई करने के लिए कई कई बार उसके मालिक और थाने में शिकायत की मगर किसी ने कोई भी आवश्यक कदम नहीं उठाया।

# जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंझनपुर तक निकाली गयी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेंद्र कुमार एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 अनुपमा मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक संचालित किया जायेंगा, जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जायेंगा।




÷स्वस्थ्य व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है।

' मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करनें, मच्छररोधी उपाय अपनाने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देंने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखनें, पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें, घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने देने, कूलर व गमलों आदि को सप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर देंने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जल जमाव रोंकने एवं नियमित सफाई करने, जानवर बाडे घर से दूर रखने, जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने, चूहे-छछूंदरों से बचनें, पीने के लिए इण्डिया मार्का के पानी का प्रयोग करने, खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें, खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। दिमागी बुखार की रोकथाम के लिए क्या करें- जे0ई0 के टीके 02 वर्ष तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण सत्र में लगवायें।. घरों के आस-पास साफ सफाई रखें। .मच्छरो से बचने के लिए पूरी बॉह वाली कमीज और पैंट पहनें।. स्वच्छ पेयजल ही पियें। आस-पास जल जमाव न होने दें।. कुपोषित बच्चों को प्रति विशेष ध्यान रखें।

बुखार होने पर बच्चों को बिना किसी देरी के उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाय। दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक संचालित किया जायेंगा। दस्तक अभियान के अन्तर्गत आशा कार्यकत्री हर घर का भ्रमण कर संचारी रोगों से बचाव तथा इसके लक्षणों एवं उपचार सुविधाओं के प्रति जागरूक करेंगी। इसकें साथ ही डेंगू फइलेरिया, मलेरिया, दिमागी बुखार एवं क्षय रोग के लक्षणयुक्त रोगियों की खोज कर जांच एवं उपचार के लिए सूची बनायेंगी।

## ट्रांसफार्मर के ऊपर गिरा महुआ का पेड़, बिजली व्यवस्था हुई ध्वस्त



**लोकमित्र ब्यूरो**

**टेवां, कौशाम्बी।** विकासखंड मंझनपुर के टेवां गांव में आज सुबह बारिश हो रही थी तभी अचानक महुआ का पेड़ ट्रांसफार्मर के ऊपर गिर गया जिसकी वजह से खंभा कई टुकड़ों में बंट गया और बड़ा हादसा होने से बच गया जिसकी वजह से सुबह से बिजली व्यवस्था हो गई धड़ाम रुक सभी काम घरों की बिजली हुई गुल, पानी मोबाइल नहीं हो पाए फुल।

## सिराथू में जुलाई में लगेंगे 3.12 लाख पौधे रेंजर ने पौधरोपण की बनाई रणनीति



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र में वन विभाग के अलावा अन्य तहसील स्तरीय अधिकारियों की ओर से जुलाई माह में वृहद पौधरोपण कार्य कराया जाए। क्षेत्रीय वन अधिकारी सिराथू ने पौधरोपण के संबंध में रणनीति बनाते हुए सिराथू तहसील क्षेत्र के 125 हेक्टेयर में जुलाई के अंत तक 312500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । सिराथू रेंजर निखिलेश चौरसिया ने बताया कि अभियान के दौरान शीशम , जामुन , अर्जुन , गोल्ड मोहर सहित फलदार, फूलदार तथा छायादार पौधे लगाए जाएं। उन्होंने बताया की शहजादपुर कछार में 47 हेक्टेयर , भेरावा में 15 हेक्टेयर , मशीपुर में 10 हेक्टेयर , नगर पालिका भरवारी में 6 हेक्टेयर , अफजलपुर सातों , उदिहीन , रमसहायपुर , अनेठा , नारा आदि गांव में पौधरोपण किए जाने का लक्ष्य दिया गया है। पौधे लगाने के बाद इसकी सुरक्षा व्यवस्था की भी जिम्मेदारी दी गई है।

### स्टॉफ की कमी से कैसे पुरा होगा लक्ष्य

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के डोरमा में स्थित वन विभाग का रेंज आफिस में क्षेत्रीय वन अधिकारी के अलावा मनोज कुशवाहा व रामदास पटेल व गया प्रसाद सहित तीन वन दरोगा है जिसमे गया प्रसाद मार्ग हादसे में जख्मी होने के बाद अस्पताल में भर्ती है वही फारेस्ट गार्ड की कमी है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने आगामी पर्व को लेकर की पीस कमेटी की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना चरवा में एवं उपजिलाधिकारी सिराथू व क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना सैनी में आगामी त्योहार मुहर्रम के दृष्टिगत ताजियादारों एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई एवं उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा त्योहार को शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी।

## जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद भरवारी में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज नगर पालिका परिषद,भरवारी में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया,जिसमें संरक्षित गोवंश संख्या की 326 थी। उन्होंने एक शेड अलग से बनवाने के निर्देश दिये । उन्होंने पल्हाना घाट का निरीक्षण कर वंदन योजना के तहत सौन्दर्गीकरण के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को जल्द से जल्द शुरू कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने वार्ड नम्बर 25 में 125 मीटर इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का चल रहे कार्यो का निरीक्षण कर नालियो को शत-प्रतिशत कवर्ड किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड न0 14 में बन रहे नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

## पिता-पुत्रों ने मेड़ काटने का विरोध करने पर युवक को पीटा

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के सिरियावां कला गांव में रविवार की शाम खेत का मेड़ काटने के विरोध पर पिता-पुत्रों ने युवक को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल युवक ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चरवा क्षेत्र के सिरियावां कला गांव निवासी श्रवण कुमार तिवारी पुत्र हीरालाल तिवारी किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।उनके अनुसार रविवार की शाम को वह खेत की ओर गये थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि पड़ोसी अपने पुत्रों के साथ खेत की मेड़ काट रहे हैं। मेड़ काटने से मना करने पर वह सभी उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से युवक को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल युवक ने थाने जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी।

## मुख्य विकास अधिकारी ने की स्वीकृत ऑगनबाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा

### ● अनारम्भ ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य तत्काल प्रारम्भ कराने के निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 45 ऑगनबाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ऑगनबाड़ी केन्द्र समसपुर, अमनीलोकीपुर, वीरनपुर, उमरछा, बरैसा, मदारी का पूरा, बदलेपुर, विनौरा, फत्ताहीपुर, शिवरा, खरौना, रायपुर, बरूआ, भगवतपुर, इटैलीपुर, इचौली, बम्बूपुर, कुण्ड्रावी, रमसहायपुर, टेंगाई, सौंरई खुर्द, शमसाबाद, रामपुर सुहेला, सेलरहापूरब, बसोहिनी, मोंगरीकड़ा, हिसामपुर माढ़ो, गनपा एवं अंदावां में निर्माण कार्य आरम्भ न होने के कारण सम्बन्धित सचिव, ग्राम पंचायत को तत्काल कार्य आरम्भ कराते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही सचिव अमीनलोकीपुर, बैरसा, विनौरा, फत्ताहीपुर, शाखा, इचौली, टेंगाई, सौरईखुर्द, को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अन्दर प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिये।

बैठक में बताया गया कि



स्वीकृत 45 ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन- ऑगनबाड़ी केन्द्र समसपुर ऑगनबाड़ी केन्द्र बलिहावां देह, ऑगनबाड़ी केन्द्र अमनीलोकीपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र जलालपुर बोरियो, ऑगनबाड़ी केन्द्र नसीरपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र मोहिउद्दीनपुर गौस, ऑगनबाड़ी केन्द्र वीरनपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र उमरछा, ऑगनबाड़ी केन्द्र बरैसा,ऑगनबाड़ी केन्द्र नेवारी, ऑगनबाड़ी केन्द्र पाराहसनपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र विनौरा एवं फत्ताहीपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र शिवरा, ऑगनबाड़ी केन्द्र बैरमपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र रानीपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र खरौना, ऑगनबाड़ी केन्द्र रायपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र बरूआ, ऑगनबाड़ी केन्द्र भगवतपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र इटैलीपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र इचौली, ऑगनबाड़ी केन्द्र पती का पूरा, ऑगनबाड़ी केन्द्र बम्बूपुर-1, 2, 3, ऑगनबाड़ी केन्द्र कुन्ड्रावी-1, 2, ऑगनबाड़ी केन्द्र टेंगाई-1, 2, 3, ऑगनबाड़ी केन्द्र रमसहायपुर-1, ऑगनबाड़ी केन्द्र सौरई खुर्द-3, ऑगनबाड़ी केन्द्र शमसाबाद-4, ऑगनबाड़ी केन्द्र चकिया, ऑगनबाड़ी केन्द्र गिरधरपुर, ऑगनबाड़ी केन्द्र मोंगरी कड़ा, ऑगनबाड़ी केन्द्र बसोहनी, ऑगनबाड़ी केन्द्र रामपुर सुहेला एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र सेलरहा पूरब, ऑगनबाड़ी केन्द्र पेरई, ऑगनबाड़ी केन्द्र हिसामपुर माढ़ो, ऑगनबाड़ी केन्द्र गनपा-6, ऑगनबाड़ी केन्द्र शीतलपुर एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र रामपुर बढ़नावां 06 विकास खण्डों में कुल 45 ऑगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के लिए चयनित हैं।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता, सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी, सम्बन्धित अवर अभियन्ता, (ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग), अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), सम्बन्धित ग्राम पंचायत के सचिव एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहें।

## एक वर्ष का कार्यकाल पुरा होने पर अधिशासी अधिकारी को दी गई बधाई



**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा की अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह नगर पंचायत अजुहा का कार्यभार ग्रहण किए सोमवार को एक वर्ष पुरा हो गया , इस मौके पर नगर पंचायत के सभासद व गणमान्य लोगो ने नगर पंचायत कार्यालय पहुचकर अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह को बधाई देते हुए बुके दिया , इस दौरान अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने मौजूद लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा की शासन की प्राथमिकता के कार्य को समय से पूरा करना उनका कर्तव्य है नगर पंचायत में कराए जा रहे विकास कार्यों में आप लोगो का सहयोग सराहनीय है ।इस मौके पर लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव , राम प्रताप अग्रहरी , सभासद मनोज त्रिपाठी , रामबाबू मोदनवाल , सुघर सिंह , रमेश कुमार सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नव निर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का व्यापार मंडल द्वारा देवीगंज में हुआ स्वागत-सम्मान



**कड़ा, कौशाम्बी।** व्यापार मंडल देवीगंज के तत्वाधान में सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नव निर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का देवीगंज चौराहे पर भव्य स्वागत सम्मान किया गया।व्यापार मंडल कौशांबी के जिलाध्यक्ष प्रवेश केशरवानी व देवीगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज साहू की अगुवाई में नव निर्वाचित वरिष्ठ प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि, प्रदेश संगठन मंत्री पुष्पेंद्र केशरवानी व प्रदेश मंत्री नरोत्तम केशरवानी का व्यापार मण्डल द्वारा भव्य स्वागत सम्मान किया गया।इस दौरान उपस्थित व्यापारियों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल माला व अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की बधाई व शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर प्रमोद साहू, मोमिन अंसारी, मोनू मोदनवाल, खुरशेद अहमद, श्यामू अग्रहरि, बबलू सोनी, होरी लाल अग्रहरि, अमित केशरवानी, अनूप साहू, विरेन्द्र अग्रहरि, प्रदीप साहू, दीपक साहू, शिवशंकर केशरवानी, अरविंद मणि तिवारी, सुधीर केशरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## दीवार फांद कर नकदी समेत आभूषण उठा ले गए चोर

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के काजीपुर गांव में शनिवार की रात एक घर की दीवार फांद कर घुसे चोरों ने नकदी समेत आभूषण उठा ले गए। नींद से जागी गृहस्वामी महिला ने शोरगुल किया तो चोर भाग निकले। भुक्तभोगी ने घटना में दो लोगों को नामित करते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है।काजीपुर गांव की गोमती पत्नी रामनाथ ने बताया कि उसके पति वाहन चालक हैं। गैर जनपद में रहकर वह वाहन चलाते हैं। घर पर वह अपने बच्चों के साथ रहती हैं। महिला ने बताया की शनिवार की रात वह घर में बच्चों के साथ सोई थी। तभी चोर दीवार फांद कर उनके मकान में घुस गए। आरोप है कि 35 हजार रुपए नकदी समेत डेढ़ पाव चांदी की छागल, आधा किलो चांदी की करधनी चुरा कर भागने लगे। तभी महिला की नींद खुल गई।

## अनियंत्रित होकर ट्रेलर से टकराई कार, दो जख्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा गांव के नजदीक एक ढाबा के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ट्रेलर से टकरा गई जिससे कार में सवार दो युवक जख्मी हो गए , जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे का रहने वाला अंशू 45 साल और अरुण कश्यप सोमवार को लगभग दो बजे कार से सिराथू से भरवारी जा रहे थे जैसे ही कार कोखराज के अंदावा के पास पहुँची तभी आगे जा रही एक ट्रक को ओवरटेक करने लगे लेकिन ट्रक वाले ने पास नही दिया जिससे अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी तरफ पहुंच गई। जिससे प्रयागराज से सैनी की तरफ जा रहे एक ट्रेलर से टकराकर पलट गई। टक्कर लगने से कार में सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

वही क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से सड़क से बाहर करवाया। बताया जा रहा है। घायल अंशु शराब का सेल्समैन है।

## सम्पादकीय

# सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख

भारत के संसदीय लोकतंत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण की परंपरा वर्षो पुरानी है। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, लोक सभा के प्रत्येक आम चुनाव के बाद, पहले सत्र में सदस्यों के शपथ ग्रहण करने और सदन का अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करता है।यह अभिभाषण सरकार का नीति वक्तव्य होता है। इसमें सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख रहता है, इसलिए सरकार के द्वारा ही इसके मसौदे को तैयार किया जाता है। परंपरा तो यह रही है कि इस सबसे गरिमापूर्ण औपचारिक कार्यवाही के दौरान विपक्ष शांतिपूर्ण ढंग से इसे सुनता है।अभिभाषण के बाद जब सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है तो विपक्षी सांसदों को अपनी आपत्तियों और असहमतियों को दर्ज कराने का अवसर मिलता है लेकिन देखा जा रहा है कि कुछ वर्षो से राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दलों के सांसद सदन में शोरगुल करते हैं और हंगामा बरपाते हैं।अठारहवीं लोक सभा में जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के पिछले दस वर्षो के कामकाज और उपलब्धियों का जिक्र किया तो विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन में शोरगुल मचाना शुरू कर दिया। राष्ट्रपति को निवेदन करना पड़ा कि वे शांतिपूर्ण ढंग से उनके अभिभाषण को सुनें।राष्ट्रपति मुर्मू ने इस समय के सबसे ज्वलंत राष्ट्रीय मुद्दे के रूप में पेपर लीक की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया है और इसे रोकने के लिए कड़े उपाय कर रही है।जाहिर है कि पेपर लीक का मामला सीधे-सीधे देश के छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है। निश्चित रूप से सरकार को ऐसे सख्त कदम उठाने चाहिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।राष्ट्रपति ने युवाओं की बात को आगे बढ़ाते हुए जब यह कहना शुरू किया कि सरकार की कोशिश है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिले तो उनके इतना भर कहने पर विपक्ष के सदस्यों ने सदन के अंदर हंगामा करना शुरू कर दिया।उन्होंने पच्चीस जून, 1975 को देश की जनता पर आपातकाल थोपे जाने की घटना को संविधान और लोकतंत्र पर बड़ा हमला बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय हासिल की क्योंकि भारत के मूल्यों में गणतंत्र की ही परंपराएं हैं।

## सुविचार

जिन्दगी के लक्ष्य में प्राप्ती करते समय सिर्फ 2 सोच रखनी चाहिए, अगर रास्ता मिल गया तो ठीक, नहीं तो रास्ता मैं खुद बना लूंगा।

# जातीय संघर्ष में सुलगता मणिपुर



**प्रियंका सौरभ**

एक बार फिर पूर्वोत्तर राज्यों में सामाजिक ताने-बाने की कमज़ोरी और उसमें फूट को सामने ला दिया है। आदिवासी-गैर आदिवासी और जातीय विविधता के कारण होने वाले मुद्दे उन्हें संतुलन को बिगाड़ने वाली कार्रवाइयों के प्रति बेहद संवेदनशील बनाते हैं। कार्रवाइयां हिंसक प्रतिक्रियाओं को जन्म दे सकती हैं और निष्क्रिय विरोधों को सक्रिय कर सकती हैं। मणिपुर में मौजूदा स्थिति ऐसी ही एक अभिव्यक्ति है। यह मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा राज्य को मैतेईस के लिए एसटी का दर्जा शीघ्रता से देने के निर्देश के कारण शुरू हुआ। हालाँकि, संघर्ष के अंतर्निहित कारण जटिल हैं। मणिपुर में जातीय हिंसा में हाल ही में हुई वृद्धि ने मीतेई और कुकी समुदायों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष को वैश्विक सुर्खियों में ला दिया है। मीतेई लोगों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मणिपुर उच्च न्यायालय की संस्तुति से तनाव तेजी से बढ़ा और हिंसक झड़पें हुई। इस प्रस्ताव ने कुकी समुदाय के बीच अपनी भूमि और रोजगार के विशेषाधिकार खोने का डर पैदा कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की ओर से तत्काल और हिंसक प्रतिक्रियाएं हुई।मणिपुर में जातीय संघर्ष के विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। मई 2023 की शुरुआत में संघर्ष के भीषण होने के बाद से हिंसा में 150 से ज़्यादा लोगों के मारे जाने और सैकड़ों के घायल होने की ख़बर है। जारी झड़पों के कारण 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। हिंसा से न केवल जान-माल की हानि हुई है, बल्कि संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचा है , तथा जवाबी हमलों में घरों और गांवों को जला दिया गया है। इस संघर्ष ने कुकी और मीतेई समुदायों के बीच जातीय विभाजन और अविश्वास को तीव्र कर दिया है, जिससे सामाजिक एकजुटता गंभीर रूप से कमजोर हुई है और सुलह के प्रयास लगातार कठिन होते जा रहे हैं। मणिपुर के जिरीबाम जिला में एक बार फिर हिंसा भडक़ गई है। यहां गुरुवार रात को 55 वर्षीय सोइबाम सरत नाम के व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया और फिर उसका सिर काट दिया गया। इसके बाद इलाके में हिंसा भडक़ उठी। संदेह था कि अपराधी दूसरे जातीय समूह से थे। इसके बाद इलाके के लोगों ने दूसरे समूह पर हमला कर दिया। अत्याधुनिक हथियारों से लैस हमलावरों से बचने के लिए भारी भीड़ जिरीबाम पुलिस स्टेशन की ओर दौड़ पड़ी। उन्होंने अपने बचाव के लिए अपनी लाइसेंसी बंदूकें वापस करने की मांग की। फिलहाल यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा निषेधाज्ञा आदेश जारी किए गए हैं कि स्थिति एक बड़े जातीय संघर्ष में न बदल जाए। जिरीबाम जिला अब तक काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा था और तीन मई, 2023 से मैतेई और कुकी संघर्ष का जिला पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा था। मणिपुर में गहन जातीय तनाव को दूर करने तथा स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए सरकार बहुआयामी रणनीति अपना सकती है और संघर्ष समाधान रूपरेखा तैयार कर सकती है. एक समावेशी शांति आयोग की स्थापना करना जिसमें संवाद और बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए दोनों समुदायों के नेताओं के साथ-साथ तटस्थ अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों को भी शामिल किया जाए। आर्थिक और सामाजिक विकास के जरिये बुनियादी ढांचे में सुधार, रोजगार के अवसर प्रदान करने और जातीय तनाव को बढ़ावा देने वाली आर्थिक असमानताओं को कम करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में लक्षित आर्थिक विकास परियोजनाओं को लागू करना ऐसे दौर में अति आवश्यक है।स्थानीय शासन को सुदृढ़ बनाने के लिए स्थानीय शासन संरचनाओं के निर्माण का समर्थन करना, जो जातीय समुदायों को उनके प्रशासनिक और सांस्कृतिक मामलों पर अधिक स्वायत्तता प्रदान करना , ताकि राज्य के शासन में स्वामित्व और भागीदारी की भावना को बढ़ावा मिले। कानूनी और न्यायिक सुधार के जरिये जातीय हिंसा से दृढ़ता और निष्पक्षता से निपटने के लिए न्यायपालिका और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता और निष्पक्षता को बढ़ाना । इसमें मानवाधिकार और संघर्ष समाधान में प्रशिक्षण शामिल है। समुदाय-संचालित सुलह कार्यक्रमों को बढ़ावा देना , जिसमें समुदायों के बीच विश्वास और समझ बनाने के लिए संवाद मंच, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और साझा सामुदायिक सेवा परियोजनाएं शामिल हों। मणिपुर के सभी समुदायों के इतिहास और सांस्कृतिक महत्व को शामिल करने के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम में संशोधन करना।

विविधता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लाभों के बारे में नागरिकों को शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू करना। संघर्ष के बारे में सरकार से पारदर्शी संचार के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित करना । मीडिया के साथ मिलकर ज़िम्मेदार रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना जो तनाव को न बढ़ाए बल्कि शांति और सुलह को बढ़ावा दे।

एक राज्य-स्तरीय निगरानी निकाय स्थापित करना जो जातीय तनाव के संकेतों पर तुरंत प्रतिक्रिया दे सके और तनाव को बढ़ने से रोक सके। इस निकाय के पास स्पष्ट कानूनी अधिकार और प्रभावी हस्तक्षेप के लिए आवश्यक संसाधन होने चाहिए। मणिपुर में जातीय संघर्ष के समाधान के लिए एक समर्पित, व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो अशांति के लक्षणों और मूल कारणों दोनों को संबोधित करता है। इन रणनीतियों को लागू करके, सरकार मणिपुर में स्थायी शांति लाने और अधिक समावेशी और सामंजस्यपूर्ण समाज को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है। सरकार को कभी-कभी केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों द्वारा समाज के विभिन्न वर्गो को दिए गए विशेषाधिकारों के विभाजनकारी प्रभाव को संदर्भ में रखने की आवश्यकता होती है। यह विशेष रूप से मणिपुर के मामले में प्रासंगिक है, जहाँ ऐतिहासिक रूप से, भारत की स्वतंत्रता से पहले, जब यह एक स्वतंत्र राज्य था और बाद में एक लोकतंत्र था, तब आबादी का एक ही जातीय मिश्रण सद्भाव में रहता था। स्वतंत्रता के बाद और देश के भीतर सार्वभौमिक रूप से लागू किए गए पहाड़ी जनजातियों को दिए गए विशेषाधिकारों ने कृत्रिम सीमाएँ और टकराव के नए कारण बनाए हैं, जहाँ पहले कोई नहीं था। एक क्षेत्रीय समिति कुछ शांति बनाएगी, एक दीर्घकालिक समाधान के लिए क्षेत्र में आर्थिक पुनरुद्धार और विद्रोही समूहों के संकट को समाप्त करने की आवश्यकता है।

# सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं

लोकसभा चुनाव, 2024 के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कम से कम दो बार कहा कि सरकार बहुमत से बनती है लेकिन सर्वमत से चलती है। उन्होंने संकेत दिया था कि उनकी तीसरी सरकार संसद के अंदर और बाहर भी आम सहमति के साथ काम करेगी। लेकिन पहले सत्र से ही ऐसा होता नहीं दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि सर्वमत की सिर्फ बातें हैं और असल में सरकार बहुमत से ही चलेगी। शुरुआती लक्षण सरकार के उसी अंदाज में काम करने के हैं, जिस अंदाज में पहले 10 साल नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया है। आगे होने वाले राज्यों के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन खराब हो और तब पार्टी के अंदर और बाहर से दबाव बढ़े तो अलग बात है। लेकिन उससे पहले सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं है। सरकार का कामकाज पुराने अंदाज में ही होता लगता है।ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी तरह से सरकार के या खुद के कमजोर होने का मैसेज नहीं बनने देना चाहते हैं। वे यह संदेश देना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निर्णय करने वाले मजबूत नेता हैं और भले भाजपा की सीटें कुछ कम हो गई हैं लेकिन इससे वे कमजोर नहीं हुए हैं। उनको पता है कि अगर सरकार के या उनको कमजोर होने की धारणा बनी तो सहयोगी पार्टियों का दबाव बढ़ेगा, जिससे उनकी पसंद के फैसले करने होंगे। पार्टी के अंदर से आवाजें उठनी शुरू होंगी, जिससे निपटना आसान नहीं होगा और अगर एक बार विपक्ष के मुंह में खून लग गया तो हर मसले पर वह सरकार को झुकाने या आम सहमति बनाने के लिए बाध्य करेगी। तभी %बिल्ली पहली रात को मारी जाती है' वाली कहावत के हिसाब से नरेंद्र मोदी ने तमाम विरोध और दबावों को पहले सत्र में ही दरकिनार कर दिया। उन्होंने बता दिया कि सरकार पुराने ढर्रे पर ही चलती रही है। हालांकि राज्यों के चुनाव नतीजों से इस स्थिति में बदलाव आ सकती है।बहरहाल, स्पीकर के तौर पर ओम बिरला की वापसी इस बात का संकेत है कि संसद वैसे ही चलेगी, जैसे पहले चलती रही है। विपक्षी पार्टियों ने स्पीकर के पद पर बहुत राजनीति की। उन्होंने भाजपा की सहयोगी पार्टियों को उकसाने का भी काम किया। लेकिन चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और नीतीश कुमार की जनता दल यू ने विपक्ष की ओर से फेंका गया चारा नहीं निगला। वे चुपचाप पड़े रहे और सरकार का समर्थन किया। विपक्ष ने यह दांव भी चला कि सरकार परंपरा के मुताबिक डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दे तभी स्पीकर पद पर आम सहमति बनेगी। यह बात खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने टेलीफोन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से कही। लेकिन सरकार ने इसकी अनदेखी की और ओम बिरला को स्पीकर का उम्मीदवार बनाया। विपक्ष ने प्रतीकात्मक रूप से कोडिकुन्निल सुरेश को उम्मीदवार बनाया लेकिन चुनाव के दौरान मत विभाजन की मांग नहीं की। पिछली लोकसभा में सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड बनाने वाले ओम बिरला से स्पीकर बन गए हैं और डिप्टी स्पीकर का पद पहले की तरह खाली रखा गया है। विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलने की संभावना नहीं दिख रही है।इसी तरह दूसरा फैसला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी है। संसद के सत्र के दौरान हुई गिरफ्तारी इस बात का संकेत है कि विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई में कोई ढील नहीं दी जाने वाली है। गौरतलब है कि केजरीवाल को दिल्ली की शराब नीति से जुड़े घोटाले में ईडी ने मार्च में गिरफ्तार किया था। उसके बाद 21 दिन की अंतरिम जमानत अवधि को छोड़ कर बाकी समय वे जेल में रहे। अप्रैल के पहले हफ्ते में ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद ही कहा जा रहा था कि सीबीआई उनको हिरासत में लेगी। लेकिन सीबीआई ने उनको हिरासत में नहीं लिया।

## सरोकार

# सपा अवधेश के सहारे देगी बीजेपी के हिंदुत्व को चुनौती

**अजय कुमार,लखनऊ**

समाजवादी पार्टी अयोध्या लोकसभा सीट से सपा की जीत को एक बड़ा सियासी मुद्दा बनाने का हर जतन कर रही है। जाने-अंजाने वह बीजेपी से लड़ते-लड़ते प्रभु श्रीराम को 'चुनौती' देने लगी हैं। सपा सांसद धमेन्द्र यादव का वह कृत्य कैसे भुलाया जा सकता है जब संसद के भीतर वह अयोध्या से विजय हुए अवधेश प्रसाद की शान में 'जय अवधेश' के नारे लगाते हैं। वह कहीं न कहीं ऐसा करके जय श्री राम के समानांतर अवधेश प्रसाद को खड़ा दिखाने की साजिश कर रहे थे। इतना नहीं सपा द्वारा सांसद अवधेश को अयोध्या का राजा बताया जा रहा था, जबकि समाजवादी जानते हैं कि अयोध्या के राजा प्रभु श्री राम थे। यह बात आज तक निर्विवाद सत्य है। इसी तरह उनको सपा संसद में सबसे आगे की कुर्सी पर बैठाती है, जबकि समाजवादी पार्टी के अन्य दो-तीन बार तक के सांसद अवधेश प्रसाद के पीछे की कुर्सियों पर बैठे नजर आते हैं। हालात यह है कि अब तो विपक्ष अवधेश प्रसाद को डिप्टी स्पीकर का चुनाव लड़ाने की भी बात कहने लगा है,जबकि वह पहली बार लोकसभा चुनाव जीत कर आये हैं। ऐसा लगता कि अयोध्या को समाजवादी पार्टी ने अपने चुनावी एजेंडे में शामिल कर लिया है। ऐसा करके वह बीजेपी के हिन्दुत्व कार्ड को चुनौती तो अपने पीडीए वाले एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहते हैं। अवधेश दलित समाज से आते हैं,इसके जरिये भी वह दलितों को बड़ा संदेश देना चाहते हैं। यह सिलसिला फिलहाल थमने वाला नहीं लगता है। अभी दस सीटों पर विधान सभा चुनाव होने हैं। सपा देखना चाहती है कि इसका उसे चुनाव में कितना फायदा मिलेगा। यदि उप चुनाव में भी सपा का प्रदर्शन बेहतर रहा हो वह 2027 के विधान सभा चुनाव तक अपने इसी एजेंडे को आगे बढ़ा सकता है।

ऐसा इसलिये हो रहा है क्योंकि विपक्षी नेताओं की आपसी चर्चा में लोकसभा के डिप्टी स्पीकर पद के लिए अवधेश प्रसाद के नाम पर बेझिझक सहमति की सबसे बड़ी वजह है कि आइएनडीआइए फैजाबाद में भाजपा की हार को देश की रणनीति के लिए एक बड़ा निर्णायक संदेश मान रहा है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल कह चुके हैं कि अयोध्या से जुड़े फैजाबाद में सपा के अवधेश प्रसाद की जीत भाजपा के वैचारिक धारा की शिकस्त का बड़ा संदेश है। इस अनारक्षित लोकसभा सीट पर दलित समुदाय से आने वाले अवधेश प्रसाद ने भाजपा को पराजित किया है। फैजाबाद के सांसद को राजनीतिक अहमियत देने का संदेश तो 18 वीं लोकसभा की पहली बैठक में ही दे दिया गया था। जब अखिलेश अपने एक हाथ में संविधान और दूसरे हाथ से अवधेश प्रसाद को थामे सदन में पहुंचे। राहुल गांधी ने भी अवधेश प्रसाद को उसी दिन से विपक्ष के प्रमुख चेहरों में रखने का संदेश देते हुए उन्हें पहली पंक्ति में अपने साथ बिठाते हुए चर्चा की। राहुल ने अखिलेश से बातचीत में अवधेश को डिप्टी स्पीकर बनाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सपा प्रमुख ने सहर्ष हामी भरी। इसके बाद जब राहुल की अखिलेश और अभिषेक से एक साथ मंत्रणा हुई तो टीएमसी नेता ममता बनर्जी, शरद पवार व एमके स्टालिन ने भी उनके नाम पर सहमति जता दी। विपक्ष की ओर से डिप्टी स्पीकर के लिए उम्मीदवार का औपचारिक ऐलान तभी होगा जब सरकार चुनाव कराने की घोषणा करेगी। संसद सत्र में तीन दिन बचे है। आईएनडीआईए का कहना है डिप्टी स्पीकर का पद परंपरागत रूप से विपक्ष को दिया जाता है, जैसे वाजपेयी के कार्यकाल में कांग्रेस के पीएम सईद को डिप्टी स्पीकर बनाया गया। दरअसल, विपक्ष डिप्टी स्पीकर पद पर परंपरागत रूप से अपनी स्वाभाविक दावेदारी मान रहा है पर एनडीए सरकार तैयार नहीं हुई तो फिर चुनाव की स्थिति में भी अवधेश प्रसाद ही विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में उतरेंगे। कांग्रेस सूत्रों ने डिप्टी स्पीकर पद के लिए शीर्ष विपक्षी नेताओं के बीच अनौपचारिक बातचीत होने का संकेत देते हुए कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की सपा प्रमुख अखिलेश यादव और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी संग इसको लेकर चर्चा की थी।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### मेघ

मेघ तुम इतना भी ना इतराना
जल्दी से तुम पावस ले आना
बारिश की बूंद कब पड़ेंगी मुख पर,
तुम मेघ अमृत को जल्दी बरसाना ।।
तरस रहे सभी प्राणी ये जग जीवन
करते हैं तुम्हारा मिलकर अभिनंदन
आ जाओ हम बाट निहारें कब से
मेघ मल्हार राग भी तुमसे ही सारे ।।
तुम्हारे आने से प्रिय बरखा रानी
गाना गाते सब मेघा ओ मेघा पानी,
कोयल कुके मधुर गाए ये पपीहा भी
मिलकर झूम वन उपवन सब प्राणी।।



**आशी प्रतिभा ( स्वतंत्र लेखिका)**
**मध्य प्रदेश, ग्वालियर**

### खुद का किरदार ढूँढ रहा हूँ

क्या दूसरों की कहानी में मैं
खुद के किरदार ढूँढ रहा हूँ,
क्या मैं निश्शब्द हो गया हूँ,
इसलिए कुछ शब्द ढूंढ़ रहा हूँ।
पर मेरी कहानी दूसरे से ज़्यादा
स्वयं मेरे ऊपर ही लागू होती है,
दूसरे अगर इसमें अपनी छवि भी
देख पाते हैं, मुझे ख़ुशी होती है।
अपना अस्तित्व तो अपना होता है,
उसे दूसरे से जोड़ना तो भूल होती है,
रिश्तों की बात तो भरोसे से होती है,
हर रिश्ते की एक मर्यादा जो होती है।
जब अपना अंतर्मन महसूस करे
जग में उसे सफलता कहते हैं,
और तभी हम अपनी कमजोर
नब्ज भी स्वयं पकड़ सकते हैं।
जिस झूठ पर विश्वास किया जा
सके उसे झूठ नहीं कह सकते हैं,
बहती लहरों को रोक नहीं सकते
पर उनके साथ किनारा पा सकते हैं।
जो व्यक्ति समाज के सामने ही नहीं,
पीठ पीछे भी किसी का हित करते हैं,
उनके जीवन चरित्र औरों के लिए भी
प्रायः अनोखा उद्धरण पेश करते हैं।
अपना कर्तव्य धैर्य पूर्वक पूर्ण
शान्ति से जो लोग निभा पाते हैं,
उनके व्यक्तित्व सिर से पैरों
तक जगमग करते लहराते हैं।
जीवन की ख़ुशहाली अक्सर
जीवन चर्या पर निर्भर होती है,
ऐसी ख़ुशहाली सौभाग्य से तो
किसी किसी को ही मिल पाती है।
आदित्य सपने सच होते हैं जिनकी
प्रवृत्ति आत्मविश्वास भरी होती है,
और तभी उनकी ख्याति दुनिया में
दूर तलक अपनी महक बिखराती है।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र आदित्य**
**लखनऊ**

### ख़्वाहिश

ख्वाहिश थी कि तेरी हर ख्वाहिश पर
मर मिटेंगे हम,
लेकिन मालूम न था कि तेरी ही नजरों से यूं
उतर चुकेंगे हम...
किया था लाख भरोसा कि अलग है और
अलग ही रहेगी तू,
ठोकर लगी तब समझा के था ये इक धोखा
सबकी तरह ही है तू...
तूने जाते जाते ये सनम लगाए जो भी इल्ज़ाम
हंस सहूंगा मैं,
नहीं समझा तेरी कोई चाल के
अहमक़ बन रह गया
ये कहूंगा मैं...
रही दिन रात जो खुश करने को
ख़्वाब हर तरह के
मुझे दिखाते हुए,
पता न था इक दिन तोड़ सारे भरम
जायेगी वो यूं छोड़
मुझे छलते हुए...
तेरी नज़रों में देखी जो नफ़रत मैंने
अपने लिए के
अब बर्दाश्त नहीं,
मत कर इतने जुल्म ये बेदर्दी मैं हूं
अभी ज़िंदा के
कोई लाश नहीं...!!

लक्ष्मी यादव ख़्वाहिश
सांगली (महाराष्ट्र)

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको ऑफिस में एक्सट्रा काम करना पड़ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा, आप कुछ नया सीखेंगे। करीबी लोगों की राय मानना आपके लिए फायदेमंद होगा। उच्च अधिकारियों से सराहना एवं सम्मान प्राप्त होगा।

**वृष** — आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई गिफ्ट दे सकते हैं, आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आप अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं, इससे समाज में आपका नाम होगा। माता आपसे किसी काम को लेकर सलाह ले सकती है। आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई बड़ी सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया है। आज आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कम्पनी में नौकरी मिलने के योग हैं। आप लवमेट के साथ मूवी देखने का प्लान करेंगे। आप घर की सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी करेंगे, समय की कमी के कारण आप परिवार को ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे फिर भी आपको घरवालों से पूरा सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करने में सफल होंगे। पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा.. आप कम्प्यूटर कोर्स सीखने के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। आज आपको बड़े भाई-बहनों से पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज काम करने में आसानी होगी, काम तय समय में पूरा होगा।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके पास नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं, घरवालों के सहयोग से आप हर काम को अच्छे से संभाल लेंगे। आप घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी भी करवा सकते हैं। आस-पड़ोस के लोग आपको देखकर खुश होंगे। कोई व्यक्ति आपसे अपने बच्चों के करियर के लिए सलाह ले सकता है, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि लेंगे। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है, उनके साथ आप कुछ बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं, आप बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। बूटिक का काम कर रही महिलाओं के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी कस्टमर से आपको अच्छा धन लाभ होगा। आज आपके स्वाभाव में लचीलापन रहेगा

**तुला** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपनी कार्य कुशलता को बढ़ाने की जरूरत है। आज आप करियर को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। नये कोर्स में एडमिशन के लिए आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज आप जीवनसाथी व बच्चों के साथ शॉपिंग के लिए जायेंगे। आपको अपनी आमदनी को ध्यान में रखकर खर्चा करना चाहिए।

**वश्चिक** — आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज बच्चों के किसी काम में आपका ज्यादा खर्च हो सकता है। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से सम्पर्क बढ़ाने की जरूरत है। आप पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ेंगे, आपको काम में सफलता मिलेगी। किसी की कही-सुनी बातों पर विश्वास करने से आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए। दांपत्य जीवन में प्यार बना रहेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम पूरी एकाग्रता से करेंगे। जो लोग शादी-शुदा हैं, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं, आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा। लोहे के कारोबारियों को अच्छा फायदा होगा। आपको कोई बड़ा काम मिलेगा। पार्ट टाइम जॉब कर रहे छात्रों की नौकरी पक्की हो सकती है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज के दिन आपको काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस फ़ील्ड से जुड़ी हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं। फल से जुड़े बिजनेस कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा, आय में वृद्धि होगी। अगर आप किसी से जरूरी मीटिंग के लिए जा रहे हैं, तो आपको अपने पहनावे पर ध्यान देने की जरूरत है।

**कुम्भ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करने से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह मिलेगी। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप किसी बात में बेवजह उलझे रहेंगे। काफी समय से जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा। छात्रों को आज मनचाहा परिणाम मिलने की संभावना है।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा, आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे।परिवार में लोगों के बीच अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। शाम को आप परिवार के साथ किसी फंक्शन में जा सकते हैं। आज जीवनसाथी की छोटी-छोटी गलतियों को माफ कर देना आपके रिश्ते को बेहतर बनाएगा।

# विधालय के स्थापना दिवस पर हुआ सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं पौधारोपण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** डॉल्फिन पब्लिक स्कूल छीटपुर दिलीपपुर प्रतापगढ़ का 18वाँ स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अनिल त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा एवं विद्यालय के संस्थापक स्व. राम प्रकाश त्रिपाठी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल त्रिपाठी जी ने कहा कि आज के ही दिन 01 जुलाई को स्वाधीनता संग्राम सेनानी माता पलट पाण्डेय की प्रेरणा से महन शिक्षाविद पंडित राम प्रकाश त्रिपाठी जीघ् द्वारा डॉल्फिन पब्लिक स्कूल की स्थापना की गई ,जो आज एक विशाल संस्थान के रूप में पूरे क्षेत्र में ख्याति अर्जित कर रहा है।

अध्यक्ष त्रिपाठी जी के संरक्षण में दिनों दिन प्रगति के पथ पर अग्रसर है । विद्यालय की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में सुंदरकांड पाठ एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की तरफ से थाना दिलीपपुर में पुलिस कर्मियों को मिष्ठान वितरित किया गया और उनकी कर्तव्य निष्ठा के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज त्रिपाठी जी ,उप प्राचार्य आशीष गुप्ता, राजेश पाण्डेय, ज्ञानेंद्र शुक्ला, प्रखर शुक्ला, कौशल शुक्ला, अरविंद तिवारी ,अरशद जलाल ,संजय पांडे, योगेन्द्र श्रीवास्तव , प्रणय श्रीवास्तव, अश्वनी पाठक ,राजगौरव तिवारी, शिव शंकर निगम ,मोहम्मद नौशाद ,शादाब अहमद, पीयूष शुक्ला ,चंदन शुक्ला,राजेन्द्र आर्या, शिवानी सिंह, किरण सिंह ,नीलम गुप्ता, गौरी तिवारी ,मंजू शुक्ला, रिचा चतुर्वेदी, गुंजन खरे, गायत्री त्रिपाठी, नीलम आर्या ,कीर्ति शुक्ला ,संध्या पांडेय, प्रियंका कसौधन, दीपशिखा द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## छः पर मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत बासूपुर पौड़िया गांव की नसरीन बेगम पत्नी जुबैर खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश में सत्ताईन जून की शाम गांव के पडोसी खालिक व उनके पुत्रगण ऐलान तथा अख्तर, सरवर एवं पत्नी नहरूल पुत्री शबनम उसके दरवाजे पर पहुंचकर गालीगलौज करने लगे। पीडिता की ननद तस्मिया ने विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर तस्मिया तथा परिवार के लोगों को जमकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने जांच के बाद खालिक समेत छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कॉलेज परिसर मे वृक्षारोपण

**सगरा सुंदरपुर,प्रतापगढ़।** ब ू ढ े श्व र ना थ आर0एस0वी0एस0पी0जी0 कॉलेज तिना चितरी लालगंज प्रतापगढ़ में वृक्षारोपण कार्यक्रम मे अजय क्रांतिकारी पर्यावरण सेना प्रमुख,एवं जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र, महाविद्यालय के अध्यक्ष रणधीर सिंह सहित प्राचार्य सत्येंद्र कुमार उपाध्याय, कार्यक्रमाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव, डॉ0 हरिश्चंद्र तथा श्री चंदन प्रतापगढ़ी पर्यावरण सेना के साथ कॉलेज के प्रवक्ता डॉ0आर0डी0 यादव, डॉ0 संदीप त्रिपाठी, रामकृष्ण मिश्र, सुरेश शर्मा, शिखा सिंह, सरोज यादव, शुभम पाण्डेय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाईयों के स्वयंसेवकों के साथ संपन्न हुआ। बताते चले कि पर्यावरण



सेना प्रमुख ने सभी स्वयंसेवकों को वृक्षारोपण एवं रख-रखाव सम्बन्धित बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ हमारी धरती की अमूल्य धरोहर है जिसके बिना जीवन जीना आने वाले समय मे मुश्किल हो जाएगा।

इसीलिए सभी स्वयंसेवकों को वृक्ष लगाना बहुत जरूरी है। इसी सम्बन्ध में डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन रक्षा के लिए बहुत आवश्यक है जो हमे ऑक्सीजन प्रदान करते हुए प्रसन्न रहने की प्रेरणा देते हैं।

कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि वृक्ष हमारी धरा की धरोहर हैं इनके बिना जीवन सम्भव नही है।

वृक्षारोपण कार्यर्क्रम में कॉलेज के उपस्थित सभी प्राध्यापक एवं स्वयंसेवकों ने मिलकर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाईयों ने लगाया नीम का पेड



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षअखिलेश यादव के जन्मदिन के मौके पर सपा के सांसद शिवपाल सिंह पटेल डॉक्टर एसपी सिंह के कार्यालय पर सांसद के प्रतिनिधि पूर्व शिक्षक एमएलसी कांति पटेल द्वारा नीम का पेड़ लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर कांति पटेल ने कहा कि जिस तरह से पेड़ों की कटाई हो रही है उससे आज हमारे प्रदेश में बहुत ही अधिक गर्मी और बीमारियां उत्पन्न हो रही है और जो राहगीर रास्ते पर जा रहे हैं पेड़ को न पाने की वजह से लोगों को बड़ी दिक्कत हैं। इस वजह से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिवस पर हम लोग पेड़ लगाकर उनके लंबी आयु की कामना करेंगे और उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के द्वारा किए गए कार्य सिर्फ कागजों पर ही रहते हैं ना की जमीन पर पिछले वर्ष जो वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ वह सिर्फ कागज पर ना की जमीन पर। इस मौके पर सदर विधानसभा अध्यक्ष राम बहादुर पटेल ने बताया कि पार्टी 1 से 7 जुलाई तक राज्य के प्रत्येक गांव में 'पीडीए' वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करेगी।

## फर्जी डिग्री के सहारे झोला छाप डाक्टर कर रहे इलाज

लोकमित्र

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के सभी गांवों में झोला छाप डाक्टर इलाज कर रहे हैं। जिनके पास कोई भी डिग्री नहीं है फिर भी इलाज कर रहे है। साथ ही अपनी दुकान चला रहे हैं। मरीज को दवा खुली रुप में देते है जिससे दवा के नाम और दाम का पता नहीं चले।सभी मरीजें को एक जैसी दवा देते है। कुछ गांव में तो मेड़िकल की डीग्री लेकर पूरा डाक्टर बन कर दवा सुई भी लगा रहे है। कुछ ग्राम वासियो ने झोला छाप डाक्टरों की शिकायत भी की है। गांव वालों का कहना है कि चाहे जितनी भी शिकायत कर ले परन्तु कोई फायदा नहीं है।झोला छाप डाक्टरों के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होती । इससे दिनों दिन झोला छाप डाक्टरों की संख्या बढ़ती जा रही है। देखना यह है कि जिला अधिकारी इस पर कब ध्यान देते है तथा झोला छाप डाक्टरों पर उचित कार्यवाही करते है।

# बढ़ रही है कबड्डी खेल की लोकप्रियता -अनिल

## ● कबड्डी के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों का सम्मान



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिला कबड्डी एसोसिएशन का वार्षिक सम्मान समारोह सोमवार को पीबी इण्टर कालेज सिटी में आयोजित किया गया। जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि कबड्डी मिट्टी से मैट पर आ गई है। इसकी लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। प्रतापगढ़ हमेशा से खेल प्रतिभाओं से भरा रहा है। मेरी शुभकामनाएं है कि यह परम्परा अनवरत बनी रहनी चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाली कबड्डी खिलाड़ी प्रिस प्रजापति एवं राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज,भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह ने समारोह को सम्बोधित किया। संयोजक प्रधानाचार्य डा.अनूप सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र सिंह व संचालन सचिव डा.धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान कौशलेंद्र प्रताप सिंह,लालमणि सिंह,उमेश प्रताप सिंह,अमरेंद्र प्रताप सिंह,रामेंद्र प्रताप सिंह,कर्मराज सिंह,पुष्पा सिंह,रवि प्रकाश सिंह,विद्या सागर सिंह,शैलेश प्रताप सिंह,गोविंद सिंह,आदि मौजूद रहे।

# डाक्टर्स डे पर चिकित्सकों का हुआ सम्मान



**प्रतापगढ़।** आज पहली जुलाई को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय में बच्चों के साथ खुशियां लौट आई।सभी बच्चों को रोली चंदन का टीका लगाकर विद्यालय में प्रवेश लिया गया। आज का दिन भारतवर्ष में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस उपलक्ष्य में न्यू एन्जिल्स सीघ्. से. स्कूल के छात्र - छात्राएं , मैनेजर एच. आर एफ जीनत, पूनम श्रीवास्तव, आर के मिश्रा, अभिनव मिश्रा आदि ने डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल प्रतापगढ़ जाकर डॉ मनोज खत्री, डॉ के के तिवारी, डॉ विवेक त्रिपाठी, डॉ ए सी तिवारी, डॉ दानिश, डॉ सचिन, डॉ राजकमल आदि से मिलकर उन्हें विद्यालय परिवार की ओर से पुष्प और थैन्क्यू कार्ड भेंट किया एवं सभी डॉक्टर्स को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस की हार्दिक बधाई दीं।

## बंदर के हमले से शिक्षिका घायल

**बिहार,प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के बाघराय सुंदर गंज बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जहां पर पिछले कुछ दिनों पूर्व से बंदरों के निशाने पर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे थे। वहीं सोमवार को जैसे ही प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका विद्यालय पहुंची और विद्यालय का ताला खोलने लगी। इस दौरान बंदर ने शिक्षिका पर हमला कर दिया। बंदर द्वारा किए गए हमले में शिक्षिका को चोट आई,जिससे विद्यालय समेत आस पास में हड़कंप मच गया। बता दें कि बंदरों के इस बढ़े हुए आतंक से अब बच्चे भी विद्यालय आने में कतराने लगे हैं।

# डीसी मनरेगा बने बीडीओ बिहार

लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार,प्रतापगढ़।** विकासखंड बिहार में खंड विकास अधिकारी बिहार के पद पर वर्षो से कार्यरत रहे अश्वनी सोनकर प्रोन्नति पाकर जनपद में उपायुक्त श्रम रोजगार (डीसी मनरेगा)के पद पर दिन सोमवार को चार्ज ग्रहण कर लिए। जिसको लेकर बिहार ब्लॉक के प्रधानों में खुशी की लहर दिखी। डीसी मनरेगा का चार्ज ग्रहण करने के बाद सोमवार को सायं के समय बिहार ब्लॉक के प्रधानों का जत्था अपने चहेते खंड विकास अधिकारी,वर्तमान डीसी मनरेगा को बधाई एवं शुभकामनाएं देने के लिए विकास भवन पहुंचे। इस दौरान विकास खंड बिहार के प्रधानों के समूह ने बुके देकर डीसी मनरेगा अश्वनी सोनकर का मुंह मीठा कराया तथा उनको डीसी मनरेगा के पद पर पहुंचने को लेकर बधाई प्रेषित किए। बता दें कि डीसी मनरेगा को बधाई देने वाले प्रधानों में डब्बू सिंह धमावां प्रधान प्रतिनिधि ,राहुल मिश्रा तारापुर कंदई प्रधान प्रतिनिधि,पीयूष सिंह प्रधान प्रतिनिधि कानूपुर,पिंटू मिश्र प्रधानप्रतिनिधि गलगली,अमन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि चकवड़,राम शिरोमणि यादव प्रधान छतार, दाउ प्रधान प्रतिनिधि मलांवा छजईपुर,आशीष विश्वकर्मा प्रधान उमरी कोटिला,संजय श्रीवास्तव प्रधान प्रतिनिधि,हरिहरपुर एपीओ राजेश यादव,पत्रकार अवधेश चंद्र पांडेय,पत्रकार अरुण त्रिपाठी,समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पीडिता को जान से मारने की धमकी

**पट्टी, प्रतापगढ।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सुखऊ दुबौली गाव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षियों से पूर्व में पीड़ित की मारपीट हुई थी। उक्त मामले में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। जब से मुकदमा दर्ज हुआ है तब से विपक्षी आए दिन पीड़ित को परेशान कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

सुखऊ दुबौली का निवासी राधेश्याम ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षियों से पूर्व में पीड़ित की मारपीट हुई थी। पीड़ित की तहरीर पर छानबीन के बाद पुलिस ने विपक्षियों पर मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आए दिन पीड़ित को विपक्षी ऐलानियां जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित हैरान होकर मामले की शिकायत लेकर पट्टी कोतवाली पहुंचा।

## फांसी के फन्दे से लटकता मिला किशोरी का शव

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे से लटककर किशोरी ने आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे कुरैशी राहाटीकर निवासी हकीम की पन्द्रह वर्षीया पुत्री साहिमा का शव सोमवार दोपहर घर के समीप आम के पेड़ में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार के अनुसार साहिमा दोपहर करीब तीन बजे शौच के लिए जाने की बात कहकर घर से निकली थी। मौत की वजह को लेकर परिजन कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। एसओ राधेबाबू का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण का पता चल सकेगा।

# पुलिस की मौजूदगी में पीड़ित को मिली गोली मारने की धमकी, मुख्यमंत्री से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में दबंग पीडित को गोली मारने की धमकी देते रहे। वहां खडी पुलिस मूकदर्शक बनी रही। मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर न्याय व सुरक्षा की गुहार की है। लीलापुर थानान्तर्गत बासूपुर गांव निवासी अब्दुल कादिर के पुत्र नाजिम खान ने तीस जून को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसकी भूमिधरी की जमीन पर अटठाईस जून को गांव के पडोसी जबरन जुताई कराने लगे। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपीगण हमलावर हो उठे। शिकायत पर पहुंची पुलिस के सामने आरोपीगण पीड़ित को गोली मारकर जान से मार डालने की धमकी देने लगे। वहीं मौके पर मौजूद पुलिस जाने क्यूं मूकदर्शक बनी रही। घटना को लेकर पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से परेशान पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय व सुरक्षा की गुहार लगायी है। इधर थानाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने जांच के बाद उचित कार्रवाई किये जाने की बात कही है।

## डीसी मनरेगा को दी बधाई



**बिहार, प्रतापगढ़।** बिहार ब्लॉक में बतौर खण्ड विकास अधिकारी रहकर सेवा देते रहने वाले अश्वनी सोनकर की पदोन्नति होकर डीसी मनरेगा उप श्रमायुक्त रोजगार बनने पर इन्डियन प्रेस काउंसिल के प्रतापगढ़ जिला उपाध्यक्ष अरुण त्रिपाठी ने विकास भवन स्थिति कार्यालय में मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## तालाब से अवैध खनन को लेकर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तालाब से जेसीबी द्वारा मिटटी निकालने के विवाद को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे बरियार अलावलपुर निवासी मनोज सिंह के पुत्र अतुल सिंह का आरोप है कि शनिवार की रात गांव के उदयपाल सिंह के पुत्र बबलू तालाब से जेसीबी द्वारा मिटटी की खुदाई करा रहे थे। किसी अज्ञात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बंद करा दिया। आरोपी ने पीड़ित पर शक करते हुए अपने साथियों आदित्य, पंकज सिंह, शिवम उर्फ डाक्टर निवासी कुसौली तथा अभिषेक विक्रम उर्फ पप्पू निवासी बेवल नसीराबाद रायबरेली के साथ मिलकर उसे मारापीटा व गला दबाकर जान से मारने का प्रयास भी किया। घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## अखिलेश के जन्मदिन पर सपाईयों ने किया पीडीए वृक्षारोपण



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्म दिवस के अवसर पर कुंडा नगर स्थित काका मार्केट नरसिंहगढ़ सपा कार्यालय में जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पर वरिष्ठ सपा नेता राम अवध यादव काका ने केक काटकर प्रतीक स्वरूप केक खिलाया तथा दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर एक पीडीए नीम के वृक्ष को रोपित किया। श्री काका ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि यह वृक्ष समाज में पीडीए के वृक्ष के रूप में पहचान बनाएगा। बरगद,पीपल, नीम के पेड़ से निकलने वाली प्राण वायु सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता समता की प्राण वायु प्रत्येक दिन हम को देंगे। हर तरह के प्रदूषण को दूर करने की आवश्यकता पेड़ों की है। इस मौके पर अखिलेश यादव एडवोकेट, पप्पन यादव, मोहम्मद इमरान, रज्जू मिस्त्री, जितेंद्र यादव, संदीप पाल, विमलेश यादव, कल्लू विश्वकर्मा, संजय गुप्ता, आलोक यादव व अमृत लाल यादव समेत अन्य सपाई मौजूद रहे।

## जहरीले जंतु के काटने से युवती की हालत बिगड़ी

**कुंडा-प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के पूरे धनऊ गांव निवासिनी गीता देवी 37 वर्ष पत्नी विजय कुमार साहू को रविवार की रात में किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। जानकारी पर परिजनों में हड़कंप मच गया। तत्काल इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

## मारपीट में महिला समेत पांच घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** अलग-अलग मारपीट में महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के सराय गोपाल निवासी सोमनाथ 55 वर्ष पुत्र रामलाल तथा रेखा देवी पत्नी नत्थू लाल को मामूली विवाद में पड़ोसियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के रायपुर भरखी निवासिनी फूलवती 65 वर्ष पत्नी छोटेलाल को चोरी की नियत से घर में घुसे अज्ञात बदमाश ने मारपीट कर वृद्धा को घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के रैयापुर बसनी का पुरवा निवासी राधेश्याम यादव 48 वर्ष पुत्र देवता दीन यादव तथा पत्नी कुसुम देवी पति-पत्नी को पड़ोसियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया है।

# नये आपराधिक कानून पर विधिवेत्ताओं का परामर्श न लिया जाना अव्यवहारिक-ज्ञानप्रकाश

**वाराणसी।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर सोमवार को यहां कलेक्टेऊट कचहरी में अधिवक्ताओं ने हुंकार भरी। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के बैनरतले दोपहर राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व सह संयोजक विकास मिश्र की अगुवाई में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में कचहरी पहुंचकर मांगो के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में शामिल हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रदेश और देश की सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा और उनकी सुविधाओं को लेकर पूरी तरह से लापरवाह बनी हुई है। उन्होनें कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें अधिवक्ताओं के जीवन की सुरक्षा के साथ बार एसोशिएसन से जुडी सुविधाओं को भी नजरअंदाज करती आ रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केंद्र ने नए आपराधिक कानून प्रभावी तो बना दिया किंतु इसे लेकर किसी भी बार एसोशिएसन के अधिवक्ता संगठन से परामर्श या सुझाव नहीं मांगा। उन्होने कहा कि नये कानून को लागू करने से पहले देश भर के अधिवक्ता संगठनो



तथा विधिवेत्ताओं से भी कानूनी सुझाव अमल मे लाया जाना चाहिए था। उन्होनें कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर एसोशिएसन प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान को पूर्ण करने के बाद यूपी विधानसभा के अगले सत्र के दौरान राजधानी लखनऊ मे बडे पैमाने पर विरोध प्रदर्शन को मुखर करेगा।

दि सेण्ट्रल बार एसोशिएसन बनारस के पदाधिकारियों ने भी अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर यात्रा के दौरान उठाई गयी मांगों का समर्थन किया। एसोशिएसन के अध्यक्ष मुरलीधर सिंह तथा महामंत्री सुरेंद्र नाथ पाण्डेय ने अधिवक्ताओं तथा उनके परिवारीजनों को चिकित्सा सुविधा व टोल टैक्स से छूट प्रदान किये जाने पर जोर दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाठक ने प्रदेश सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याणकारी निधि में बजट बढोत्तरी की मांग उठायी गयी। यात्रा के संयोजक एवं एसोशिएसन के महासचिव अनिल त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं के हितों को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को अभी तक प्रभावी न बनाये जाने की आलोचना की। संचालन करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास मिश्र ने कहा कि राज्य सरकार ने एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट पर ड्राफ्टिंग कमेटी मात्र का गठन कर अधिवक्ताओं को गुमराह करने का अभी तक प्रयास जारी रखा है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय, महेन्द्र तिवारी, संजय पाण्डेय, दिनेश सिंह, अरविन्द पंकज, विपिन शुक्ला, शिवनारायण, सत्येन्द्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान यूनियन से सौंपा ज्ञापन



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अन्नदाता किसान यूनियन की सोमवार को लालगंज में बैठक हुई। जिसमें भारी संख्या में किसान व संगठन के सदस्य मौजूद रहे। बैठक के बाद विभिन्न समस्याओं को लेकर यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव भानु प्रताप सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय की अगुवाई में एसडीएम प्रवीण द्विवेदी को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के जरिए समय से नहरों में पानी, बेसहारा मवेशियों से फसल की रक्षा समेत विभिन्न मांगों को लेकर यूनियन ने एसडीएम से निदान की मांग की। इससे पूर्व बैठक को राव वीरेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक सिंह, मण्डल अध्यक्ष प्रयागराज किरन सरोज आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर नीतू गौतम, डॉ. रमापति ओझा, नीतू आदि मौजूद रहे।

## पट्टे की जमीन में दबंगों ने किया कब्जा

**कटरा मेदनीगंज, प्रतापगढ़।** मांधाता ब्लॉक अंतर्गतग्राम सभा घाटमपुर के दानपुर गांव में पट्टा धारक दुखी दुबे को गाटा संख्या 178 रकबा .0760 हैक्टेयर आवासीय मकान बनाने के लिए पट्टा हुआ था। जिसे गांव के ही सुरेश पांडे जगदीश पांडे प्रदीप पांडे आदि ने बाहरी व्यक्तियों के जरिए जबरिया कब्जा कर लिया है। भुक्त भोगी द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर जिले के उच्च अधिकारियों तक लिखित कार्यवाही करने के बाद भी शासन प्रशासन आज तक आवासीय पट्टा तथा चकमार्ग से अवैध कब्जे को नहीं हटवा सका है। जिससे दबंग का मनोबल बढ़ा हुआ है। पीड़ित पक्ष जनसुनवाई के दौरान लगातार उच्चअधिकारियों से जमीन मुक्त करने की गुहार लगा रहा है

# पी.डी.ए. के संवाहक है अखिलेश यादव - इं. वीरेन्द्र यादव

## समाजवादी पार्टी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उ0प्र0 के पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी रायबरेली द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा सुपर मार्केट में स्थित पार्क में वृक्षारोपण किया गया व केक काटकर एक-दूसरे को खिलाकर अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की गयी। जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गयी। इसके पश्चात् जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में कार्यकर्ताओं द्वारा रक्त दान किया गया। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से विधायक राहुल लोधी, शुभम लोहिया, राकेश यादव, विनय यादव, आदर्श भारती, मेराज शम्स, अजीत यादव, बाबू यादव, आशीष सोनी, अनुराग कुमार आदि रहे। सुपर मार्केट रायबरेली में भण्डारा आयोजित कर गरीबों एवं जरूरतमंदों को बड़ी संख्या में भोजन कराया गया। महान सूफी संत महबूब आलम शाह की दरगाह में चादर चढ़ाकर अखिलेश यादव की लम्बी उम्र की दुआयें मांगी गयी। पार्टी कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि अखिलेश यादव, किसानों, मजदूरों, छात्रों, नौजवाना, शोषितों व वंचितों को हक व न्याय दिलाने के उ0प्र0 सरकार के मुख्यमन्त्री रहते हुए अनेकों जनकल्याणकारी कार्य किये हैं, जिन्हें वर्तमान में भी आम जनमानस याद कर रहा है। वह समाजवाद के नायक के रूप में पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों (पी.डी.ए.) की मुख्य आवाज हैं, उनके नेतृत्व में लोकसभा के चुनाव में विघटनकारी भाजपा पर अंकुश लगाने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है, परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में इण्डिया गठबन्धन के 43 सांसद जीतने में सफल हुए।इस अवसर पर विधायक श्याम सुन्दर भारती, ओपी यादव, आर.पी. यादव, दिव्यांवर सिंह, राम विलास यादव, शशिकान्त शर्मा, अरशद खान, रज्जू खान, सरफराज राईनी, मुकेश रस्तोगी सुरेश निर्मल, सुरेश पटेल, मो0 फहीम, जगतपाल यादव, मुनेश्वर पासी, संदीप शुक्ला, राजेश मौर्या, मो0 हसीन, ब्रजेन्द्र चैधरी, पुत्तन सिंह यादव, विनायक सोनकर, कल्लू चैधरी, राजेन्द्र यादव, उमाशंकर चैधरी, मिश्रीलाल चैधरी आदि ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती जूही सिंह, शिवदुलारी, पूनम मौर्या, अरूण प्रताप 'पप्पू', बुधेन्द्र सोनकर, इरफान चिग्गू, नीजेश यादव, आई. जावेद, इम्तियाज हुसैन, इजहार खान 'अज्जू', अविनाश यादव, रमेश मौर्य, जेपी यादव, पुजारी यादव, छोटेलाल यादव, सचिन यादव, आलोक विक्की, अखिलेश माही, विनय यादव मलिकमऊ, सुरेश पासी, राजू कमाली, छविनाथ यादव, सतीश महाजन, मो0 कैफ, अशोक गुप्ता, घनश्याम यादव, शिवबरन यादव, सुरजीत यादव, विकास मौर्य, राम सुमेर, कुलदीप, आलोक, शिव नरायन सोनकर, समरज यादव, देवतादीन, ब्रजेन्द्र चैधरी, भूपेन्द्र सिंह, भीम सिंह, भारत लाल यादव, श्रीमती सोनी भारती, नैय्यर इस्लाम, देशराज यादव, विनोद यादव, संजय यादव, नरेन्द्र यादव, जगदेव यादव, चन्द्र प्रकाश आजाद, अरविन्द चैधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन पर डॉ. शशिकांत शर्मा ने वृद्धाश्रम में किया वृक्षारोपण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन के सुअवसर पार्टी के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉ. शशिकांत शर्मा (संस्थापक प्रबन्धक न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट) के द्वारा आईटीआई स्थित वृद्धाश्रम पहुँचकर सर्व प्रथम वृक्षारोपण के अन्तर्गत वहाँ पर नीम, पीपल एवं बरगद के पौधे रोपित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु होने की कामना की। तद्पश्चात वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजनों को भोजन एवं फलवितरण किया। डॉ. षशिकान्त षर्मा ने वहाँ उपस्थित सभी माताओं-बहनों को प्रणाम करते हुए कहा कि आज मेरे यहाँ आने का उद्देश्य यह है कि देश के पिछड़ा-दलित मोर्चा के प्रखर सूत्रधार अखिलेश यादव का जन्मदिन लोक-कल्याण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है यह तभी सम्भव होगा जब हमारे साथ आप सभी वृद्धजनों का आशीर्वाद बना रहेगा। हम आश्रम की प्रगति के प्रति आत्मिक भाव से निरंतर संकल्पित रहेंगे। यह सुनकर वहाँ उपस्थित सभी वृद्धजनों ने मन की गहराईयों से अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी की गति-प्रगति का आशीर्वाद दिया, साथ ही रामबली सिंह, मैनेजर धनन्जय सिंह एवं अनुज श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छोटेलाल यादव, राजकुमार (सभासद), बलराज राना, लालमणि चैधरी(पूर्व सभासद), राजू यादव, अब्दुल वाहिद, मो0 षकील, के.के. साहू (जिला अध्यक्ष साहू चैपाल), प्रभाकर गुप्ता(अध्यक्ष कसौधन समाज), जसवंत प्रधान नितिन सिंह, संजय श्रीवास्तव एवं अन्य

## प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर में पहुँचकर डीएम ने बच्चों का किया गया स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** गर्मियों की छुट्टियों के बाद सोमवार से बच्चों के लिए विद्यालय खुल गए। समर कैंप के बाद सोमवार से खुले विद्यालयों में अधिकारियों ने पहुँचकर बच्चों का स्वागत किया। आज मुख्य कार्यक्रम का आयोजन अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर में आयोजित किया गया। जहां पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, सीडीओ, डीआईओएस, बीएसए सहित अन्य अधिकारियों ने पहुँचकर बच्चों का स्वागत किया। बता दें, बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में आज 1 जुलाई से बच्चों की पढ़ाई शुरू हो गई है। स्कूल चलो अभियान की शुरूआत भी हो चुकी है। प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर पहुँचकर अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचे बच्चों का गेट पर स्वागत किया और उनको तिलक लगाया। इस दौरान उन्होंने ने अपने हाथों से बच्चों को चाकलेट और टाफी भी वितरित की। बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और टॉफी देकर स्वागत किया गया।बच्चे जब क्लास में पहुंचे तो उनको निरूशुल्क किताबो के सेट दिए गये। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि प्रदेश सरकार तमाम तरह की सुविधायें परिषदीय विद्यालयों में दे रही है। बच्चे अधिक से अधिक विद्यालय आए इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। लेकिन बच्चे पढ़ लिखकर निपुण बनें ये जिम्मेदारी शिक्षकों की है।

स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में शिक्षकों का अहम रोल है। डीआई ओएस ओमकार राणा ने इस दौरान बच्चों से नियमित स्कूल आने की अपील की और शिक्षा का महत्व भी बताया। इस मौके पर शिक्षकों कहा गया कि एक भी बच्चा नामांकन से छूटने आये और सभी बच्चे नियमित पढ़ाई करें इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन भी दिया जा रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को भोजन नियमित मेन्यू के अनुसार ही दिया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय में एक शैक्षिक माहौल बहुत जरूरी है। बच्चों को जब एक बेहतर माहौल मिलता है तो उनका रोज विद्यालय आने का मन करता है। उन्होंने कहा कि हम जो पढ़ा रहे हैं वह बच्चों को समझ में आना चाहिए ये हमारी मुख्य जिम्मेदारी है।इस मौके पर बीईओ बृजलाल, रिचा सिंह, प्रधानाध्यापक मीना तिवारी, अमित

## नए कानूनों की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार अविलंब एक विशेषज्ञ न्यायिक आयोग का गठन करे - अधिवक्ता मान सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अपना दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट मानसिंह पटेल ने एक बयान में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार से मांग की है।उन्होंने कहा, कि 146 विपक्षी सांसदों के निलंबन के पश्चात यह कानून संसद में पारित किए गए थे, जिससे ऐसे कानूनों की नए सिरे से समीक्षा होना जनहित में आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तीनों नए कानूनों की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार अविलंब एक विशेषज्ञ न्यायिक आयोग का गठन करे, जो आपराधिक प्रक्रिया और न्याय प्रणाली में सुधार करेगा और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेगा। उन्होंने कहा कि तीनों कानूनों को संसद में विस्तृत बहस या प्रभावी चर्चा के पश्चात पारित कराये जाने से ही देशवासियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा होगी।

## गर्मी की लम्बी छुट्टियों के बाद न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में षुरू हुई पढ़ाई,मनाया गया डाक्टर्स डे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में गर्मी की लम्बी छुट्टियों के बाद आज नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी स्टूडेन्ट्स् के लिए स्कूल ओपेन हो गया। नन्हें-मुन्ने बच्चे स्कूल आकर बहुत ही खुश और नई ऊर्जा से पूरित दिखाई दे रहे थे। जुलाई की पहली तारीख को सभी बच्चों की उपस्थिति में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने माँ वीणावादिनी का पूजन सम्पन्न कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।आज ही एक जुलाई को डॉक्टर्स डे भी मनाया गया। इस दिन को मनाये जाने की खास वजह यह है कि यह दिन प्रख्यात चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.बिधान चन्द्र रॉय की जयंती के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य जी ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि आधुनिक युग विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी का युग है। आप अपनी सोच को विकसित करें। प्राइमरी-जूनियर के बच्चों के बिना यह स्कूल सूना सा लग रहा था, अब आप सभी के आने से यह विद्या मन्दिर हरा-भरा हो गया। हम आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि यह वर्ष आप के लिए मंगलमय हो।

आज डॉक्टर्स डे भी है जब हम कभी बीमार होते हैं तो डॉक्टर के पास ही जाते हैं। वास्तव में डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होता है। आज स्कूल में डेंटिस्ट डॉक्टर अपूर्व दत्त षर्मा ने स्टूडेन्टस् को दाँतों की बीमारियों के सम्बन्ध में बताते हुए उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों के जवाब भी दिये। इस अवसर पर डॉक्टर षर्मा को प्रधानाचार्य द्वारा बुकें एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने दी जान,शवपीएम के लिए भेजा

सलोन,रायबरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी।घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।कोतवाली अंतर्गत करहिया चैकी क्षेत्र के नया पुरवा गांव के रहने वाले (28)वर्षीय सजन लाल पुत्र राम दुलारे ने रविवार दोपहर को संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया।जहर खाने से युवक की हालत बिगड़ी तो उसे सीएचसी सलोन में भर्ती कराया गया।डॉक्टर ने नाजुक स्थित को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया था।

सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों के मुताबिक युवक ने जहर खाया था।इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

## भाकपा(माले) राज्य व्यापी प्रतिवाद दिवस पर विकास भवन में धरना कर किया प्रदर्शन !

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भाकपा(माले) राज्य व्यापी प्रतिवाद दिवस पर आज विकास भवन में धरना दिया और बाद में जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए सभा की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए भाकपा(माले) राज्य कमेटी सदस्य विजय विद्रोही ने कहा कि मोदी सरकार के तीन नए आपराधिक कानून (क्रिमिनल कोड) भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह ले ली है। तीनों नए कानूनों के संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों और कानूनी बिरादरी की ओर से कई चिंताएं व्यक्त की गई हैं। उदाहरण के रूप में, इन कानूनों में कई कठोर प्रावधानों ने नागरिकों को मिलने वाली बुनियादी नागरिक स्वतंत्रता को अपराध घोषित कर दिया है विशेष रूप से बोलने की स्वतंत्रता, इकट्ठा होने का अधिकार, एकजुट होने का अधिकार, प्रदर्शन करने का अधिकार और अन्य नागरिक अधिकार। पुलिस की मनमानी शक्तियां बढ़ा दी गई हैं, जिससे देश में नागरिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर असर पड़ेगा। ये कानून औपनिवेशिक काल के कानूनों से भी ज्यादा दमनकारी बना दिये गए हैं। इन कानूनों को बिना किसी चर्चा या संसदीय परीक्षण के अनुचित जल्दबाजी में पारित कर दिया गया। इनके पारित किए जाने के समय 146 विपक्षी सांसद निलंबित थे। इंसाफ मंच के जिलाध्यक्ष हलीम महमूद ने कहा कि कानून का राज खत्म हो गया है। प्रदेश में भीड़ हत्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं, अलीगढ़ में फरीद नामक युवक की चोरी का आरोप लगाकर हत्या कर दी गई, इसी तरह दलित, आदिवासियों पर भी संगठित हमले जारी हैं।



किसान महासभा जिलाध्यक्ष फूल चंद्र मौर्या ने कहा कि प्रदेश भर में ग्रामीण और शहरी गरीब और निम्न मध्यम वर्गीय महिलाओ को राष्ट्रीय जीविका मिशन और कुछ निजी कंपनियों ने समूह के नाम पर लघु ऋणो के मकड़जाल में फंसा दिया है, जिनकी महाजनी वसूली का तरीका और भारी व्याज दर उनके लिए बहुत बड़ा संकट बन गया है, परिवार तबाह और बर्बाद हो रहे हैं और भय, अपमान और अभाव के कारण लाखों परिवार आत्म हत्या के लिए विवश हैं। बाद में राष्ट्रपति और राज्य पाल को अलग अलग दो प्रतियों में नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से ज्ञापन भेजकर केंद्र सरकार तीन आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर विराम लगाए। उन्हें उचित परीक्षण और विचार-विमर्श के लिए संसद में फिर से पेश करने उत्तर प्रदेश में गरीबों के घरों से उनकी बेदखली रोके जाने और दमनकारी बुल्डोजर राज पर रोक लगाने गरीबों की बस्तियों का नियमितीकरण किए जाने व अकबरनगर (लखनऊ) के विस्थापितों को पर्याप्त क्षतिपूर्ति के साथ निःशुल्क मकान व नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने के साथ भीड़ हिंसा पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने तथा समूह की महिलाओं पर सरकारी और गैर सरकारी वित्तीय कंपनियों के सभी लघु ऋणो ( माइक्रो फाइनेंस) की माफी की मांग की गई। कार्यक्रम में आइसा नेता अहमद सिद्दीकी, आर एस यादव, राजेंद्र यादव, हरी लाल, रमेशर प्रधान, उमा नाथ, रामावती ने प्रमुख रूप से हिस्सा लिया।

## हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं की मदद से पुलिस ने पकड़ा गोवंशो से भरा ट्रक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र बिसाइया गांव में गोवंशो से भरा एक ट्रक पुलिस ने हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं की मदद से पकड़ लिया है। बताया जाता है कि ट्रक में गोवंश को तस्करी कर वध के लिए ले जाया जा रहा था। मौके से दो अभियुक्तो को गिरफ्तार करने का पुलिस में दावा किया है।जबकि तीन लोग मौका पाकर भाग निकले। पुलिस मुकदमा मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने करीब एक दर्जन गोवंशों को बरामद कर उन्हें गौशाला भिजवा दिया है।जबकि दो दर्जन गौवंशो को मौके पर छोड़ दिया गया।रविवार देर रात विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि बिसाइया गांव में बृजेश पुत्र श्रीराम के पलेसर के समीप एक ट्रक में बड़ी संख्या में गोवंश लादे जा रहे हैं।इसके बाद पूरे प्रकरण की सूचना पुलिस को दी गई।हिन्दू संगठन की सूचना पर कोतवाली प्रभारी समेत पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुच गए।



पुलिस द्वारा जब ट्रक की जांच की गई तो एक दर्जन गौवंश नजर आये जिन्हें अंदर ठूंस-ठूंस कर भरा गया था और उनके गले में रस्सी बांध दी गयी थी।जबकि मौके पर बनाये गए बाड़े में लगभग दो दर्जन गौवंश मिले थे।पुलिस के मुताबिक दो लोगो को मौके से गिरफ्तार किया है।कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर एक दर्जन गैवंशो को मुक्त कराया गया है।ट्रक चालक और मालिक समेत तीन वांछित फरार है।मौके से अमृत लाल वीरेंद्र कुमार गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि स्थानीय कार्यकर्ताओ किं सूचना पर गौवंश तस्करी की जानकारी पुलिस को दी थी।पुलिस ने मौके से ट्रक के अंदर से गौवंश बरामद कर स्वीकार किया कि तस्करी के लिए गाड़ी लोड हो रही थी।ये नेटवर्क में कौन कौन

## कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** त्योहारों के मद्देनजर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने की पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित सैकड़ो लोगों को संबोधित किया। तो वही उपस्थित क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि मोहर्रम के त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र के सभी गांव में उठने वाली ताजिया व ताजिया से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई परेशानी किसी भी व्यक्ति को हो तो मुझको वह मेरे सी यू जी नंबर पर सूचित करें। जिसका निस्तारण त्वरित किया जाएगा तथा ताजिया दारों द्वारा ताजिया उठते समय यदि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी हो तो अविलंब सूचित करें । जिसका निस्तारण भी मौके पर जाकर किया जाएगा तो वही 1 जुलाई से लागू किए गए नए कानून के तहत जहां आम जानमानस को राहत मिलेगी तो वहीं परिवर्तित धाराओं में 1 जुलाई से अभियोग पंजीकृत किए जाएंगे तथा लोगों को जागरुक किया। तो वहीं मौजूद रहे कोतवाली प्रभारी बालेन्दु गौतम ने कहा कि नये कानून के तहत आप सभी लोग गांव गांव जाकर आम जनमानस को कानून के प्रति जागरूक करें तथा कोतवाली परिसर में आने वाले प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को त्वरित न्याय दिलाया जाएगा। जिसके लिए संपूर्ण पुलिस महकमा सदैव जनमानस की सेवा में तत्पर रहेगा। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर कमलेश चंद्र उपनिरीक्षक दिनेश गोस्वामी उपनिरीक्षक सचिन शर्मा उप निरीक्षक राहुल चैहान उप निरीक्षक रवि पवार व चैकी इंचार्ज थुलवांसा लक्ष्मी नारायण द्विवेदी भी मौजूद रहे।



## एनसीसी कैम्प कैडटों का सैन्य जीवन से परिचय कराता है: प्राचार्य



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** दयानंद पीजी कॉलेज बछरावां में सीएटीसी कैंप से वापस आए कैडटों से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने मुलाकात की और कैम्प के अनुभवों को जाना।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कैडटों को संबोधित करते हुए कहा कि कैंप के माध्यम से कैडेट सैन्य जीवन की कठिनाइयों को जानते हैं और आपदाओं में स्वयं एवं आमजनता को सुरक्षित करने के हुनर को सीखते हैं। वैसे भी एनसीसी अनुशासन,मानवता, राष्टीयता आदि का पाठ पढाती है। एनसीसी एएनओ कैप्टन डॉ विष्णु चंद श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी जीवन की कला को सिखाती है और कैम्प उसे निखारने का कार्य करता है। ट्रेनर राहुल चैरसिया ने आगामी सत्र के ट्रेनिंग शेड्यूल को समझाया।

डॉ0 लव पाल सिंह ने कैडटों को जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने एनसीसी कैडटों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

## आंगनबाड़ी केंद्र में हुई चोरी, गैस सिलेंडर और बर्तनों पर किया हांथ साफ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बेवली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़ कर किचन में घुसे चोरों ने किचन में रखा गैस सिलेंडर और बर्तन पर हांथ साफ कर दिया।अध्यापक सुबह जब स्कूल पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई।प्रधानाध्यापक सुहेल अहमद के मुताबिक सुबह जब वह विद्यालय पहुंचे तो आंगनबाड़ी केंद्र का ताला टूटा था। और रसोइया में रखा गैस सिलेंडर सहित बच्चों के खाना खाने की थाली, कटोरी, चम्मच सहित अन्य बर्तन चोरी हो गए थे। और ताला टूटा पड़ा था।वहीं प्रधानाध्यापक ने यह भी बताया की उनके विद्यालय में एक महीने के अंदर यह दूसरी चोरी की घटना हुई है। पहली चोरी की वारदात 11 जून को हुई थी। जिसमें चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर कमरे में रखा 01 कुंतल गेहूं और 2.5 कुंतल चावल

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मां की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र के लोगों से रूबरू हुए और विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखा। प्रधानमंत्री ने रोहित शर्मा की क्रिकेट टीम इंडिया के विश्व कप जीतकर इतिहास रचने पर उन्हें बधाई दी। साथ ही आगामी ओलंपिक के भारतीय दल को भी अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। लोकसभा चुनाव में भाग लेने वाले 65 करोड़ मतदाता और चुनाव आयोग के प्रति भी उन्होंने आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का जनता से आह्वान किया। बनबासी लोगों को भी याद करते हुए कहा कि वनवासियों ने स्वतंत्रता की लड़ाई में अंग्रेजों से जमकर लोहा लिया था।ऐहार में आयोजित मन की बात कार्यक्रम के उपरांत भाजपा विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बूथ स्तर से मतदाता की कद्र करती है। किसी भी जीत का श्रेय पार्टी अपने बूथ कार्यकर्ता को देती है। इसी कारण कार्यकर्ताओं के समूह को भाजपा में देव दुर्लभ फौज कहा जाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह खुद को भाजपा पार्टी का समर्पित सिपाही समझकर पार्टी को मजबूत करने काम करें। किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 1975 में संविधान के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की थी संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव में महिलाओं के खाते में 8500 रुपये भेजने, आरक्षण खत्म करने की अफवाह फैलाकर लोगों को बरगलाने का काम किया है लेकिन भाजपा जो कहती है वह करती है। चुनाव होते ही प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि भेजने का काम किया है। कार्यक्रम के दौरान किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला को एक रेडियो भी गिफ्ट किया।इस अवसर पर विकास तिवारी पिंकू, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह, आयुष त्रिवेदी, आशीष त्रिवेदी, बलवंत लोधी ,ओपी शुक्ला, संतोष शुक्ला, अखिलेश पांडे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पंडित राकेशधर शास्त्री ने प्रभु श्रीराम की महिमा और शिव पार्वती प्रसंग का किया मार्मिक वर्णन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** श्री जगन्नाथ यात्रा के उपलक्ष्य में सप्त दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्री भैरवनाथ मंदिर पंचमुखेश्वर महादेव मंदिर के परिसर में सराफा मंडी लालगंज में प्रारंभ हो गया है ।कथा में पूजन सुबह 7बजे से 9 के मध्य एवं श्रीराम कथा सायं काल 7बजे से 10 बजेके मध्य होगी। कथावाचक श्रीराम कथा मर्मज्ञ पंडित राकेशधर शास्त्री के द्वारा श्रीराम कथा की महिमा तथा शिव सती प्रसंग पर बड़ा ही सुंदर वर्णन किया गया।शिव पार्वती विवाह का बड़ा ही अलौकिक वर्णन सुनकर श्रोता मंत्र मुक्त हो गए। श्रोताओं ने बहुत ही सुंदर भजनों का आनंद लिया एवं अपने जीवन को धन्य किया। श्री शास्त्री जी ने कहा कि कलियुग में श्रीराम कथा सुनने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और वह पुण्य का भागी बनता है।

## बारिश से घरों में भरा पानी, कच्चे मकान गिरने की आशंका

लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** क्षेत्र में मंगलवार को चार घंटे झमाझम बारिश होने से आम जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से कई जगहों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गयी है। जिससे घरों के गिरने का खतरा बना हुआ है। विकास खंड के अरूआरी गांव के नहर के पास केशरवानी बस्ती पानी भर जाने से विधवा प्रभावती देवी, धर्मेन्द्र कुमार केशरवानी, बाल गोबिंद केशरवानी के मकान में पानी भर गया है। जिससे कच्चे मकान के जमीदोज होने का खतरा बढ़ गया है। इस तरह पानी घर के अंदर भरा होने से घरों में रहना मुश्किल है। धर्मेन्द्र कुमार केशरवानी ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के लिए अनलाइन फार्म भरा था। लेकिन उन्हें आवास नहीं मिला। ग्राम प्रधान विमलेश त्रिपाठी ने बताया कि केशरवानी बस्ती के चारों ओर ठाकुर साहब लोगों का निवास है। इन लोगों का मकान अंदर है। जिससे चारों तरफ से पानी का निकासी बंद होने से बरसात का पानी घरों में कर रहा प्रवेश हो जाता है। जबकि आने - जाने का रास्ता भी कब्जा कर लिया है। दो लोगों को आवास आया हुआ है। बीच भारी बारिश के चलते घरों




के दोनों तरफ पानी भर गया है। मुस्मात प्रभावती देवी ने बताया कि

> जल निकासी की व्यवस्था न होने से परेशानी

एक सौ पूर्व से कच्चा मकान बना हुआ है। जबकि रास्ता और जल निकासी की व्यवस्था थी। लेकिन गांव के शोरे पुस्त और सरहगई व दबगई के चलते घरों से सड़क तक निकलना मुश्किल हो गया है। जबकि इस संबंध में कई बार तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया गया। लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

## नये अधिनियम के अन्तर्गत पांच लोगों का हुआ चालान

**बहरिया।** बहरिया थाना क्षेत्र के हसनपुर मय चक मंसूर की निवासिनी कमलेश देवी पत्नी विद्याभूषण का अपने पड़ोसी विद्यासागर उर्फ पारसनाथ के बीच जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। जिस पर कमलेश देवी ने अपनी जमीन की पैमाइश हल्का लेखपाल द्वारा की गयी जिस पर विद्यासागर व उनके परिजन मानने से इंकार कर दिया। जिसके चलते विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गयी। जिसकी सूचना बहरिया पुलिस को दी गई।

## माफिया अतीक के बेटों उमर और अली के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**प्रयागराज।** बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में आज मंगलवार को पुलिस ने माफिया अतीक के बेटों उमर और अली अहमद के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी। उमर लखनऊ जेल में बंद है जबकि अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद हैं। धूमनगज एसीपी ने जांच पूरी कर अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने बताया कि उमर और अली के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो गया है। दोनों हत्याकांड की साजिश में शामिल थे।ज्ञात हो कि 24 फरवरी 2023 प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में माफिया अतीक अहमद के शूटरों ने खून की होली खेली थी। उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर पर बम गोलियां बरसा कर हत्या की गई थी। इस मामले में जांच में माफिया के बेटे उमर अहमद और अली अहमद हत्याकांड की साजिश के आरोपी बनाए गए थे। इस हत्याकांड में पुलिस की यह चौथी चार्जशीट है। अली का बयान पुलिस ने नैनी सेंट्रल जेल में जाकर दर्ज किया था। अली ने अपने बयान में हत्याकांड की साजिश से जुड़े अहम राज खोले हैं। पुलिस ने उसका बयान अंकित करते हुए इसे केस डायरी का हिस्सा बना लिया है। अली ने कबूल किया था कि उसे हत्यकाांड से पहले से पूरी जानकारी थी। उसने यह भी कहा था कि मैं भाई असद को हत्याकांड में शामिल होने के लिए मना कर रहा था लेकिन अब्बा यानि अतीक नहीं मानें थे।इसी प्रकार लखनऊ जेल में बंद अतीक के बड़े बेटे उमर का बयान दर्ज हुआ था। उमर ने भी कबूल किया था कि वह इस हत्याकांड की साजिश में शामिल था।

## सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**नैनी(प्रयागराज)।** सोमवार को नैनी स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अजय कुमार अपर निदेशक सुशील तिवारी तथा अतिथि चिकित्सक डॉक्टर विनीत द्विवेदी के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाल ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। बच्चों के मार्गदर्शन हेतु आये हुए चिकित्सक डॉक्टर विनीत द्विवेदी ने बच्चों को चिकित्सा दिवस के महत्त्व को बताया तथा बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों का जवाब दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने डॉक्टर की तरह सफेद कोट पहन कर रोल प्ले किया। जिसमें उन्होंने अपने घर के सदस्यों का इलाज किया। विद्यालय के अपर निदेशक सुशील तिवारी ने बच्चों को बताया कि भारत में हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिन स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले चिकित्सक विधान चंद्र राय के जन्म की याद में मनाया जाता है। इसे पहली बार 1991 में महात्मा गाँधी के निजी चिकित्सक के



सम्मान में मनाया गया था, जो पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी थे। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान हमारे चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सकों के बहुमूल्य प्रयासों की सराहना की तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को इस साल राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की थीम।÷ हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हर्ट्स÷ के उद्देश्य को बताया।
जो डॉक्टर कार्यक्रम में नहीं पहुँच सके, उन्होंने अपने संदेशों के माध्यम से अपना आभार व्यक्त किया और इस तरह के कार्यक्रम की व्यवस्था करने की स्कूल की पहल की बहुत सराहना की।

इस अवसर पर बच्चों ने चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े हुए कई कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जो कि सभी का मन मोह लेने वाला था। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त करके किया। इस अवसर पर विद्यालय के को आर्डिनेटर वरुण शुक्ल अर्पित कुमार शुक्ल तथा प्रीति दूबे तथा शिक्षकगण आर्यन,मयंक,ऐश्वर्य स्नेहलता, प्रीति, रक्षा, अंजू आदि उपस्थित रहे।

## परिषदीय स्कूलों में अधिकारियों व शिक्षकों ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत

### खंड शिक्षाधिकारी कोरांव ने कोसफरा में बच्चों का स्वागत कर किया पौधरोपण

लोकमित्र ब्यूरो

**कोरांव (प्रयागराज)।** सोमवार एक जुलाई को अधिकारियों व शिक्षकों ने कोरांव स्थित तमाम परिषदीय स्कूलों में नव प्रवेशी बच्चों को रोली चंदन का तिलक लगाकर उनका स्वागत अभिनन्दन किया। वैसे तो बीते 28 जून से ही बच्चों के लिए परिषदीय स्कूल खोले गए थे जहां पर बच्चों का रोली चंदन से शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया था। शासन के निर्देश व विभागीय उच्च अधिकारियों के आदेश पर सोमवार एक जुलाई को नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन परिषदीय स्कूलों में किया गया। कतिपय स्कूलों में तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने भी पहुंचकर नव प्रवेशी बच्चों को रोली चंदन का तिलक लगाए और फल का वितरण किया। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय



उल्दा में जहां नायब तहसीलदार रणविजय सिंह ने प्रधानाध्यापक राम बहादुर सिंह व शिक्षक गणेश शंकर तिवारी की मौजूदगी में बच्चों का स्वागत किया वहीं प्राथमिक विद्यालय कोसफरा में खंड शिक्षाधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान और एआरपी अवधेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से बच्चों को रोली चंदन का तिलक लगाकर फल और कापी कलम का वितरण किया। इतना ही नहीं उन्होंने स्कूल परिसर में पौधरोपण कर लोगों के लिए शुद्ध प्राणवायु की राह सुगम किया। बच्चों का स्वागत किए जाने के दौरान खंड शिक्षाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने कहा कि बच्चों को रोली चंदन का तिलक लगाने से उनके साथ शिक्षकों का आत्मीय संबंध मजबूत होगा जिससे बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति नियमित सुनिश्चित होगी। इतना ही नहीं क्षेत्र के तमाम स्कूलों में एक जुलाई को नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत की धूम देखी गई। इस अवसर पर उक्त के अलावा शुभा सिंह विनोद कुमार सिंह सखाराम सिंह सरला सिंह वेद प्रकाश सिंह सहित तमाम बच्चे मौजूद रहे।

## अपाची बाइक सवार और ई-रिक्शा में टक्कर, दोनों हुये घायल

**बहरिया।** बहरिया थाना क्षेत्र के दोनईया चौराहे के पास सोमवार को ई रिक्शा और अपाची बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें दोनों को गंभीर चोटे आई। मिली जानकारी के अनुसार रामदुलार निवासी जाम्हा ने बहरिया थाने में लिखित तहरीर दिया है कि मेरा पुत्र अर्जुन प्रसाद बहरिया से ई रिक्शा से सवारी बैठा कर दोनईया की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह दोनईया चौराहे के पास पहुंच ही था कि अपाची बाइक सवार और ई रिक्शा में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। जिसके चलते ई रिक्शा पक्की सड़क पर पलट गया और अपाची बाइक सवार भी पक्की सड़क पर गिर गया। उक्त टक्कर से अर्जुन प्रसाद के पैर में गंभीर चोटे आई। वही अपाची बाइक सवार मोनू को भी गंभीर चोटे आई। दोनों में टक्कर होने के बाद अर्जुन प्रसाद को अपाची बाइक सवार लोगों ने गाली गुप्ता देते हुए जमकर पीट दिया। उक्त घटना की तहरीर दोनों पक्षों ने बहरिया थाने में दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

## अधिवक्ता के साथ बदसलू की मिली जान से मारने की धमकी

लोकमित्र ब्यूरो

**कोरांव (प्रयागराज)।** तहसील को मे विधी व्यवसाय रत एक अधिवक्ता रविवार को सरकारी अस्पताल के समीप रात्रि करीब सात बजे के करीब नाई की दुकान पर बाल कटा रहा था उसी वक्त पहुँचे गिरोह बंद लोगो ने उसे घेरकर गाली देना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए वहाँ से चले गए जिसकी शिकायत अधिवक्ता ने थाना कोरांव पर लिखित रूप से सोमवार को साथी अधिवक्ताओं के साथ कि। बताते है कि ग्राम तराव थाना कोरांव निवासी एक व्यक्ति एक मुकदमे को लेकर अधिवक्ता से नाराज हो गया था। जब 30 जून रविवार को अधिवक्ता सीएचसी कोरांव के बगल रात्रि करीब 7 बजे बैठकर बाल कटा रहा था तो वह व्यक्ति कई लोगों के साथ पहुँचे और उसको गाली देते हुए कहने लगे कि तुम्हारी वकालत तबाह कर देंगे और एक दिन तुम्हे गोली मारकर जान से मार देंगे जिससे अधिवक्ता और उसका पूरा परिवार भयाक्रांत है अधिवक्ता ने सोमवार को साथी अधिवक्ताओ के साथ पहुँचकर कोरांव थाने पर उपरोक्त अतिचारियो के विरुद्ध तहरीर देते हुए अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है समाचार लिखे जाने तक एसआई अनुज राय द्वारा उपरोक्त अतिचारियो को थाने पर बुलाया गया था परन्तु कोई उपस्थित नही हुआ अधिवक्ता से कहा गया मामले मे विधिक कार्यवाही की जाएगी

## हंडिया में नए कानून प्रभावी बनाने तथा मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** हंडिया थाने में सोमवार को संभ्रांत लोगों के बीच नए कानून को प्रभावी बनाने तथा मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक बुलाई गई। बता दें कि संविधान मे नए कानून को लेकर धाराओं में संशोधन किया गया है। जो आज 1 जुलाई से देश में लागू कर दी गयी है। उक्त के संबंध में थाना प्रभारी हंडिया बृज किशोर गौतम ने बताया कि अब उसमें संशोधन करके नई धाराएं लागू हो गई है जो भी मुकदमे पंजीकृत होंगे उनमें जल्द से जल्द विवेचना कर निस्तारण किया जाएगा। मोहर्रम को लेकर जहां-जहां रास्ते को लेकर विवाद है उसकी गंभीरता पूर्वक लेते हुए चौकी इंचार्ज व हल्का इंचार्ज को तत्काल निस्तारण करने का आदेश दिया गया है।जिसमें अंजना,असवां, बरौत ,इमामगंज इत्यादि गांवों में लोगों ने बताई हैं जिस पर थाना प्रभारी मामले को संज्ञान में लेते हुए मौके पर जाकर निस्तारण करने की बात कही।कांवड़ यात्रा को लेकर रूट डायवर्जन,मंदिरों व अन्य धर्मशाला सहित तमाम धार्मिक स्थलों को संबंधित ग्राम प्रधानों व संभ्रांत व्यक्तियों से भीड़ की वह हर प्रकार की समस्या की जानकारी ली। उक्त बैठक में ग्राम प्रधान बरौत, ग्राम प्रधान इमामगंज ग्राम प्रधान शुकुलपुर व कादिर भाई, दिनेश केशरवानी, संजय अग्रहरी, अमृतलाल सभासद, दीपचंद सभासद, रामू सभासद, पप्पू खां सभासद, बबलू भेलसी आदि लोग उक्त बैठक में उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत् भगवान श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप है -पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ल

लोकमित्र ब्यूरो

**नैनी(प्रयागराज)।** अवंतिका कॉलोनी, नैनी स्थित चंद्रलोक गेस्ट हाउस में सोमवार को प्रातः कालीन सत्र में श्रीमद् भागवत् पुराण का वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा संस्कृत में पारायण हुआ एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने 04 वेद, 18 पुराण, 06 शास्त्र, श्रीमद् भगवत् गीता, श्री रामचरितमानस, वाल्मीकि रामायण आदि ग्रन्थों का दर्शन - पूजन किया। सायंकालीन सत्र में कथा मर्मज्ञ पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने श्रीमद् भागवत् कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत् भगवान श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप है। इस कथा के श्रवण मात्र से जीव का कल्याण होता है, उसके विकार नष्ट होते हैं, ईश्वर के प्रति श्रद्धा उत्पन्न होती है एवं प्रेत-योनि से मुक्ति मिलती है।कथा श्रवण का अवसर उसी जीव



को मिलता है जिस पर ईश्वर की असीम कृपा होती है।
महाराज परीक्षित के जन्म-प्रसंग को सुनाते हुए शुक्ल जी ने कहा कि महाराज परीक्षित की परीक्षा मां के गर्भ में ही हो गई थी इसीलिए उनका नाम परीक्षित पड़ा। भगवान श्री कृष्ण ने अश्वत्थामा द्वारा चलाए गए ब्रह्मास्त्र से गर्भस्थ शिशु परीक्षित की सुदर्शन चक्र द्वारा रक्षा की थी।कथा के मुख्य यजमान योगेंद्र सिंह, आराधना सिंह, अरविंद सिंह, उमा सिंह एवं पवन शुक्ला ने श्रीमद् भागवत् जी की आरती की। कथा में प्रमुख रूप से अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, विनोद शंकर तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, वी बी सिंह एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## वीर अब्दुल हमीद जयंती मनाई गई




**नैनी (प्रयागराज)।** नैनी कांग्रेस जन के द्वारा नैनी के चक भटाही में देश आजादी की जंग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद हुए उत्तर प्रदेश के गांव गाजीपुर के धामूपुर में जन्मे लेने वाले वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर याद किया गया।इस दौरान उपस्थित कांग्रेस जनों ने सामूहिक रूप से कहा कि देश में 1965 के दशक में भारत और पाकिस्तान के बीच एक जंग हुई थी जिस हुई जंग में अमर शहीद हुए वीर साहसी अब्दुल हमीद जी ने अपने अदम्य साहस को दिखाते हुए दुश्मन के आठ पैटन टैंक को बर्बाद कर डाले थे। और भारत-पाक युद्ध के दौरान खेमकरण सैक्टर के आसल उत्ताड़ में लड़े गए युद्ध में अद्भुत वीरता का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त किया और मरणोपरान्त उन्हें भारत का सर्वोच्च सेना पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। उनकी जंयती पर उन्हें हृदय से कोटि कोटि नमन करते हैं।
वही दूसरे क्रम में सभी लोगों ने कहा कि आज भारत में क्रिकेट टीम ने अपने साहस और मेहनत से खेले गए मैच में भारत में विश्वकप जीतकर एक मिशाल कायम किया है, और देश में यह गौरव करीब तेरह वर्ष के बाद मिला है जिस पर एक जश्न को मनाकर देश के क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का सम्मान करना चाहिए ताकि आने वाले समय में क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के हौसले बुलंद रहे और खेल को जीजान के साथ खेलकर देश के गौरव को बढ़ाते रहें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता हजारी लाल कुशवाहा,शहर कांग्रेस कमेटी के शहर उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, नयन कुशवाहा, शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव,अंजुम नाज,शहर सचिव विरेंद्र शर्मा,प्रदीप वर्मा ,विजय कुमार, वार्ड अध्यक्ष राज कुमार कुशवाहा,मुन्ना जाफरी, व्यापार मंडल के मंत्री धीरू यादव, जमाल अख्तर,राजू,पास्टर विनोद जैकब,इंदुबाला चौधरी,शिव शंकर,उमा देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आजाद समाज पार्टी की धमौर में बैठक हुई सम्पन्न

### 0 दीनानाथ गौतम बने सोरांव विधानसभा अध्यक्ष



लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया।** सोमवार को आजाद समाज पार्टी सोरांव व फूलपुर की संयुक्त बैठक विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत धमौर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुकेश बाल्मीकि ने की। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। जिला प्रभारी लीगल सेल के मंडल संयोजक दिनेश पाल , महानगर अध्यक्ष मनोज गौतम , पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अखिलेश आजाद व विधान सभा उपाध्यक्ष फूलपुर राजेश वर्मा समेत आदि कार्यकर्ता रहे। इस दौरान विधान सभा सोरांव का गठन किया गया जिसमे दीना नाथ गौतम को विधान सभा सोरांव के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिया गया।

## बहरिया में सपाईयों ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया।** सोमवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन टी आर पब्लिक स्कूल कटरा बहरिया में केक काटकर मनाया गया व राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु होने और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की और संविधान की प्रतियां लेकर संविधान की रक्षा का संकल्प लिया



गया। इस मौके पर संविधान की प्रतियों को जन जन तक वितरित कर संविधान के प्रति जागरूक करने का काम किया गया। इसके बाद पीपल, बरगद, नीम और आम के 51 पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सोरांव गीता पासी, पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, विकास निगम, मदन मोहन, गुफरान मलिक, प्रशांत यादव व राम सजीवन समेत कार्यकर्ता शामिल रहे।

## रानी रेवती देवी के ओम मिश्रा का आई आई टी में चयन

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज के 2024 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके ओम मिश्रा ने जेईई मेंस में 99.35 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किया तथा उसके बाद जेईई एडवांस की परीक्षा में सीआरएल 4024 तथा ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस रैंक 431 प्राप्त कर आई आई टी (बीएचयू) में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विषय की शिक्षा हेतु काउंसलिंग के पहले प्रयास में ही प्रवेश हेतु चयनित होकर विद्यालय सहित परिवार का मान बढ़ाया।ओम मिश्रा की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ओम मिश्रा शुरू



से ही मेधावी छात्र रहा है। वह हमेशा प्रथम श्रेणी में सम्मान सहित उत्तीर्ण होता आया है। उनके पिता नवनीत मिश्रा मां वैष्णवी डिग्री कॉलेज, थरवई में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता तथा मां प्रियंका मिश्रा गृहिणी है।

## पौध लगाकर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़(प्रयागराज)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 51 वा जन्म दिवस सोमवार को होलागढ़ में पेड़ लगाकर मनाया गया। सपा नेता धर्मेंद्र कैथवास ने बताया कि होलागढ़ स्थित कार्यालय/मो0 कलीम के घर के सामने एक आम का पेड़ लगाकर जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री अंसार अहमद,विधान



सभा क्षेत्र फाफामऊ के अध्यक्ष अमर सिंह यादव,धर्मेंद्र कैथवास,ठेकेदार राकेश यादव, मो. लतीफ,राजेंद्र यादव,इंद्र बहादुर यादव, मो. शमशाद आदि मौजूद रहे।

## गैस सिलेंडर में लगी आग,बाल बाल बची महिला

**बारा(प्रयागराज)।** खाना बनाते समय एलपीजी गैस सिलेंडर के पाइप में लीकेज होने से अचानक आग लगने से घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हुआ। वहीं रसोई में मौजूद महिला ने किसी तरह से रसोई से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई।उक्त घटना बारा थाना क्षेत्र के लोहगरा बाजार की है। जहां की रहने वाली उमा देवी पत्नी स्वर्गीय रामबाबू केसरवानी के द्वारा सोमवार की सुबह 10=30 बजे के आसपास घर की रसोई में खाना पका रही थी कि अचानक एलपीजी गैस सिलेंडर की पाइप से गैस लीकेज होने के कारण



रसोई में आग पकड़ ली। उमा देवी ने किसी तरह से रसोई से बाहर निकाल कर शोर मचाया तो पास पड़ोस के लोगों ने एलपीजी गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए। इसके बाद उनके द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन तब तक आग पूरे घर में फैल चुकी थी। जब तक फायर ब्रिगेड कर्मचारियों व ग्रामीणों द्वारा आग को बुझाया गया तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। घर में आग लगने से बदहवास उमा देवी के द्वारा बताया गया कि उन्हें नहीं पता कि कैसे सिलेंडर की पाइप में लीकेज हो गया लेकिन आग लगने से उनका घर में रखा सामान जलकर राख हो गया।

## समस्याएं तो हर क्षेत्र में हो सकती हैं, परन्तु मजबूत संगठन से दूर भागती हैं - गजेन्द्र

**नैनी, प्रयागराज।** अवंतिका विकास समिति नैनी के तत्वावधान में ए ब्लॉक के सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व निश्चित कार्यक्रमानुसार रविवार को गंगा प्रसाद ठाकुर के संयोजकत्व में रामलीला पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विनोद शंकर तिवारी तथा संचालन बद्री प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में उपस्थित सभी सहभागियों का धन्यवाद करते हुए समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि वैसे तो कुछ न कुछ समस्याएं तो हर क्षेत्र मे होती है परन्तु जहां जागरूक नागरिक एवं मजबूत



संगठित समूह होता है वहां से समस्याएं स्वत दूर भागती हैं। इसलिए अपनी ताकत को पहचान कर संगठित रहने की जरूरत है।ीवास्तव, मीना जायसवाल, संजीव गुप्ता, आशुतोष मिश्र, आरके पाण्डेय, विकास दुबे, आलोक सिंह, सत्यम शुक्ल, दयाराम विश्वकर्मा, अशोक प्रताप सिंह, विनोद कुमार, जगदीश श्रीवास्तव, कौशल कुमार, मनोज कुमार श्रीवास्तव, विजयानन्द शुक्ल, हरिश्चन्द्र मिश्र, के पी राय, बृजेश कुमार यादव, गंगा सागर आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# भारत ने विकसित किया दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक, चंद सेकंड में तबाही

## ● सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं विकसित तीन नए विस्फोटक

**▶▶ नए विस्फोटक सेबेक्स-2 से भारत की हथियार क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने दुनिया के सबसे ताकतवर और खतरनाक तीन विस्फोटक विकसित किये हैं, जो चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मचाकर सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटकों में से एक इस विस्फोटक को सेबेक्स-2 नाम दिया गया है। भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल करके रक्षा उत्पादन में पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ता जा रहा है। इस विस्फोटक के विकसित होने के बाद भारत की विस्फोटक क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद है।नागपुर स्थित सोलर इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड ने %मेक इन इंडिया% के तहत तीन नए विस्फोटक फॉर्मूलेशन विकसित किए हैं। सोलर इंडस्ट्रीज के अधिकारी का कहना है कि यह तीन नए विस्फोटक फॉर्मूलेशन सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं, क्योंकि इनमें फायरपावर और विस्फोटक प्रभाव में बहुत वृद्धि हुई है। सेबेक्स-2 एक नया विस्फोटक फॉर्मूलेशन है, जो वर्तमान में उपलब्ध किसी भी ठोस विस्फोटक की तुलना में बहुत अधिक शक्तिशाली विस्फोट प्रभाव प्रदान करता है। किसी भी विस्फोटक का प्रदर्शन ट्राई नाइट्रोटॉल्विन (टीएनटी) समतुल्यता के संदर्भ में मापा जाता है। नया विस्फोटक टीएनटी से दोगुना ज्यादा घातक है।उच्च टीएनटी समतुल्यता वाले विस्फोटकों में अधिक मारक क्षमता और विनाशकारी शक्ति होती है। पारंपरिक विस्फोटक जैसे डेनटेक्स और टारपेक्स का इस्तेमाल पारंपरिक वारहेड, हवाई बम और दुनिया भर में कई अन्य गोला-बारूद बनाने में किया जाता है।

इस नए विस्फोटक से तबाही मचाने वाले हथियारों की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मच सकती है। नए विस्फोटक का परीक्षण भारतीय नौसेना के डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के तहत किया जा चुका है। कंपनी का दावा है कि आने वाले समय इस विस्फोटक को दुनियाभर की सेनाएं इस्तेमाल करने के लिए आगे आएंगी।कंपनी की ओर से बताया गया है कि एक ग्राम टीएनटी के विस्फोट में निकलने वाली ऊर्जा लगभग 4000 जूल (0.9560229 किलो कैलोरी) के बराबर होती है। इस उच्च प्रदर्शन वाले विस्फोटक का उद्देश्य वजन बढ़ाए बिना विनाशकारी शक्ति को बढ़ाकर बम, तोपखाने के गोले और वारहेड्स में क्रांति लाना है। भारत ने अब तक का सबसे घातक विस्फोटक ब्रह्मोस मिसाइल के वारहेड में लगाया है, जिसकी टीएनटी 1.50 समतुल्य है। फिलहाल दुनिया के अधिकतर वारहेड्स की टीएनटी तुल्यता 1.25-1.30 के बीच होती है। सेबेक्स-2 की टीएनटी तुल्यता 2.01 है, जो अब तक का सबसे घातक गैर-परंपरागत विस्फोटक माना जा रहा है।

# भूसी डैम हादसे में अब तक चार शव बरामद, एक लापता बच्चे की तलाश

**मुंबई, (हि.स.)।** पुणे के लोनावला में स्थित भूसी डैम हादसे में अब तक चार लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं, जबकि एक बच्चा अभी भी लापता है। एनडीआरएफ की टीम सोमवार को सुबह से ही लापता बच्चे की तलाश कर रही है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए महाराष्ट्र के सभी जिलाधिकारियों से पर्यटन स्थलों पर सतर्क रहने की अपील की है।पुणे के सैयद नगर के अंसारी और खान परिवार के दस लोग भूसी डैम पर रविवार को गए थे। डैम में अचानक पानी बढ़ जाने यह सभी लोग पानी में बह गए थे। इनमें पांच लोगों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया था। इसके बाद मौके पर इन सभी को ढूंढने का काम शुरू किया गया। रविवार शाम तक इनमें तीन लोगों के शव बचाव टीम ने बरामद किए थे।



सोमवार को सुबह एनडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू करके एक और शव बरामद किया है।

अब तक एक महिला और तीन बच्चों के शव बरामद किए जा चुके हैं।मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के खतरनाक पर्यटन स्थलों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। मानसून पर्यटन में ऐसी घटनाओं को रोकने और पर्यटकों को सुरक्षित रखने के लिए सभी खतरनाक स्थानों पर नोटिस बोर्ड लगाने, पर्यटन स्थलों पर लाइफ गार्ड तैनात करने, कार्डियक एंबुलेंस रखने, एसडीआरएफ की टीमें तैनात करने का भी निर्देश दिया है।

इसके साथ ही मुंबई नगर निगम के कमिश्नर को समुद्र तटों को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया है। सीएम शिंदे ने नागरिकों से अपील की कि वे मानसून पर्यटन का आनंद लें, लेकिन अपने प्रियजनों की जान जोखिम में न डालें,

खतरे की चेतावनी को नजरअंदाज न करें।

# लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने दक्षिण पश्चिमी कमांड की कमान संभाली

**जयपुर, (हि.स.)।** लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने सोमवार एक जुलाई 2024 को प्रेरणा स्थल में एक समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित कर जयपुर स्थित सप्त शक्ति कमांड की बागडोर संभाली।जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला और भारतीय सैन्य अकादमी,

देहरादून के छात्र रहे हैं। इन्होंने दिसम्बर 1986 में 19 मद्रास में कमीशन लिया। 37 साल के अपने प्रतिष्ठित और शानदार सैन्य करियर में, उन्हें जम्मू कश्मीर और पश्चिमी मोर्चे पर कमांड और स्टाफ नियुक्तियों का गौरव प्राप्त हुआ है। जनरल ऑफिसर ने जम्मू कश्मीर में काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन में अपनी बटालियन की कमान संभाली, नियंत्रण रेखा पर इन्फैंट्री ब्रिगेड, डेजर्ट स्ट्राइक कोर के हिस्से के रूप में एक इन्फैंट्री डिवीजन और जम्मू कश्मीर में काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन में नियंत्रण रेखा पर तैनात कोर की कमान भी संभाली।



उनकी विभिन्न स्टाफ नियुक्तियों में जम्मू कश्मीर में काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन में तैनात कोर में कर्नल जीएस (आईडब्ल्यू) और कमांड मुख्यालय में कर्नल जीएस (ऑप्स/एयर), बीजीएस (ऑप्स), एमजीजीएस (ऑप्स) और सीओएस शामिल हैं। उनकी अनुदेशात्मक नियुक्तियों में भारतीय सैन्य अकादमी में प्लाटून कमांडर और प्रशिक्षक सीएलसी और भारतीय सैन्य प्रशिक्षण दल (इम्ट्राट), भूटान में डीएस कोऑर्ड शामिल हैं।

उनके अनुकरणीय नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए, जनरल ऑफिसर को 2015 में युद्ध सेवा मैडल, 2019 में विशिष्ट सेवा मैडल और 2024 में अतिविशिष्ट सेवा मैडल से सम्मानित किया गया है।

# मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दक्षिण-पश्चिम मानसून तेज गति पकड़ते हुए सोमवार को उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अगले चार पांच दिनों में पूरे भारत को कवर करने की संभावना है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।सोमवार को मौसम विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आज उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। अभी यह उत्तर पश्चिम राजस्थान, दक्षिण पंजाब और दक्षिण पश्चिम हरियाणा को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों को कवर कर चुका है। आने चार-पांच दिनों में यह पूरे भारत को कवर कर लेगा। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में भी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

# देश के लिए खून बहाने वालों को अपना आदर्श मानना चाहिए - डा. मोहन भागवत

**● सरसंघचालक ने किया मेरे पापा परमवीर पुस्तक का लोकार्पण**

**गाज़ीपुर, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डा. मोहनराव भागवत ने सोमवार को धामूपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में %मेरे पापा परमवीर% पुस्तक का लोकार्पण किया। परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर आधारित इस पुस्तक को डॉ.रामचंद्रन श्री निवासन ने लिखी है।सरसंघचालक अपने एक दिवसीय दौरे पर परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के गांव धामूपुर पहुंचे थे। यह कार्यक्रम वीर अब्दुल हमीद के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित की गई है। उनके और उनकी पत्नी रसूलन बीबी के मूर्ति पर सर्वप्रथम माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।इस मौके पर डॉ. भागवत ने कैप्टन मकसूद गाजीपुरी द्वारा लिखित पुस्तक %भारत का मुसलमान% का भी विमोचन किया। कैप्टन मकसूद सेना से रिटायर्ड हैं। वो अब्दुल हमीद की जयंती पर



आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा.मोहनराव भागवत ने कहा कि देश के लिए खून तथा पसीना बहाने वालों को अपना आदर्श मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों के स्मरण और अनुकरण से विशाल भारत का निर्माण होता है और अच्छे भारत भारतीय होने का गौरव प्राप्त होता है। परिस्थिति चाहें जैसी हो हमें अपनी मातृभूमि व प्राचीन संस्कृति पर गर्व करते हुए अनुकरण करना चाहिए।उन्होंने कहा कि जानवर और इंसान में फर्क है। इंसान दूसरे के लिए जीता है, जबकि जानवर अपने लिए जीता है। इसे चरितार्थ परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद ने किया। वह युद्ध के रण में शहीद हो गए। शहीद अब्दुल हमीद की जयंती पर भागवत ने कहा कि मुख्य द्वार पर मैंने एक लाइन लिखी देखी %शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,वतन पर मरने वालों का यही बांकी निशां होगा%। वास्तव में शहीद अमर हो जाते हैं। शहीद का बलिदान महान होता है। भारतीय संस्कृति में अपने उपभोग और मजे के लिए जीने की परंपरा नहीं है। शहीद ऐसे ही अपना जीवन जीते हैं। ये बहुत कठिन तपस्या है।गौरतलब है कि वीर अब्दुल हमीद को भारत और पाकिस्तान के युद्ध के दौरान अदम्य साहस और वीरता के लिए बलिदान देने के लिए सरकार ने उन्हें मरणोपरांत वीरता के सर्वोच्च पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया है।संघ के सरसंघचालक द्वारा परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के गांव जाना और उनके बड़े बेटे जैनुल हसन के बातचीत पर आधारित पुस्तक %मेरे पापा परमवीर% का लोकार्पण करना अपने आप में एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम है।शहीद वीर अब्दुल हमीद भारतीय सेना में नौकरी के दौरान 10 सितंबर 1965 को भारत-पाक युद्ध के दौरान खेमकरन सेक्टर के अग्रिम मोर्चे पर तैनात थे। यहां उन्होंने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए आरसी गन के जरिए पाक सेना के कई पैटर्न टैंकों को ध्वस्त किया और वह इस लड़ाई में शहीद हो गए। इसके बाद मरणोपरांत उनकी वीरता को परमवीर चक्र से नवाजा गया।

### आरएसएस की सोच मुस्लिमों के खिलाफ नहीं

इस कार्यक्रम के आयोजक सदस्यों में शामिल संतोष सिंह यादव ने बताया कि आरएसएस को लेकर आम जन की एक धारणा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा मुसलमान के खिलाफ सोचता है और करता है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को जो गहराई से जानते हैं, वह ऐसा नहीं सोचते। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निर्माण ही इस राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से हुआ है। हम अपने राष्ट्र को सुदृढ़ बनाने के लिए तैयार रहते हैं।उन्होंने कहा, ऐसे में चाहे जिस भी जाति और धर्म का व्यक्ति इस राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान करता है, जिनका जीवन राष्ट्र के नाम पर समर्पित है और जिन लोगों ने अपने प्राणों की आहुति देकर इस देश की रक्षा किया है, उनको नमन करने और श्रद्धांजलि देने के लिए और समाज में एक आदर्श प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस प्रमुख का आगमन हुआ।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक - राष्ट्रपति



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अधिकारी नई सोच और नए समाधानों के साथ देश के विकास को आगे बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2022 बैच के अधिकारियों के एक समूह को राष्ट्रपति भवन में संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं।राष्ट्रपति मुर्मू ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में भारतीय प्रशासनिक सेवा को एक स्वप्निल करियर (ड्रीम जॉब) माना जाता है। उन्होंने कहा कि लाखों महत्वाकांक्षी युवा आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। उनमें से कई इस सेवा में चयन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे सभी युवाओं में से केवल आपको ही इस प्रतिष्ठित सेवा के माध्यम से नागरिकों के कल्याण के लिए काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जहां भी काम करें, अपनी संवेदनशीलता, ईमानदारी और कार्यकुशलता से अपनी छाप छोड़ें।राष्ट्रपति ने कहा कि इस उच्च प्रौद्योगिकी युग में जब लोगों को देश-दुनिया की जानकारी वास्तविक समय में मिल रही है, तब अधिकारियों की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। जब तक आप किसी भी योजना के सामाजिक या आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करेंगे, तब तक लोगों की ज़रूरतें, जागरूकता और आकांक्षाएं और बढ़ चुकी होंगी। इसलिए आपको ऐसी व्यवस्थाएं बनानी चाहिए जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने में सक्षम बनाएं।राष्ट्रपति ने कहा कि बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने, समावेशी और सतत विकास तथा हर वर्ग के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रशासन की कार्य संस्कृति जनभागीदारी पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के संदर्भ में अधिकारियों को न केवल प्रशासक बल्कि सुविधाप्रदाता और प्रबंधक की भूमिका भी निभानी होगी। आपकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि आप सभी को साथ लेकर कैसे जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी प्रशासन प्रदान कर पाते हैं।राष्ट्रपति ने कहा कि प्रशासक के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात लोगों का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना है। उन्होंने लोगों को सुलभता, पारदर्शिता और विश्वास निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की सलाह दी। हालांकि, उन्होंने अधिकारियों को आत्म-प्रचार के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से सोशल मीडिया का उपयोग करने से बचने की सलाह दी।राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें नैतिकता से जुड़े किसी भी समझौते से निपटने के लिए शुरू से ही सतर्क और सक्रिय रहना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने के साथ-साथ अधिकारी अपने निजी आचरण में ईमानदारी, धार्मिकता और स्थिरता को भी बढ़ावा देंगे।

# लोक सभा और राज्य सभा में समाजवादी पार्टी के एक-एक सदस्य ने ली शपथ



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोक सभा और राज्य सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को सोमवार 01 जुलाई को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद अफजल अंसारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।उधर, समाजवादी पार्टी की राज्य सभा सदस्य जया बच्चन ने सदन में पद और गोपनीयता की शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा की निर्वाचित सदस्य जया बच्चन को शपथ दिलाई।

# नव नियुक्त सेनाध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी ने संभाला कार्यभार

**▶▶ कहा-सेना हर चुनौती का सामना करने को तैयार**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय थल सेना के नवनियुक्त प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आज औपचारिक तौर पर कार्यभार संभाल लिया। 30 जून को ही सेवानिवृत्त हुए जनरल मनोज पांडे ने उन्हें कमान सौंपी थी। सोमवार सुबह सबसे पहले जनरल उपेन्द्र द्विवेदी इंडिया गेट के निकट स्थिति राष्ट्रीय समर स्मारक (नेशनल वार मेमोरियल) पहुंचे। वहां देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को सैल्यूट किया । इसके बाद जनरल द्विवेदी साउथ ब्लाक स्थित सेना मुख्यालय पहुंचे। सेना मुख्यालय में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यालय में प्रवेश करने से पूर्व वहां उपस्थित अपने बड़े भाई सहित वरिष्ठ परिजनों के पांव छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर उन्होंने मीडिया को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा- ÷मेरे लिए ये अत्यंत गर्व और सम्मान का अवसर है कि मुझे भारतीय थलसेना का



नेतृत्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भारतीय सेना के गौरवशाली परंपरा हमारे सैनिकों के बलिदान और योगदान की बुनियाद पर आधारित है। इस पर मैं उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति दी है। आज भारतीय थलसेना आधुनिकीकरण के पद पर अग्रसर है। इस दिशा में आत्मनिर्भरता को पूर्णता हासिल करने के लिए भारत सेना हमेशा तैयार है। मैं देश और भारतीय नागरिकों को विश्वास दिलाता हूं कि भारतीय सेना हर चुनौती का सामना के लिए पूर्णता तैयार है।÷ जनरल द्विवेदी ने कहा कि आज वैश्विक समीकरण बदल रहे हैं। वर्तमान दौर की लड़ाइयां नया रूप ले रही हैं। हमें इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर नई रणनीतियां बनाकर तैयार रखने की आवश्यकता है।भारतीय थल सेना की कमान संभाल चुके लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने फरवरी में थल सेना उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया था। सेनाध्यक्ष के रूप में जनरल द्विवेदी की नियुक्ति को सरकार ने 11 जून को मंजूरी दी थी। सन 1964 में एक जुलाई को जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सेना की इन्फैंट्री (जम्मू-कश्मीर राइफल्स) में कमीशन मिला था।मध्य प्रदेश में रीवा के सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र जनरल द्विवेदी अपने करीब 40 साल के लंबे और असाधारण करियर में वह विभिन्न पदों पर रहे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक के अलावा अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने डीएसएससी वेलिंगटन और आर्मी वॉर कॉलेज महू में भी अध्ययन किया है।उत्तरी सेना के कमांडर के तौर पर जनरल द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद रोधी अभियानों के संचालन के अलावा, उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर अभियान के संचालन की योजना और कार्यान्वयन के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन और परिचालन संबंधी अंतर्दृष्टि प्रदान की है।

# राज्य सभा में विपक्ष के नेता खरगे ने की संसद की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थान पर लगाने की मांग

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राज्य सभा में सोमवार को विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद परिसर के विभिन्न स्थानों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं को एक स्थान पर लगाकर प्रेरणा स्थल बनाए जाने पर आपत्ति जताते हुए मांग की कि सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थान पर लगाया जाए।नेता विपक्ष ने सवाल खड़ा किया कि संसद परिसर में प्रतिमाओं को लगाने और स्थानांतरित करने से जुड़ी एक समिति है। उस समिति की अनुमति के बिना प्रतिमाओं को स्थानांतरित किया गया है।इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पष्टीकरण दिया कि यह प्रतिमाएं पुरानी संसद के चारों ओर लगी हुई थीं। पुरानी संसद का गोलाकार स्वरूप था जबकि वर्तमान संसद का स्वरूप अलग है और



इसका एक निश्चित आरंभ स्थल है। ऐसे में प्रतिमाओं को स्थानांतरित कर एक प्रेरणास्थल बनाया गया है। इससे किसी का भी अपमान नहीं हुआ है।इससे पहले विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि संसद परिसर में स्थित महात्मा गांधी, शिवाजी, बीआर आम्बेडकर और अन्य की मूर्तियों को उनके मूल स्थानों पर वापस लाया जाए।

# चारधाम यात्रा- आसान नहीं पहाड़ पर चढ़ाई, जान ले लेगी जरा सी ढिलाई, अब तक 162 ने गवाई जान

**● खराब मौसम के बावजूद इन दिनों चारधाम यात्रा चरम पर, एहतियात बरतने की सलाह**

**● जोश में कम समय में यात्रा पूरी करने निकलने वाले लोग खतरे में डाल रहे अपनी जान**

**देहरादून, (हि.स.)।** चारधाम यात्रा आसान नहीं है। खास तौर पर उनके लिए जो पूरी तरह से फिट नहीं है। कारण चढ़ाई वाले रास्ते और उस पर बदले मौसम के साथ हवा में ऑक्सीजन की कमी। ऐसे में दिल कमजोर है तो दिक्कत होनी स्वाभाविक है। खराब मौसम के बावजूद इन दिनों चारधाम यात्रा चरम पर है। ऐसे में कई तीर्थयात्री एहतियात नहीं बरत रहे हैं। जरा सी ढिलाई पर अब तक 162 तीर्थयात्रियों ने जान गवां दी है।उत्तराखंड की चारधाम यात्रा विश्वभर में प्रसिद्ध है। एक तरफ खाई तो दूसरे तरफ पहाड़, पथरीले, घुमावदार व चढ़ाईनुमा रास्ता होने के बावजूद आस्था की डगर पर देश-दुनिया से आने वाले तीर्थयात्री मन्नतों की मंजिल की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह ब्लड प्रेशर समेत अन्य जरूरी जांच कर यात्रियों को आगाह किया जा रहा है लेकिन डॉक्टरों की सलाह को दरकिनार कर जोश में कम समय में यात्रा पूरी करने निकलने वाले लोग जान को खतरे में डाल रहे हैं।राज्य




आपातकालीन परिचालन केंद्र देहरादून उप सचिव व ड्यूटी आफिसर शिव स्वरूप त्रिपाठी ने बताया कि चारधाम यात्रा में अब तक 162 तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। केदारनाथ धाम में सबसे अधिक 77 तीर्थयात्रियों ने जान गवाई है। बद्रीनाथ धाम में अब तक 39, यमुनोत्री धाम में 29 व गंगोत्री धाम में 13 तो हेमकुंड साहिब में अब तक चार तीर्थयात्रियों की मौत हुई है।त्रिपाठी ने बताया कि विषम भौगोलिक परिस्थितियां, पहुंच मार्ग पर चढ़ाई और बदलते मौसम से यात्रियों की तबियत खराब हो रही है, जिसमें कुछ को जान गंवानी पड़ रही है। समुद्रतल से 11,750 फीट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ में ऑक्सीजन का दबाव काफी कम है। यहां मौसम के खराब होते ही चारों तरफ कोहरा छाने और बर्फबारी से दिन-दोपहर में ही सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। यहां कई यात्रियों को धड़कन बढ़ने, बेचैनी, चक्कर आने और सीने में दर्द की शिकायत होती है, जो हृदयाघात का कारण बनती है।मैदानी क्षेत्र से पहाड़ में आने के लिए यात्री पहले स्वास्थ्य जांच कराएं और अपने साथ जरूरी दवा जरूर रखें। केदारनाथ क्षेत्र में ऑक्सीजन 55 से 57 फीसदी है, जिसमें कई लोगों को सांस लेने में दिक्कत होना आम है। ऐसे में जरूरी है कि पहले से एतिहात बरतें। केदारनाथ आने वाले यात्रियों को अपने साथ फर्स्ट-एड बॉक्स में छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर शामिल करना चाहिए। साथ ही गर्म कपड़े अति आवश्यक हैं। साथ ही खाली पेट न रहा जाए और पीने के लिए गर्म पानी का उपयोग हो।अभी तक धामों में हुई मौतों में बीपी के मरीजों की संख्या अधिक है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अधिकांश तीर्थयात्री मेडिकल अनफिट हैं, जिन्हें बीपी, दमा व शुगर जैसी बीमारियां हैं। चढ़ाई चढ़ने पर अक्सर शुगर लेवल गिरने की संभावना रहती है, जिससे कार्डिएक अरेस्ट होने की संभावना रहती है। साथ ही यात्रा मार्ग पर अधिक चढ़ाई दमा के मरीजों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है।अधिकांश यात्री ट्रेवलिंग एजेंसियों के चक्कर में आकर जल्द से जल्द चारधाम यात्रा पूर्ण करने का कार्यक्रम बनाते हैं, जो काफी खतरनाक है। चढ़ाई पर एक निश्चित सफर तय करने के बाद शरीर को आराम की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की सलाह है कि तीर्थयात्री चारधाम यात्रा में जल्दबाजी न करें। यात्रा के लिए पर्याप्त समय निर्धारित करें। यदि किसी बीमारी से ग्रसित हैं तो दवाइयां लेकर साथ चलें। यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सकों द्वारा दी गई सलाह पर गंभीरता से विचार करें।

# संसद में राहुल ने झूठ बोला: योगी

▸ अयोध्या में मुआवजे को लेकर राहुल गांधी के गलत बयानी पर सीएम योगी का पलटवार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिये गये मुआवजे को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई गलत बयानी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। सीएम योगी ने कहा कि राहुल का बयान यूपी और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है।

सदन में दिया गया राहुल का झूठा बयान अत्यंत ही निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपए की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सोमवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि हर कोई जानता है कि अयोध्या को उसकी पहचान से किसने वंचित किया है। राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने न केवल अयोध्या को वनवास दिया था, बल्कि सरयू को भी रक्तरंजित किया था। आज जब अयोध्या अपने वैभव को पुनर्प्रतिष्ठापित करते हुए पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है तो कांग्रेस इसे कैसे अच्छा मान सकती है। कांग्रेस झूठ का पुलिंदा है। सच ये है कि 1733 करोड़ रुपए केवल मुआवजे के लिए अयोध्या वासियों को उपलब्ध कराए हैं। चाहे रामपथ हो, भक्तिपथ हो, जन्मभूमि पथ हो या एयरपोर्ट हो, जिसकी जमीन, दुकान, मकान इसमें शामिल थी, उन्हें मुआवजा दिया गया है। जिनके पास पीछे दुकान बनाने की जगह थी, उनके दुकान बने हैं, जिनके पास स्पेस नहीं था उन्हें मल्टी लेवल काम्प्लेक्स बनाकर दुकान देने के कार्य को आगे बढ़ाया गया।

राहुल के बयान सत्य से परे झूठ का पुलिंदा हैं। यह यूपी और अयोध्या को बदनाम करने की साजिश है। यह भारत और अयोध्या की छवि को खराब करने की उस मानसिकता का हिस्सा है जो ये एक्सिडेंटल हिन्दू आजादी के बाद से लगातार करते आ रहे हैं।



## राहुल का बयान निंदनीय और शर्मनाक

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबने राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव में झूठे और गुमराह करने वाले वक्तव्य देते हुए देखा है। संविधान का गला घोंटने वाले लोगों ने संविधान के बारे में गुमराह करने वाले वक्तव्य देने के लिए विदेशी पैसे से के बल पर चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास किया था। 1 लाख का फर्जी बॉन्ड भरवा कर भारत की माताओं और बहनों को गुमराह करने का कार्य किया। आज फिर इन्होंने झूठा बयान दिया है जोकि अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है।

## अयोध्या में कितना दिया गया मुआवजा एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदु

- अयोध्या एयरपोर्ट के लिए 952.39 करोड़ रुपए का मुआवजा
- अयोध्या बाईपास (रिंग रोड) के लिए 295 करोड़ का मुआवजा
- राम जन्मभूमि पथ में 14.12 करोड़ रुपए का मुआवजा
- भक्ति पथ में 23.66 करोड़ रुपए का मुआवजा
- रामपथ में 114.69 करोड़ का मुआवजा
- पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 29 करोड़ रुपए का मुआवजा
- चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 119.20 करोड़ रुपए का मुआवजा
- रुदौली-रोजागांव रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे दोहरीकरण के निर्माण के लिए 35.03 लाख रुपए
- एनएच 330ए के निर्माण के लिए 163.90 करोड़ रुपए का मुआवजा
- एनएच 227बी के पैकेज 3 के अंतर्गत 21.09 करोड़ का मुआवजा दिया
- अबतक कुल 21,548 व्यक्तियों को मुआवजा दिया जा चुका है
- न केवल मुआवजा दिया गया, बल्कि दुकानों का सौंदर्यीकरण कराया गया
- अयोध्या में दुकानदारों का व्यापार पहले से अधिक बढ़ा है

# नीट परीक्षा का स्थाई समाधान निकालना बहुत जरूरी

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने नीट परीक्षा में व्याप्त अनिश्चितता पर चिंता जाहिर करते हुए समस्या का स्थाई समाधान निकालने की मांग की है। मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया कि देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में खासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है उससे लोगों में बेचैनी, चिन्ता व आक्रोश की लहर स्वाभाविक, जिसका शीघ्र सही स्थाई समाधान निकालना बहुत ही जरूरी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने अगले ट्वीट में लिखा कि वैसे आल इण्डिया ही नहीं बल्कि यूपी समेत राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक व सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला भी अति-गंभीर, दुःखद व चिन्तनीय। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सखय़्त कदम आवश्यक।

# दशहरे से पूर्व रामलीला मैदानों के हो जाये जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने हरदोई, मैनपुरी, एटा, कुशीनगर तथा प्रतापगढ़ में रामलीला मैदानों की चहारदीवारी तथा सौन्दर्यीकरण के कार्य अक्टूबर में दशहरे से पहले हरहाल में पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

आदेशों के अनुपालन में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन मंत्री ने 12 जून को समीक्षा बैठक में संस्कृति विभाग के अधीन निर्माणाधीन परियोजनाओं,कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए थे। मैनपुरी की नगर पंचायत कुसमरा के रामलीला मैदान की बाउन्ड्रीवॉल गेट निर्माण आदि का कार्य दशहरा से पहले करने के निर्देश दिए थे। हरदोई के रामलीला मैदान सण्डीला में भवन निर्माण एवं अन्य विकास कार्य भी समय से पूरा करने को कहा गया था। जसवंत नगर रामलीला मैदान की तर्ज पर समस्त रामलीला मैदानों में रामायण आदि रामलीला के म्यूरल चित्र टेरीकोटा से बनवाये जाने के लिए निदेशक ललित कला अकादमी को तेजी से कार्यवाही के निर्देश दिए गये थे। रामलीला की चहारदीवारियों पर मंच के निर्माण के अलावा समस्त कार्य वैदिक रूप से किये जाने के निर्देश दिए गए। एटा के अलीगंज रामलीला मैदान का सौन्दर्यीकरण दशहरे से पहले करने के निर्देश दिए गए। कुशीनगर में रामजानकी मठ पर सार्वजनिक रामलीला मैदान में चहारदीवारी एवं अन्य कार्य कराये जा रहे हैं। कार्य 30 प्रतिशत तक पूरे हो चुके हैं। कार्यदायी संस्था ने आश्वस्त किया है कि अक्टूबर तक कार्य पूरे कर लिए जायेंगे। प्रतापगढ़ की नगर पंचायत गड़वारा स्थित प्राचीन रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार का कार्य 20 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। अवध केसरी राणा बेनी माधव बक्श सिंह की स्मृति में रायबरेली सभागार संरचना के द्वितीय चरण के निर्माण कार्य हेतु टेण्डर की कार्यवाही में विलम्ब के लिए असंतोष व्यक्त किया था।

# गोआश्रय स्थलों के प्रबन्धन के लिए आवंटित धनराशि पारदर्शिता के साथ व्यय की जाए: धर्मपाल

▸ बरेली मण्डल में चलाया जाए निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु 05 से 20 जुलाई तक अभियान

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि 05 जुलाई से 20 जुलाई तक अभियान चलाकर बरेली मण्डल के निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थलों में पहुंचाया जाए।

गोसंरक्षण कार्यों की दिशा में बरेली मण्डल को आदर्श मण्डल के रूप में स्थापित किया जाए और मण्डल के तहत बदायूं, पीलीभीत, बरेली तथा शाहजहांपुर के गोआश्रय स्थलों पर व्यवस्थाएं की जाएं। वर्षाकाल के दृष्टिगत प्रदेश की गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गोवंश हेतु चारा-भूसा, पानी, प्रकाश एवं गोवंश के भीगने से बचाव हेतु टीनशेड की बेहतर इन्तजाम किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाय। इसके अतिरिक्त कीचड़ से बचाव हेतु पक्का सोलिंग कार्य कराये जाने के भी निर्देश दिए।पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश के वर्षाकाल के समय संरक्षण, गोशालाओं की सुविधाओं एवं बरेली मण्डल में निराश्रित गोवंश की अद्यतन स्थिति के संबंध में समीक्षा की। गोआश्रय स्थलों में जलभराव की समस्या के निस्तारण हेतु समय से पूरे इन्तजाम किए जाएं और संक्रामक रोगों से बचाव हेतु दवाइयों एवं वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों द्वारा संभावित बाढ़ आपदा से पशुधन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव एवं पशुहानि से बचाव हेतु जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने निर्देश दिए कि यदि कहीं निराश्रित गोवंश सड़कों या खेतों में दिखायी दें तो उन्हें उपयुक्त स्थल पर संरक्षित किया जाए। उन्होंने गोआश्रय स्थलों के निर्माण के लिए आवंटित धनराशि को पारदर्शिता तथा वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए व्यय करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की समयबद्धता और उच्च गुणवत्ता का पालन जरूरी है। वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नैपियर घास भी लगवाई जाए ताकि हरे चारे की उपलब्धता वर्ष पर्यन्त हो सके। गोआश्रय स्थलों पर सोलर लाइट की भी व्यवस्था करायी जाए और संरक्षित गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण संबंधित पशुचिकित्साधिकारियों द्वारा किया जाए।

# यूपी विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में जुटी बीजेपी

▸ हर विधानसभा में लगाई मंत्रियों की ड्यूटी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव का सियासी रंग चढ़ने लगा है। दरअसल, 10 सीटों पर जीत के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए संगठन ने विधानसभा वार मंत्रियों की ड्यूटी लगाई है। कटेहरी विधान सभा सीट पर स्वतंत्र देव सिंह और आशीष पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि शीशामऊ विधान सभा सीट पर सुरेश खन्ना को पार्टी ने प्रचार के लिए लगाया है। वहीं मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर सूर्य प्रताप शाही, करहल विधानसभा सीट पर जयवीर सिंह, फूलपुर सीट पर राकेश मझवां सीट पर अनिल राजभर, गाजियाबाद सीट पर सुनील शर्मा, मीरापुर विधानसभा सीट पर अनिल कुमार को जिताने की जिम्मेदारी दी गई है। जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उनमें से 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने 5 सीटें जीती थी जबकि तीन सीटें बीजेपी और एक सीट उसके सहयोगी दलों- निषाद पार्टी और आरएलडी ने जीती थी। आपा को बता दें कि 10 में से 9 सीटें विधायकों के सांसद चुने जाने की वजह से जबकि एक सीट सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी को अयोग्य ठहराए जाने की वजह से खाली हुई है।लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद इन 10 सीटों पर होना है। राज्य में सरकार चला रही भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए और समाजवादी पार्टी की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन उपचुनाव को लेकर अपनी-अपनी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं।

# मंत्री ने किया डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने आज डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ का निरीक्षण किया।

विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं के संबंध में वार्ता की तथा कुलपति एवं रजिस्ट्रार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की।मंत्री कश्यप ने निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को मिले। उन्होंने विश्वविद्यालय में कौशल विकास के नए कोर्स शुरू करने के निर्देश दिये और कहा कि इन कोर्सों के माध्यम से दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को हुनरमंद बनाने का कार्य किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का भी निर्देश दिया ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके। छात्रावासों में सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए और कहा कि दिव्यांगजन छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया और इसका रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया को सक्रिय करने पर जोर दिया ताकि विश्वविद्यालय के कार्यों की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके।उन्होंने रोजगार मेला का आयोजन करने के भी निर्देश दिए ताकि दिव्यांगजन छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके।उन्होंने भोजनालय का निरीक्षण किया और भोजन बनाने से लेकर परोसने तक की गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि भोजनालय में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और भोजन में प्रयुक्त होने वाली सब्जियों को सही तरीके से धोकर पकाया जाए। निरीक्षण के उपरांत मंत्री ने दिव्यांगजन छात्रों से उनकी समस्याओं के बारे में बात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी। निरीक्षण के बाद मंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।मंत्री कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के हितों के लिए कटिबद्ध है। दिव्यांगजनों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है और उन्हें कौशलपरक प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह तथा रजिस्ट्रार रोहित सिंह सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में युवाओं ने उठाया रोजगार का मुद्दा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के जनता दरबार पहुंचे युवाओं ने रोजगार का मुद्दा उठाया।छात्रों की अगुवाई कर रहे युवा मंच के कार्यकारिणी सदस्य व तकनीकी संवर्ग प्रमुख इं.राम बहादुर पटेल ने बताया कि प्रशासन ने 1 जुलाई को जनता दरबार में रोजगार के सवाल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके न तो आज जनता दरबार में सीएम मौजूद रहे और न प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा युवाओं को किसी तरह का आश्वासन दिया गया। इससे युवाओं में रोष है और यह रोजगार के सवाल पर सरकार के कतई गंभीर न होने को दिखाता है।सीएम को संबोधित पत्रक अधिकारियों को सौंपा गया, जिसमें प्रमुख रूप से सिंचाई विभाग ट्यूबवेल आपरेटर के 9700 से ज्यादा पद समेत करीब 20 हजार पदों के रिक्त होने की जानकारी सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता ने छात्रों को दी थी। ऊर्जा विभाग में 72 हजार सृजित पदों में 50 फीसद से ज्यादा पद रिक्त हैं। पुलिस विभाग में रेडियो आपरेटर, जल निगम, परिवहन निगम, नगर निगम, समेत अन्य विभागों में बड़े पैमाने पर तकनीकी संवर्ग के पद रिक्त हैं। युवा मंच ने कहा है कि जब खुद सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा समीक्षा बैठक में रिक्त पदों पर तत्काल पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की गई है। इस घोषणा का अनुपालन क्यों नहीं हो रहा है ? प्रदेश में 6 लाख रिक्त पद हैं। दर्जनों भर्तियां वर्षों से लटकी हैं। गठित शिक्षा सेवा चयन आयोग में चयन प्रक्रिया का काम शुरू नहीं हुआ है। बिजली महकमे का उदाहरण देते हुए बताया गया कि पहले विभाग में एक लाख से ज्यादा सृजित पद थे।

# बाढ़ के समय जन-धन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता, अलर्ट मोड में रहें सभी जिले

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 07 वर्षों में किए गए सुनियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अंतरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। इस वर्ष भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। जबकि सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं। अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति हेतु पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। माननीय जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार इस वर्ष पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जनपदों में सतर्कता बनाए रखें। आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग, केंद्रीय जल आयोग, केंद्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ प्रदेश के सिंचाई एवं जल संसाधन, गृह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिंचाई एवं जल संसाधन, खाद्य एवं रसद, राजस्व एवं राहत, पशुपालन, कृषि, राज्य आपदा प्रबन्धन, रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण के बीच बेहतर तालमेल हो।

# ढह गई भाजपा के भ्रष्टाचार के पिलर पर खड़ी पानी टंकी: अजय

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मथुरा में सिर्फ तीन वर्ष पुरानी पानी की टंकी भरभरा कर गिर गई।

घटना के दौरान टंकी के नीचे दबकर दो लोगों की मौत और 12 लोगों के घायल होने की खबर है। घटना पर अपना रोष प्रकट करते हुए एवं मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि आजादी की बाद प्रदेश में इतनी भ्रष्ट सरकार कभी नहीं रही। योगी की सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त है। आदमी तो आदमी इस सरकार ने भगवान को भी नहीं छोड़ा है।श्री राय ने कहा कि पहली ही बारिश में भगवान राम के मंदिर में पानी चूने लगा। 311 करोड़ की लागत से बने रामपथ में गड्ढा हो गया है और इस तरह से रोड़ धंसने व रोड़ में गड्ढा होने की घटनाएं आम हो गई हैं जो योगी सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलती हैं। जो मथुरा में हुआ वो निहायत शर्मनाक है। भाजपा के भ्रष्टाचार के पिलर पर खड़ी पानी की टंकी भरभराकर गिर गई और निर्दोष नागरिकों का काल बन गई। भ्रष्टाचार के उच्चतम पायदान पर बैठे योगी जी झूठी खबरों से साफसुथरी सरकार की धारणा गढ़ने में लगे है मगर जनता अब इनके वास्तविक चेहरे को पहचान चुकी है। पिछले सात सालों में जनता के लाखों करोड़ रूपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। श्री राय ने कहा कि अगर योगी में नैतिकता बाकी है तो उन्हें पूरे प्रदेश के इस भ्रष्ट तंत्र की जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

# सपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ता सोमवार को पूरे प्रदेश में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मना रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पौधे लगाए, भंडारे आयोजित किए, रक्तदान किया और अन्य तरीकों से इस दिन को मनाया।

यादव का जन्म एक जुलाई 1973 को हुआ था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती समेत कई नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिए यादव को जन्मदिन की बधाई दी है। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने मीडिया से कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पौधारोपण कर सादगी से जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने कहा, ''सोमवार से प्रदेशव्यापी 'पीडीए पौधारोपण' कार्यक्रम शुरू हो गया है और यह सात जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के हर गांव में किया जा रहा है जिसके तहत बरगद, पीपल और नीम के पौधे पीडीए वृक्ष के रूप में लगाए जाएंगे। चौधरी ने कहा कि आने वाले समय में 'पीडीए पौधारोपण' अभियान को देशव्यापी आंदोलन बनाने का प्रयास किया जाएगा। लोकसभा चुनाव से पहले अखिलेश यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) समुदायों के मतदाताओं को लुभाने के लिए पीडीए का नारा दिया था। सपा ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 सीट जीती थीं।



# मायावती ने अखिलेश यादव को जन्मदिन की दी बधाई

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती समेत कई नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिले यादव को यादव को जन्मदिन की बधाई दी है। मायातवी ने ट्वीट कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख, उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम व सांसद अखिलेश यादव को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं उनके लम्बी उम्र की शुभकामनायें। उनके परिवार वालों को भी इस अवसर की दिली मुबारकबाद। वहीं सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पौधारोपण कर सादगी से जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने कहा, ''सोमवार से प्रदेशव्यापी 'पीडीए पौधारोपणश् कार्यक्रम शुरू हो गया है और यह सात जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के हर गांव में किया जा रहा है जिसके तहत बरगद, पीपल और नीम के पौधे पीडीए वृक्ष के रूप में लगाए जाएंगे। समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ता सोमवार को पूरे प्रदेश में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मना रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पौधे लगाए, भंडारे आयोजित किए, रक्तदान किया और अन्य तरीकों से इस दिन को मनाया।



# गोरखपुर की उपलब्धियों में जुड़ा स्वर्णिम अध्याय

▸ सैनिक स्कूल में पढ़ाई शुरू

▸ प्रवेश परीक्षा के बाद कक्षा 6 और 9 में 75-75 सीटों पर हुआ है दाखिला

▸ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है गोरखपुर सैनिक स्कूल

लोकमित्र ब्यूरो



**गोरखपुर।** पहली जुलाई की तारीख गोरखपुर की उपलब्धियों में स्वर्णिम अध्याय जोड़ने वाली रही। इस तिथि से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट गोरखपुर सैनिक स्कूल में पढ़ाई शुरू हो गई। प्रवेश परीक्षा के जरिये सैनिक स्कूल में कक्षा 6 और 9 में 75-75 सीटों पर दाखिला पहले ही हो गया था। गोरखपुर सैनिक स्कूल का औपचारिक उद्घाटन भी इसी माह होने की उम्मीद है।

सैनिक स्कूल में पहले सत्रारंभ के पहले दिन प्रधानाचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित 50 एकड़ भूमि पर बना है। डेढ़ सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस स्कूल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 जुलाई 2021 को किया था। 'युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा' के ध्येय से निर्माणाधीन इस शैक्षिक प्रकल्प में कक्षा 6 से 12 तक बालक-बालिकाओं को आवासीय व्यवस्था के तहत शिक्षा प्रदान करने का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यहां छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कैंपस हैं। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति व परंपरा का दर्शन कराने वाला बना है। सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के खेलकूद की गतिविधियों के लिए खेलों के कई कोर्ट व मैदान भी विकसित हुए हैं हैं।

गोरखपुर का सैनिक स्कूल सीएम योगी की उच्च प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में सम्मिलित है। इसके शिलान्यास के बाद भी वह कई बार इसके निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण करने आते रहे हैं। फरवरी माह में जब वह सैनिक स्कूल का निरीक्षण करने आए थे, तभी उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि जुलाई सत्र से यहां पढ़ाई शुरू हो जानी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### पिता की प्रताड़ना से तंग बीफार्मा छात्रा ने दी थी जान

**लखनऊ।** बंथरा में बीफार्मा की छात्रा ने पिता की प्रताड़ना से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी थी। भाई ने बंथरा थाने में पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। भाई का आरोप है कि पिता अक्सर बहन की पिटाई कर जबरदस्ती शादी का दबाव बना रहे थे। जिससे तंग आकर उसने जान दे दी। बंथरा पुलिस जांच कर रही है। बंथरा के बनी निवासी रितिक कश्यप के मुताबिक बहन रोशनी (21) बीफार्मा की पढ़ाई कर रही थी। पिता राकेश कश्यप अक्सर उसकी पिटाई कर देते थे। बीते 17 जून को पिता शराब के नशे में घर आए और बहन पर शादी का दबाव बनाने लगे। शादी से मना करने पर उसको पीटा था। रोशनी अभी अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती थी। परेशान होकर 18 जून को रोशनी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई थी। रितिक का आरोप है कि पिता ने वर्ष 2019 में 2.40 करोड़ की जमीन बेची थी। वह रुपये कहां गए पिता उनके बारे में भी वह कुछ नहीं बताते हैं। कुछ रिश्तेदारों को पिता अक्सर रुपये देते थे। रुपये देने से विरोध करने पर भी वह गाली गलौज कर मारपीट करने लगते थे। इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत कुमार राघव के मुताबिक पिता राकेश के खिलाफ रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नए कानून के तहत पहली एफआईआर

**लखनऊ।** भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) का पहला मुकदमा दर्ज हुआ है। यह मुकदमा निगोहा थाना पुलिस ने चोरी के मामले में दर्ज किया है। धारा 305 लगाई गई है। घटना कुशमौरा गांव की है। चोरी की वारदात सोनू कश्यप के घर हुई है। वह कैटर्स का काम करते हैं। सोनू ने बताया कि रविवार रात घर के बाहर सो रहे थे। तभी दीवार कूदकर घर के अंदर घुसे चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। बक्से और आलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान और नकदी उठा ले गए हैं। इस दौरान रात में गांव के श्याम लाल प्रजापति के घर से एक जोड़ी टप्स, सोने की झाला, मंगलसूत्र, पायल और 29 हजार की नगदी सहित अन्य सामान चोरी हुए थे। सोनू कश्यप को किसी की आहट सुनाई दी। वह नींद से जाग गए। इस दौरान दो लोग बाउंड्री पर खड़े थे। इस पर उन्हें शक हुआ। घर में जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में पीड़ित की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। बीएनएस की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ है। भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत एक जुलाई से सरकार द्वारा बनाए नए कानून लागू हो गए हैं। यानी नए कानून के तहत अब आरोपियों पर आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता की कार्रवाई की जाएगी।

### घर के सामने शराब पीने से रोका तो सिर फोड़ा

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में घर के सामने शराब पीने से मना करना युवक को भारी पड़ गया। पड़ोसी ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर रॉड से उनकी पिटाई कर सिर फोड़ दिया। तहरीर पर ठाकुरगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। आदर्शनगर निवासी संचित त्रिवेदी के मुताबिक रविवार को पड़ोसी अनिल अवस्थी व उनका रिश्तेदार बादल तिवारी घर के बाहर शराब पी रहे थे। उन्होंने मना किया तो दोनों उन्हें गालियां देने लगे। विरोध पर दोनों ने उनकी रॉड से पिटाई कर सिर फोड़ दिया। चीख पुकार पर आसपास के लोगों को जुटता देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गोमती नगर बस अड्डे की डिजाइन मंजूर

**लखनऊ।** लखनऊ के पांच बस अड्डे एयरपोर्ट के तर्ज पर हाईटेक बनेंगे। पीपीपी मॉडल पर विकसित होने वाले इन बस अड्डों पर तमाम यात्री सुविधाएं मौजूद होंगी। इसी क्रम में गाजियाबाद में बनने वाले बस अड्डे के मानचित्र को मंजूरी एमडी ने दे दी है। अब इसी नक्शे के डिजाइन पर गोमतीनगर के विभूति खंड में भी बस अड्डा बनेगा। यह बस अड्डा 250 करोड़ में दो वर्षों के भीतर आठ मंजिला बनकर तैयार होगा। प्रदेश भर में करीब 111 कंडम बस अड्डे को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा।

# बेसमेंट की खुदाई पर रोक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** शहर में मानसूनी बारिश को देखते हुए एलडीए ने तत्काल प्रभाव से बेसमेंट की खुदाई-निर्माण पर रोक लगा दी है। एलडीए उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जन सामान्य और सम्पत्ति की सुरक्षा के दृष्टिगत सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। यह रोक अगले आदेशों तक जारी रहेगी।

उपाध्यक्ष ने बताया कि बेसमेन्ट का निर्माण करते समय मानक के अनुरूप खुदाई न होने या सुरक्षा का उपाय न अपनाने पर बारिश का पानी भर जाता है।

अगल-बगल के प्लॉटों से पर्याप्त दूरी न होने पर आस-पास के मकानों को क्षति पहुंचने का जोखिम रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए अग्रिम आदेशों तक किसी भी निर्माण स्थल पर बेसमेन्ट के लिए खुदाई पर रोक लगाई गई है। इसके साथ ही जिन लोगों ने बेसमेन्ट के लिए खुदाई कराई है, उनको एक सप्ताह में सुनिश्चित करना होगा कि चारों तरफ के घरों की सुरक्षा सैण्ड बैग स्टैकिंग, आरसीसी रिटेनिंग वाल आदि से की गई है। बेसमेंट में बारिश के पानी को निकालने के लिए निर्माणकर्ताओं को स्थल पर पम्प की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही जलभराव की सूरत में पानी की निकासी नालियों या वाटर चैनल में की जाएगी। कैचमेंट एरिया का पानी बेसमेंट में न आए, इसके लिए भी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करानी होगी।

#### लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन लोगों ने मानक के विपरीत बेसमेन्ट की खुदाई कराई है, उनके खिलाफ तत्काल नोटिस जारी करें। साथ ही सुरक्षा के उपाय करवाएं। उपाध्यक्ष ने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उपाध्यक्ष ने बताया कि जोनल अधिकारियों तथा अधिशासी अभियन्ताओं को अपने क्षेत्र में इन आदेशों का पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, मुख्य नगर नियोजक कार्यालय से स्वीकृत ऐसे मानचित्र, जिनमें बेसमेन्ट अनुमन्य है, उनकी सूची क्षेत्रीय अधिशासी अभियन्ता-जोनल अधिकारी को प्राप्त कराने के निर्देश हैं। इस सूची के आधार पर जोनल अधिकारी व अधिशासी अभियंताओं को ऐसे स्थलों का निरीक्षण करके रिपोर्ट देनी होगी।

# होटल में मिली प्रेमी जोड़े की लाश

- संडे को लखनऊ घूमने पहुंचे, रात में कमरा बुक किया, सुबह फांसी पर लटकते मिले

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ के एक होटल में प्रेमी युगल की लाश मिली है। दोनों रविवार की रात होटल पहुंचे। वहां स्टे के लिए कमरा बुक किया। सुबह जब होटल कर्मियों ने दरवाजा नॉक किया तो नहीं खुला। काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा बंद ही रहा। फिर होटल मैनेजर ने पुलिस को मामले की जानकारी दी।

पुलिस पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। वहां दोनों की लाश फंदे पर लटकती मिली है। उनके पास मिले कागजात से नाम और एड्रेस की जानकारी मिली है। पुलिस ने बताया कि लड़के का नाम मुन्ना (19) निवासी बहराइच और निकिता (19) निवासी जौनपुर के तौर पर हुई है।

जानकारी के मुताबिक दोनों रविवार को लखनऊ पहुंचे थे और घूमने के बारे में बताया था। इसके बाद वे नाका एरिया के मिनी महल होटल पहुंचे और कमरा किराए पर लिया। वहीं पर दोनों की लाश मिली है। पुलिस का मानना है कि रात में किसी वक्त दोनों ने फांसी लगाई होगी। परिजनों को सूचना दी गई है।

**दोनों नहीं निकले थे होटल से बाहर:** होटल के मैनेजर विकास ने बताया रविवार सुबह 7:30 बजे दोनों यहां आए थे। कमरा बुक किया और आधार कार्ड जमा किया। वे सिर्फ एक बार पानी लेने के लिए निकले और उसके बाद बाहर नहीं आए। सुबह चेक ऑउट के लिए हमारा स्टॉफ गया तो कोई रिस्पांस नहीं मिला। फिर हमने 112 नंबर पर कॉल किया और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो दोनों फांसी के फंदे पर लटकते मिले। इनका पता मिला है, परिजनों को जानकारी दी गई है।

# निवेश के नाम पर 1.99 करोड़ रुपये ऐंठे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने शेयर में निवेश के नाम पर तीन लोगों से 1.99 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गोमतीनगर के विराट खंड निवासी रामचंद्र के मुताबिक कुछ समय पहले वह शेयर मार्केट के व्हाट्सएप ग्रुप पर जुड़े थे। जालसाज ने उन्हें शेयर व आईपीओ खरीद कर मुनाफा पाने का झांसा दिया था। बातों में आकर उन्होंने 1.27 करोड़ रुपये निवेश कर दिए। अब उनका खाता फ्रीज कर दिया गया है। वह शेयर बेचकर रुपये निकाल नहीं पा रहे हैं। वहीं आलमबाग निवासी पंकज कुमार के मुताबिक पांच मई को उनके पास शेयर मार्केट में निवेश का मैसेज आया था। जालसाजों ने अपना परिचय प्रो. सोहेल व अलीसा के रूप में में दिया। झांसे में आकर पंकज ने 61 लाख 13 हजार रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद उनके खाते में मुनाफे के पांच करोड़ रुपये दिखने लगे। जब रुपये निकालने की कोशिश की तो जालसाजों ने उनसे 21 लाख सर्विस चार्ज मांगा। शक होने पर उन्होंने जांच की तो पता चला कि ट्रेडिंग एप फर्जी था। इसी तरह मानकनगर निवासी विजय कुमार से 10.35 लाख रुपये ठग लिए।

#### फर्जी दस्तावेज से जमीन की रजिस्ट्री



**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव में किसान पंकज तिवारी द्वारा बेची गई जमीन को दो सगी बहनों ने धोखाधड़ी करके रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करवा दिया। जब जमीन के खरीदार को पता चला तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सीनियर अधिकारियों ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक पीड़ित मनोज तिवारी की तहरीर के आधार पर पूर्व में बेची गई जमीन का फर्जी प्रपत्रों के सहारे दोबारा रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करने वाली आरोपी बहनों सुनीता देवी व माया देवी पर केस दर्ज किया गया है। मामले में दो वकीलों शैलेश कुमार गौतम और विनय कुमार द्विवेदी सहित कुलदीप, विवेक कुमार, गणेशानंद, राजेंद्र कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है।

# छेड़छाड़ के आरोपी पर मुकदमा, मेस ब्लैक लिस्ट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** केजीएमयू में एमबीबीएस छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में सोमवार को विशाखा कमेटी ने रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है। इसमें आरोपित कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की सिफारिश की गई है।

हालांकि शनिवार को छात्राओं के हंगामे के बाद चौक कोतवाली में मुकदमा दर्ज हो चुका है। कमेटी ने हॉस्टल में संचालित मेस को ब्लैक लिस्ट करने की भी सिफारिश की है।

घटना 21 जून की है। वीएल हॉस्टल में 2019 बैच की छात्रा ने मेस कर्मचारी पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं।

छात्रा का आरोप है कि 21 जून को छात्रा ने सफाई के लिए मेस कर्मचारी को कमरे में बुलाया था। सफाई के दौरान सामान हटाने के लिए कर्मचारी ने छात्रा से मदद के लिए कहा था। इस दौरान आरोपी गलत हरकत करने लगा। छात्रा के विरोध पर कर्मचारी



धमकी देते हुए कमरे से भाग निकला था। छात्रा की शिकायत पर केजीएमयू प्रशासन ने विशाखा कमेटी बनाई थी। शनिवार को आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया था। चौक कोतावली में जाकर नाराजगी जाहिर की थी। उसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

सोमवार को विशाखा कमेटी ने केजीएमयू प्रशासन को रिपोर्ट सौंप दी। कमेटी ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को कहा है। वीएल हॉस्टल में संचालित मेस को ब्लैक लिस्ट करने की सिफारिश की है। चीफ प्रॉक्टर डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव का कहना है कि हॉस्टल के सभी पुरुष कर्मचारी की जगह महिला कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

#### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

**12 मई 2023:** लारी कॉर्डियोलॉजी के वार्ड ब्वॉय ने स्टाफ नर्स से छेड़छाड़ और अभद्रता की थी। नर्स की शिकायत के बाद जांच हुई तो वार्ड ब्वॉय नौकरी से हटा दिया गया। कानूनी कार्रवाई करने से केजीएमयू प्रशासन ने हाथ पीछे खींच लिया।

**20 मई 2023:** एमबीबीएस छात्रा की तबीयत बिगड़ गई। उसे ट्रॉमा सेंटर के मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया। संविदा पर तैनात पुरुष नर्स ने छात्रा से छेड़छाड़ की थी। मामले की जांच हुई थी।

**जून 2020:** फार्माकोलॉजी विभाग की रेजिडेंट डॉक्टर से छेड़छाड़ की शर्मनाक घटना हुई। शिकायत के बाद अफसरों ने जांच कराई। उसके बाद मामला रफा दफा कर दिया गया।

# कठौता झील की बाउंड्री गिरी

- 20 मीटर तक धंसी सड़क, गड्ढे में गुमटी समाई, 10 लाख लोग झील का पानी पीते हैं।

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ से बड़ी खबर है। यहां सड़क धंसने से कठौता झील की बाउंड्री गिर गई। गड्ढा होने से बिजली पोल, ट्रैफिक सिंगल लाइट, स्ट्रीट लाइट और एक पान की गुमटी इसमें समा गई। बाउंड्री गिरने से पूरी गंदगी झील में चली गई।

सोमवार सुबह नगर निगम की तरफ से करीब 1100 मीटर लंबा नाली निर्माण का काम किया जा रहा था। ठेकेदार की तरफ से तीन फीट से ज्यादा खुदाई कर दी गई। इससे बाउंड्री की नींव कमजोर हो गई और भरभरा कर गिर गई। बाउंड्री के गिरने से सड़क 20 मीटर तक धंस गई।



बता दें, कठौता झील से पूरे गोमती नगर और इंदिरा नगर को पानी की सप्लाई होती है। करीब 10 लाख लोग कठौता झील का ही पानी पीते हैं।

जलकल जेई बीएन द्विवेदी ने बताया कि यहां नाली बनाने को लेकर नगर निगम को पत्र लिखा गया था। लेकिन वहां से जवाब आया कि इसका निर्माण होना जरूरी है। जबकि नाली का निर्माण झील के बाउंड्री से लगाकर किया जा रहा है।

ठेकेदार और कर्मचारियों ने काम में लापरवाही दिखाई जिससे सड़क धंस गई। सोमवार दोपहर तक सड़क को ठीक नहीं किया गया था। हालांकि इस दौरान जलकल के अधिकारी और कर्मचारी वहां पर मौजूद थे।

**पिछली बारिश में भी सड़क टूटी थी:** यहां पिछले साल भी बारिश में सड़क खराब हुई थी। सड़क टूटने की वजह से पूरे इलाके का पानी झील के अंदर चला गया था। उस समय इलाके के पार्षद शैलेन्द्र वर्मा ने इसको लेकर विरोध भी दर्ज कराया था। लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने भी इलाके का दौरा कर काम की गुणवत्ता को सही करने का आदेश दिया था। हालांकि यह सब बातें महज कागजों तक सीमित रह गईं।

#### डीएम के दौर पर पहुंचे इंजीनियर

सड़क धंसने और बाउंड्री के टूटने की जानकारी होने के बाद भी नगर निगम के जिम्मेदार अफसर मौके पर नहीं पहुंचे। सिविल सेक्शन इंजीनियर भी डीएम के दौर पर पहुंच गए। मौके पर मौजूद जलकल के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों को फोन किया गया था लेकिन अभी तक कोई नहीं आया है।

# केजीएमयू ज्वाइन नहीं करना चाहते नए नर्सिंग अफसर

### 196 नर्स ने ज्वाइन नहीं किया, प्रतीक्षा सूची जारी

- केजीएमयू की खराब छवि और काम के दबाव से नहीं आना चाहते युवा
- 1249 पदों की लिखित परीक्षा के बाद सभी ने दस्तावेजों की जांच कराई
- चयन के बाद ज्वाइन न करने के कारणों का पता लगाएगा केजीएमयू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** केजीएमयू में नर्सिंग ऑफिसर ज्वाइन नहीं करना चाहते हैं। यही वजह है कि 1249 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। परीक्षा व दस्तावेजों की जांच पड़ताल के बावजूद 196 चयनित नर्सिंग ऑफिसर ने केजीएमयू में नौकरी करने से इनकार कर दिया है। अब केजीएमयू प्रशासन ने वेटिंग लिस्ट से नए नर्सिंग



ऑफिसर की मेरिट जारी की है। केजीएमयू में 4000 बेड हैं। मानक के अनुसार आईसीयू में प्रत्येक बेड पर एक नर्स का मानक है। जबकि जनरल वार्ड में एक बेड पर तीन नर्स की तैनाती होनी चाहिए। डे-केयर वार्ड में पांच बेड पर एक नर्स की तैनाती का नियम है। मौजूद समय में केजीएमयू में लगभग 1650 नियमित पद पर नर्स तैनात हैं। जबकि 1000 नर्स संविदा के आधार पर कार्यरत हैं।

मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए केजीएमयू प्रशासन नियमित पदों पर नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती कर रहा है। इसके लिए 22 जून 2023 से 1249 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई। चयनित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग लेटर भी जारी कर दिया गया। 196 नर्सों ने नौकरी ज्वाइन नहीं किया है। अब तक 1053 नर्सिंग ऑफिसर ने नौकरी ज्वाइन कर ली है। मेरिट सूची में टॉप 10 में रहे दो अभ्यर्थियों को भी केजीएमयू नहीं भाया। 28 जून को केजीएमयू कुलसचिव अर्चना गहरवार ने वेटिंग लिस्ट जारी की ताकि जल्द से जल्द नर्सिंग भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जा सके। वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों ने चयन के बावजूद नर्सिंग ऑफिसर ने नौकरी क्यों ज्वाइन नहीं की है? इसके कारणों का पता लगाने की कवायद भी शुरू कर दी है। इस बाबत नर्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि काम का दबाव अधिक है। मानकों का पालन नहीं हो रहा है। सुविधाएं भी दूसरे राज्यों से कम मुहैया कराई जा रही हैं।

### सुभाष कॉलेज में यूजी पाठ्यक्रमों के लिए आठ जुलाई तक आवेदन

**लखनऊ।** अलीगंज स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय पीजी कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। साथ ही कॉलेज में प्रवेश परीक्षा की तिथियों में भी बदलाव किया गया है। प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी ने बताया कि स्नातक कार्यक्रमों में अब आठ जुलाई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। पहले आवेदन करने की अंतिम तारीख दो जुलाई रखी गई थी। वहीं अब प्रवेश परीक्षा का आयोजन चार जुलाई को न कर 10 जुलाई को किया जाएगा। इसके लिए आठ जुलाई को एडमिट कार्ड जारी कर दिए जाएंगे। प्राचार्या का कहना है कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 12 जुलाई को घोषित किया जाएगा। इसके बाद 15 जुलाई से काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। बता दें कि कॉलेज में बीए की 902, बीकॉम 132, बीएससी में 110 सीट हैं। अभी तक इन सीटों के सापेक्ष 1100 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं।

# ट्रेन के टॉयलेट में गैंगरेप का आरोप

- पीड़िता बोली- मेरा हाथ-पैर बांधकर छोड़ दिया, अब इंसाफ नहीं मिला तो आत्महत्या कर लूंगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में सीएम योगी से एक लड़की और उसकी मां ने न्याय की गुहार लगाई है। लड़की की उम्र 23 साल है। उसका कहना है कि 13 मार्च को उसके साथ कुछ लोगों ने गैंगरेप करके ट्रेन के टॉयलेट में छोड़ दिया, हाथ-पैर भी बांध दिया था, लेकिन उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। अगर इंसाफ नहीं मिला तो मैं आत्महत्या कर लूंगी। आरोपी उसके ननिहाल रामपुर जिले के हैं।

फिलहाल पीड़िता लखनऊ के हिंदू महासभा आश्रम में रुकी हुई है। उसका कहना है कि उसे आरोपियों से जान का खतरा भी है। महिला का दावा है कि उसके पास अवैध हथियार बेचने वालों और मदरसे पढ़ने वाली नाबालिग लड़कियों के साथ रेप किए जाने के भी सबूत हैं। वह अपनी मां के साथ सीएम से मिलने उनके जनता दर्शन कार्यक्रम में भी पहुंची थी।

3 मार्च की रात मुझे इम्तियाज हुसैन, इरफान हुसैन, अफसर हुसैन, इसरार हुसैन ने किडनैप कर लिया। बेल्ट से पिटाई की। हाथ-पैर बांध कर निर्वस्त्र कर दिया। फिर सभी ने गैंग रेप किया। इसके बाद बोरी में पैक कर ट्रेन से कहीं ले गए। हम किस ट्रेन में थे, हमें इस बात की जानकारी नहीं है।

जब ट्रेन चल दी तो टॉयलेट में ले गए। यहां बोरी खोल दिए। फिर सभी टॉयलेट में ही बारी-बारी से दुष्कर्म करते रहे। मैं चीखी-चिल्लाई तो मेरे मुंह में कपड़ा बांध दिया। वाशरूम का कई यात्रियों ने गेट खटखटाया, लेकिन गेट अंदर से लॉक था।

कुछ देर बाद लोगों की हलचल होने लगी तो आरोपी ट्रेन से कूदकर भाग गए। लोगों की मदद से हमें कपड़े मिले। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे तो हिंदू महासभा का सहयोग लिया। दिल्ली में 21 मार्च को एफआईआर दर्ज कराई। बाद में रामपुर ट्रांसफर की गई। लगभग चार महीने हो गए, लेकिन अभी तक इंसाफ के लिए भटक रहे हैं, कोई सहायता नहीं मिल रही।

दिल्ली पुलिस के पास जब महिला ने एफआईआर दर्ज कराई तो पुलिस ने उसका अरुणा आसफ अली हॉस्पिटल में मेडिकल कराया। रिपोर्ट आने पर डॉक्टरों ने रेप की पुष्टि हुई। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने यह केस उत्तर प्रदेश पुलिस को ट्रांसफर कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने इस पर कोर्ट से स्टे ले लिया। अब स्टे का टाइम खत्म हो गया है फिर भी पुलिस एक्शन नहीं ले रही है।

पीड़िता का कहना है कि इस विवाद की असल उसके ननिहाल मुरादाबाद से जुड़ा है। यहां के एक गांव में उसे 350 बीघा जमीन विरासत में मिली है। जमीन पर कब्जे के लिए गांव के लड़के इम्तियाज हुसैन, इरफान हुसैन, इसरार हुसैन और अफसर हुसैन ने उसकी मां को भी बंधक बना चुके हैं।

पीड़िता का कहना है कि यहां स्थिति मस्जिद में अवैध गतिविधि भी होती है। यहां के इमाम अवैध हथियार बेचने का धंधा करते हैं। जिसका मेरे पास वीडियो भी है।

पीड़िता का कहना है कि हम दर-दर की ठोकर खा रहे हैं और आरोपी बाहर घूम रहे हैं। वह हमें दिन-रात जान से मारने की धमकी देते हैं। यदि इन आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो वो अपनी जान दे देगी। उसका आरोप है कि अवैध हथियार बेचने वाले मदरसे और मस्जिद में नाबालिग लड़कियों के साथ गलत काम भी करते हैं। मेरे पास इसके सबूत भी हैं।

### किसानों को मुफ्त बिजली के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ाने की मांग

लखनऊ। किसानों को सिंचाई के लिए उनके निजी नलकूप कनेक्शन पर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए 14 लाख किसानों में से करीब 80 हजार किसानों ने ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की है। इस योजना में रजिस्ट्रेशन कराने की तिथि 30 जून तक थी जो कि समाप्त हो गई है। यह मुद्दा उठाते हुए राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवक्धेश कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि रजिस्ट्रेशन की तिथि को अगले दो माह तक बढ़ाने का आदेश बिजली महकमें को दें। सोमवार को जारी बयान में अवधेश वर्मा ने यह भी मांग की है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में पावर कारपोरेशन ने कई अनावश्यक शर्तें किसानों पर थोप रखी है, जिसे समाप्त किया जाना चाहिए। योजना की समाप्ति तिथि 30 जून तक 14 लाख में से महज 80 हजार किसानों द्वारा ही रजिस्ट्रेशन इस बात को प्रमाणित कर रहा है।

# ब्लैकमेलिंग से परेशान व्यापारी ने जान दी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ के एक कारोबारी ने सोमवार सुबह फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार को लोग सुबह दुकान में पहुंचे तो शव फंदे पर लटकता मिला। घरवाले फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दुकान की तलाशी ली, तो एक सुसाइड नोट मिला। घटना मॉडल हाउस इलाके की है। परिजनों ने सुसाइड नोट के आधार पर अमीनाबाद थाने में तहरीर दी है।

बरामद सुसाइड नोट में व्यापारी संजय अग्रवाल (52) पुत्र बासुदेव प्रसाद अग्रवाल ने एक शख्स पर रकम लेकर वापस न करने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस सुसाइड नोट के आधार पर शख्स को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सुसाइड नोट में लिखा है- ध्रुव साहू लगातार धमकी देता है और बेइज्जत करता है। मैंने जो कर्ज लिया उसका जिम्मेदार मैं हूं, परिवार नहीं।।

पुलिस ने बताया, सोमवार सुबह संजय ने अपने घर के बाहर परचून की दुकान में फांसी लगा ली। परिवार के लोग संजय को लेकर अस्पताल गए लेकिन बचाया नहीं जा सका। संजय अपने परिवार के साथ रहते थे। फैमिली में पत्नी के अलावा एक बेटा और भाई भी है। वह अपनी परचून की दुकान चलाते थे और वहीं फांसी लगाई।



मृतक- संजय अग्रवाल

पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने ने दुकान से सबूत जुटाए हैं। पुलिस ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह क्लियर होगी। फिलहाल हम सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच कर रहे हैं।

सुसाइड नोट में लिखा है- मैं पूरे होश हवास में लिख रहा हूं कि ध्रुव साहू पता दुर्गा खस्ता कॉर्नर लाटूस रोड मेरे रुपए वापस नहीं कर रहा है। रुपए मांगने गया तो उल्टा मेरे ऊपर लाखों का कर्ज बता दिया। मेरे ऊपर कर्ज हो गया है। ध्रुव साहू के लगातार धमकाने और बेइज्जती करने से काफी परेशान रह रहा हूं। मेरे द्वारा लिए गए कर्ज के लिए मैं जिम्मेदार हूं। मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं है।

सुसाइड नोट में संजय ने लिखा कि ध्रुव साहू के पास उनका एक वीडियो है, जिसे वह वायरल कर देगा। जिससे मेरे परिवार की छवि धूमिल हो रही। ध्रुव ने मुझसे कई ब्लैंक चेक भी ले लिए हैं। ध्रुव साहू किसी का साथी नहीं, उसने मुझे फंसाया और समाज का कर्जदार बनाया। यहीं तक लिखना था।

# वन महोत्सव के अवसर पर अलीगंज में रोपित किए गए 350 पौधे

▸▸ पौधे लगाने की औपचारिकता नहीं बल्कि देखभाल भी करनी है: अलीगंज विधायक सत्यपाल राठौर



लोकमित्र ब्यूरा

**अलीगंज/एटा।** वृक्षारोपण अभियान के तहत विकासखंड अलीगंज क्षेत्र में कई प्रकार के पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण के दौरान शपथ ली की पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी करना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर फलदार, छायादार सहित अन्य प्रकार के पौधे रोपित किए गए।विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के कायमगंज रोड मंडी समिति के समीप स्पोर्ट्स स्टेडियम पर वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण किया गया। जिसमें विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ द्वारा पीपल, बरगद तथा अन्य प्रकार के फलाहार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर करीब 350 पौधे रोपित किए गए। विधायक सत्यपाल राठौर ने कहा कि पेड़ हमारे जन-जीवन का प्रमुख साधन है। पेड़ पौधों को लगाना और इसकी सुरक्षा जिम्मेदारी भी हम सबको लेनी होगी। आज विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों और छायादार पौधे लगाये गये हैं क्यूंकि पर्यावरण में बढ़ रहा प्रदूषण मानव जीवन के लिए खतरे की घंटी है इसीलिए इस बढ़ रहे प्रदूषण की रोकथाम के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक मानव का दायित्व है इसीलिए हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में अपना सहयोग देना चाहिए। हमें केवल पौधे लगाने की औपचारिकता नहीं करनी चाहिए बल्कि उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस दौरान अलीगंज विधायक को इंदौर प्लांट (रिच ऑक्सीजन प्लांट) देकर सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण के दौरान अमित कुमार वन दरोगा, संजय कुमार वन दरोगा, रोहित यादव वनरक्षक, धर्मेन्द्र प्रजापति, विधायक पुत्र सूरज राठौर, बिट्टू राठौर, भानु राठौर, अमित तोमर, राहुल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शासन की मंशानुसार जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्कूल चलो अभियान का किया गया शुभारंभ





▸▸ जनपद के समस्त विद्यालयों में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत उत्सव कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** मुख्यमंत्री एवं शासन के निर्देशानुसार जनपद में 01 जुलाई को स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने प्रतिभाग कर स्कूल चलो अभियान का हिस्सा बनते हुए नव प्रवेश कर रहे छात्र छात्राओं को पुरस्कार आदि का वितरण कर शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में शहर के पुलिस लाईन मॉडल प्राइमरी स्कूल में मुख्य विकास अधिकारी डा0 एके बाजपेयी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस दौरान नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर तथा मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया तथा सभी छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि शिक्षा ही एक मात्र ऐसा साधन है जो एक व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन कर सकता है। राष्ट्र तभी विकसित होगा जब यहां का हर व्यक्ति, हर बच्चा शिक्षित होगा। स्कूल चलो अभियान के तहत गांव या शहर के प्रत्येक बच्चे का स्कूल में नामांकन किया जाए, एक भी बच्चा छूटने न पाए। सभी अभिभावक, अध्यापकगण इस अभियान सफल बनाने का संकल्प लें और 31 जुलाई तक घर-घर दस्तक देकर प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन कराना सुनिश्चित कराएंगे। विद्यालयों में कायाकल्प के तहत काफी तेजी के साथ कार्य हुआ है, अब हमें क्वालिटी एजूकेशन पर फोकस करना है। डीएम ने कहा कि विद्यालय को और अच्छा कैसे बना सकते हैं, इस ओर ध्यान चाहिए। डीएम के निर्देश पर 165 जिला स्तरीय अधिकारी, 04 जिला समन्वयक, 03 एसआरजी व 40 एआरपी द्वारा अपने नामित विद्यालय में उपस्थित होकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बीएसए दिनेश कुमार, डीपीआरओ केके सिंह चैहान, सहित अन्य अधिकारीगण, समस्त खण्ड शिक्षाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं स्कूली बच्चे आदि मौजूद रहे।

# एफआईआर वापस न लेने पर अभियुक्तों ने वादिया के पति को दी जान से मारने की धमकी

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** बीते पन्द्रह दिन पूर्व एक महिला द्वारा जलेसर थाना में दर्ज करायी गयी एफआईआर में फैसला न करने पर अभियुक्तों द्वारा वादिया के पति को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दिलबायी गयी। आरोपियों की धमकी से आहत पीड़ित द्वारा थानाध्यक्ष सकरौली को तहरीर सौंप सुरक्षा एवं कार्रवाई की गुहार लगायी है।

थाना सकरौली क्षेत्र के गांव नगला चतुरी निवासी झाँझन सिंह पुत्र मनोहर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा गया है कि गत 14 जून 2024 को दिनदहाड़े जलेसर तहसील परिसर में नामजद अभियुक्तों द्वारा उसकी पत्नी के साथ मारपीट व लूटपाट की गई थी। जिसकी एफआईआर जलेसर कोतवाली में दर्ज हो चुकी है। उक्त मुकदमा में फैसला का दबाव बनाने के लिये अभियुक्त गणों द्वारा काफी प्रयास किया गया था। जब फैसला नहीं बना तो गत 21जून 2024 को समय लगभग शाम 4 बजे मो.नं0. 97******44 से माता प्रसाद यादव पुत्र दलवीर सिंह यादव निवासी नगला तिरखा के मो.नं0. 63******45 पर मनोज यादव पुत्र अतर सिंह यादव निवासी राजपुर व प्रेमवीर सिंह पुत्र बलवीर सिह यादव व शिव कुमार यादव पुत्र प्रेमवीर यादव व अवनीश कुमार यादव पुत्र प्रेमवीर यादव निवासी ग्राम आराजी वीरहार थाना शकरौली व मनीश उर्फ बनिया यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी धर्मगढी थाना शकरौली ने एक राय होकर हरे राम यादव पुत्र श्री राधेश्याम यादव निवासी धर्मगढी थाना शकरौली से गंदी-गंदी गालियां व जान से मारने की धमकी दिलवाई। जिसकी रिकार्डिंग भी वास्ते सबूत दे रहा है तथा उक्त मुलजिमान प्रार्थी को भी मौका मिलने पर जान से मार सकते है। उक्त मुलजिमान काफी शातिर किस्म के व्यक्ति है। जिससे पीड़ित काफी भयभीत है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की गुहार लगायी है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफ़ाई कर किया माल्यार्पण




**एटा।** बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने नगर संयोजक नितिन गुप्ता के नेतृत्व में सेवा सप्ताह के अंतर्गत एटा नगर में स्थित स्वतंत्रता सेनानी व महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई, धुलाई कर माल्यार्पण किया साथ ही प्रसिद्ध कैलाश मंदिर परिसर की धुलाई कर सफ़ाई का सेवा कार्य भी किया। जिला मंत्री शिवांग गुप्ता, राजेश चौहान, प्रशांत पाठक,वीर पाल शर्मा, प्रकाश भाटी, सुनील चौहान, अनुराग वशिष्ठ, दिव्यम, आरुष, अर्चित, रामलखन सहित दर्जनों कार्यकर्ता सेवा के कार्य में सहभागी रहे।

### जिलाधिकारी जलेसर तहसील में करेंगे जनसुनवाई

**एटा।** जनता की समस्याओं, शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 06 जुलाई शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक किया जाएगा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह जलेसर तहसील में, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चैधरी एटा सदर तहसील में, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश अलीगंज तहसील में जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनेंगे। समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण तहसील जलेसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे।

### जी एल बजाज में पांच दिवसीय दीक्षांत समारोह का आयोजन




**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज संस्थान में पीजीडीएम विभाग में (बैच 2024-26) के पांच दिवसीय दीक्षारम्भ समारोह नवदिशा का समापन किया गया। समापन सत्र में मेकमाईट्रिप.कॉम के ग्रुप चीफ एचआरओ युवराज श्रीवास्तव ने भाग लिया। सत्र की शुरुआत में निदेशक सपना राकेश ने युवराज श्रीवास्तव को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। श्रीवास्तव ने सभागार को संबोधित करते हुए भारतीय सेना से लेकर बड़े कॉरपोरेट्स (एशियन पेंट, पेप्सिको) तक की अपनी स्वयं की यात्रा और उसके अनुभव के सकारात्मक दृष्टिकोण को छात्रों के साथ साझा किए। और कहा कि आप सभी जिस शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत करने जा रहे है सबसे पहले उसे ही अपना लक्ष्य बनाए और किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरुरत होती है। अंत में उन्होंने जीएल बजाज समूह के प्रबंधक और को अधिकारी गणों को आत्मविश्वास रखने, छिपी प्रतिभाओं को खोजने के लिए विश्लेषण और प्रयोग करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कॉलेज के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सभी नव प्रवेशित छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनायें और आयोजन समिति को बधाई दीं।

# युवा शक्ति की पहल: मेरा देश मैं ही सवारू

**नोएडा।** एक्सटेंशन रनर ग्रुप एवं वाईएसएस फाउंडेशन द्वारा मेरा देश मै ही सवारू के अंतर्गत आज अथॉरिटी पार्क- टेक्जोन 4, ग्रेटर नोएडा में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। जो की हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने का प्रयास कर रहा है।

मुकेश परूथी ने कहा की स्थानीय लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए रैलियां, कार्यशालाएं, सोशल मीडिया अभियान, और स्कूलों और समुदाय केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे जागरूक करने का प्रयास कर रहे है। सार्वजनिक स्थानों एवं पार्को से कचरा इकट्ठा करने और उसका उचित निपटान करने के लिए नियमित अभियान किया गया। लोगों को कचरे को अलग करने और रीसायकल करने के लिए प्रोत्साहित करें। सचिन गुप्ता ने बताया की लोगों को अपने घरों, आसपास के क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित करना होगा।

# अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन किया व्रक्षारोपन



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** कस्वा अलीगंज में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव का 51 वां जन्मदिन सोमवार को अलीगंज में धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम गणेशी लाल उत्सव विहार किला रोड अलीगंज में सम्पन्न हुआ। डॉक्टर नवल किशोर शाक्य की अध्यक्षता में केक काटा गया।और उनके दीर्घायु की मंगलकामना की।वही पौधारोपण भी किया। शाक्य ने कहा कि 7 तारीख तक चलने वाला पीडीए पखवाड़ा भी शुरू हुआ है जिसके तहत पौधरोपण किया जाएगा। हम सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नेताओं से कहना चाहता हूं कि पड़ा पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे हैं अभियान में सभी लोग वृक्षारोपण करें इस मौके पर सुभाष शाक्य राजीव यादव पंकज गौरव यादव देवेश कश्यप चन्द्रपाल शाक्य विनोद फौजीपंकज यादव जसवीर यादव आदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और नौजवान साथी उपस्थित रहे।

# महिला संबंधी अपराधों में कमी लाना ही ऑपरेशन जागृति का प्रमुख उद्देश्य

लोकमित्र ब्यूरो




**एटा।** महिलाओं एवं बालिकाओं के जागरूकता व स्वावलंबन एवं उनके प्रति होने वाले अपराधों में कमी लाने हेतु चलाए जा रहे ÷ऑपरेशन जागृति 2.0÷ अभियान के तहत सोमवार को थाना कोतवाली नगर के कृष्ण नगर कॉलोनी व रुद्रपुर, थाना कोतवाली देहात के ग्राम असरौली व ग्राम पवास ,थाना बागवाला के ग्राम करतला व ग्राम जलालपुर, थाना मारहरा के ग्राम पंचायत करुआ मई व ग्राम पंचायत ओरनी, थाना मिरहची के ग्राम डूडिया व ग्राम आलमपुर,थाना पिलुआ के ग्राम सोंगरा व ग्राम पंचायत पिलुआ, थाना सकीट के ग्राम मौ0 काजी कस्बा सकीट व लाखन सिंह इंटर कॉलेज नगला काजी , थाना मलावन के सरस्वती इंटर कॉलेज कुंवरपुर नगरिया व शान्ति देवी इंटर कॉलेज आसपुर , थाना रिजोर के ग्राम पंचायत फफोतू व ग्राम पंचायत घुमरिया, थाना जलेसर के ग्राम नगला मितन व ग्राम एमजीएम इंटर कालेज जलेसर एटा, थाना अवागढ के ग्राम पंचायत नरौरा व ग्राम पंचायत नगला लोधा, थाना निधौली कला के ग्राम मोहब्बतपुर व प्राथमिक विद्यालय मोहब्बतपुर, थाना सकरौली के प्राथमिक विद्यालय राजमलपुर टिमरुआ व ग्राम पंचायत राजमलपुर टिमरुआ, थाना अलीगंज के ग्राम पंचायत राई व ग्राम हरसिंहपुर ,थाना जैथरा के ग्राम पंचायत खवा व ग्राम पंचायत टीकाथर,थाना राजा का रामपुर के ग्राम अर्जुनई सिमरई व ग्राम भैंसराना, थाना नयागांव के ग्राम पंचायत तामरौरा व ग्राम पंचायत खरसूलिया, थाना जसरथपुर के ग्राम पंचायत जसरथपुर व ग्राम पंचायत जटौरा भान में गोष्ठी आयोजित कर, महिलाओं एवं बालिकाओं, छात्र एवं छात्राओं तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों से संवाद स्थापित कर उनको जागरूक किया गया, साथ ही गोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले लोगों से फीडबैक भी लिया गया।

# जिलाधिकारी, सदर विधायक ने संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

▸▸ जनभागीदारी, जनजागरूकता के माध्यम से संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाया जाए-डीएम



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जनपद में 01 जुलाई से शुरू हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान का जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड ने संयुक्त रूप से कलक्ट्रेट प्रांगण से फीता काटकर, हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। डीएम ने इस दौरान संचारी रोगों से बचाव एवं जनजागरूकता हेतु मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों आदि को शपथ दिलाई। डीएम ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में आगामी 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा, तो वहीं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान संचालित होगा। डीएम सीएमओ को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों से सामंजस्य रखते हुए जनभागीदारी के माध्यम से अभियान को सफल बनाएं। डीएम प्रेम रंजन, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड ने कलक्ट्रेट से निकाली गई। जनजागरूकता रैली में स्वयं भी पैदल मार्च कर लोगों से अभियान का हिस्सा बनने की अपील की, साथ ही संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया। डीएम ने कहा कि शासन के निर्देश पर जिन विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे सभी विभाग समन्वित रूप से विस्तृत कार्ययोजना बनाकर गतिविधियां आयोजित करें, अभियान में खानापूर्ति कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर विकास, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस द्वारा इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाए। जनभागीदारी के माध्यम से हमें संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार जैसी बीमारियों के प्रसार को रोकना है।डीएम ने निर्देश दिए कि आपने आसपास के क्षेत्र में यदि कोई बीमार होता है तो उसकी सही समय पर बुखार की जांच और उसका इलाज कराने में मदद करें तथ नजदीकी अस्पताल तक अवश्य पहुंचाएं। दस्तक अभियान के दौरान घर-घर दस्तक अवश्य दी जाए, कर्मचारियों द्वारा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। स्वास्थ्य विभाग को सम्पूर्ण अभियान का नोडल विभाग बनाया गया है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर विकास, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, शिक्षा, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, दिव्यांगजन कल्याण, पशुपालन, कृषि, सिंचाई, मनोरंजन, खाद्य सुरक्षा, उद्यान, चिकित्सा शिक्षा एवं सूचना आदि से सामंजस्य स्थापित कर अभियान को सफल बनाया जाए।

# नये कानूनों के बारे मे आम नागरिकों एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों को दी गई जानकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** भारत में आज से लागू हो रहे तीन नए कानून, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के मद्देनजर थाना अलीगंज में बैठक कर आम नागरिक एवं संभ्रांत व्यक्तियों को जानकारी दी गई। थाना कोतवाली अलीगंज में उप जिलाधिकारी अलीगंज प्रतीक त्रिपाठी और क्षेत्राधिकार सुधांशु शेखर द्वारा बैठक कर आम नागरिकों व संभ्रांत व्यक्तियों को आज से लागू हो रहे हैं नए कानून के बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर ने महत्त्वपूर्ण प्रावधानों, अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। उपजिलाधिकारी अलीगंज प्रतीक त्रिपाठी ने आमजन के साथ बैठक आयोजित कर अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही कानून व्यवस्था में संशोधन होकर नये बने आपराधिक कानून के संबंध में जानकारी दी।

# नए कानूनों के 03 आधार न्याय, निष्पक्षता और समान व्यवहार



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** एसएसपी एटा द्वारा थाना कोतवाली देहात पर नये आपराधिक कानून के महत्त्वपूर्ण प्रावधानों, अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में आम नागरिकों एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों को दी गई जानकारी भारत में आज से लागू हो रहे 03 नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, के मद्देनजर सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर विक्रांत द्विवेदी के साथ थाना कोतवाली देहात पर बैठक आयोजित कर इसके महत्त्वपूर्ण प्रावधानों,अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में आम नागरिकों एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों को जानकारी दी गई। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा द्वारा थाना जलेसर पर आमजन के साथ बैठक आयोजित कर अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही कानून व्यवस्था में संशोधन होकर नये बने आपराधिक कानून के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एंव थाना प्रभारियों द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बैठकें आयोजित कर स्थानीय सम्भ्रांत व्यक्तियों तथा आमजन को नये कानून के संबंध में जानकारी दी गई।

# जिला कारागार में नवीन आपराधिक संहिता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**एटा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त एक्शन प्लान के अनुसार माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एंव जनपद न्यायाधीश, एटा के निर्देशानुसार एवं कमालुद्दीन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एंव सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा द्वारा सोमवार को जिला कारागार, एटा में नवीन आपराधिक संहिता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम÷ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा द्वारा नवीन आपराधिक संहिता पर जिला कारागार एटा में उपस्थित समस्त कारागार संरक्षक को इसकी जानकारी प्रदान की गई , अमित चौधरी, जेल अधीक्षक, एटा के द्वारा भी इसके बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं राधा रमन वार्ष्णेय चीफ एल.ए.डी.एस. द्वारा भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रदीप कुमार कश्यप जेलर, श्रीमती शशिकला वर्मा एवं कार्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# द्वितीय वैच कम्प्यूटर में चार माह का प्रशिक्षण हेतु 20 जुलाई तक करें आवेदन

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र ने बताया है कि अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्तियों एवं अन्य पिछडा वर्ग के व्यक्तियों को स्वरोजगार प्रदान कराये जाने एवं तकनीकी कुशलता बढाये जाने हेतु सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उधम विभाग उ0प्र0, शासन द्वारा वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण योजना संचालित की गई है जिसके अन्तर्गत जनपद एटा के माध्यम अन्य पिछडा वर्ग के व्यक्तियों को ट्रेड दर्जी एवं अनु0जाति के व्यक्तियों को प्रथम बैच टेलरिंग एवं द्वितीय वैच कम्प्यूटर में चार माह का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। प्रशिक्षण उपरान्त प्रशिक्षित व्यक्तियों को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय उपलब्ध कराया जायेगा । उन्होंने बताया है कि अनु0जा0 एंव जनजाति जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य टेलरिंग ट्रेड में कम से कम कक्षा 8 पास एवं कम्प्यूटर में कक्षा 10 पास होना अनिवार्य है एवं अन्य पिछडा वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी जो दर्जी ट्रेड में प्रशिक्षण लेना चाहते है, तथा जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य एवं कम से कम कक्षा 8 पास होना अनिवार्य है। उन्होनें सूचित किया है कि वह उपरोक्त प्रशिक्षण प्राप्त करनें हेतु अपना आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित वेबसाइट http://diupmsme.upsdc.gov.in पर 20 जुलाई तक आनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। योजनान्तर्गत दिव्यांगजन व्यक्तियों को वरियता दी जायेगी। आवेदन पत्र के साथ आवेदन फोटो, शौक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र (न्यूनतम कक्षा 4पास) अनु0 जाति एंव जनजाति का जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या पासबुक की छायाप्रति उक्त साइट पर अपलोड करनी होगी।

ऐसे अभ्यर्थी जो किसी भी सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी विभाग संस्थान अथवा उद्योग विभाग की किसी अन्य योजना में पूर्व में किसी भी ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है वह इस प्रशिक्षण हेतु पात्र नही होगे।

# नौनिहालों का किया गया स्वागत

▸▸ सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कॉलेज में हुआ सुन्दर काण्ड का पाठ



लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** ग्रीष्मावकाश के उपरांत सोमवार को माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के विधिवत खुलने पर बीडीओ एवं बीईओ सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्यो व शिक्षकों द्वारा बच्चों का तिलक लगा कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों द्वारा किये गए इस स्वागत के उपरांत शिक्षार्थियों के चेहरे खिल गये।सोमवार को नगर के श्रीनिवास अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जुलाई के प्रथम दिबस के मौके पर सभी भैया बहनों का तिलक चंदन लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही सुंदरकांड का पाठ का आयोजन समस्त भैया बहनों, आचार्य/ आचार्य बहनों, प्रधानाचार्य व प्रबंध समिति के लोगों ने मिलकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा व समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीलेश उपाध्याय ने किया।

आचार्य रवि उपाध्याय ने वेद मंत्र उच्चारण के साथ पूजन करवाया। इस दौरान-सभी आचार्यगण बजी मौजूद रहे।वही ब्लॉक के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कोसमा में बीडीओ पीएस आनन्द, बीईओ नीलम सिंह ने बच्चों के तिलक व माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान-एसआरजी प्रीति गौड़,प्रधानाध्यापक शंकरदेव पाठक आदि शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय दलशाहपुर प्रथम में एआरपी अजय कुमार शर्मा द्वारा विद्यालय आये सभी बच्चों का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक गौरव सिंह, अर्चना राजपूत, राजेश कुमारी आदि शिक्षक, शिक्षिकाएँ, शिक्षामित्र, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की टक्कर ने ली रेड़ी व्यापारी की जान

**उन्नाव।** रेड़ी लगा कर जीवन यापन कर रहे युवक को बीती रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताते चलें कि जनपद कानपुर के शिवराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सखरेज निवासी लगभग पैंतीस वर्षीय मंतोष पुत्र मोहनलाल फतेहपुर चौरासी थानान्तर्गत तकिया चौकी क्षेत्र में ठेलिया से गांव गांव फेरी लगाकर चूड़ी एवं सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री बेचकर अपना जीवन यापन करता था। बीती रविवार की रात बांगरमऊ लखनऊ मार्ग पर चौराहे के समीप ही स्थित ग्राम नासिरपुर के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उसकी ठेलिया में जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी चपेट में आकर मंतोष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### दीवार गिरने से हुई अधेड़ की मौत

**उन्नाव।** बारिश के चलते दीवार ढह गई। जिसके नीचे दबकर अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन परिजन उसे घायलावस्था में लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया है। बताते चलें कि मौरावां थाना क्षेत्र के ग्राम करदहा निवासी बुद्धई पुत्र ननकऊ अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान रात में हुई बारिश के चलते देर रात लगभग 12 बजे घर की एक दीवार अधेड़ के ऊपर ही गिर गई, जिसके नीचे दबने से अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होते ही परिजन आनन-फानन घायल अधेड़ को लेकर स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर बताते हुए, उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान लगभग 3 बजे अधेड़ ने दम तोड़ दिया। परिवार में मृतक चार भाइयो में तीसरे नंबर पर था, जो कि अविवाहित था और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** स्थानीय थाना अंतर्गत पूरे शुकुल मजरे महुलारा गांव में एक 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक पूरे शुकुल मजरे महुलारा गांव निवासी संतोष कुमार मिश्रा सोमवार की सुबह करीब 5 बजे स्थानीय सीएचसी पर अपनी 35 वर्षीय पत्नी बीनू को बेहोशी की हालत में इलाज कराने के लिए पहुंचे। सीएचसी पर तैनात चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला मुख्यालय रेफर कर दिया परंतु रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजन उसे घर वापस ले आए। सूत्रों के मुताबिक पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद हुआ करता था रविवार की रात भी पति पत्नी के बीच जमकर विवाद होने के बाद मारपीट भी हुई थी। सूत्रों की माने तो रात में ही संतोष ने अपनी पत्नी को बुरी तरह से पीट दिया जिसके चलते वह बेहोश हो गई थी। बच्चों ने भी इसकी पुष्टि की लेकिन परिजनों ने बच्चों को कुछ भी बोलने से रोक रखा था। घटना की सूचना पर मायके वाले पहुंचे मायके पक्ष की महिलाओं ने मृतका के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी देखें लेकिन उन्हें चुप करा दिया गया। करीब 2 घंटे तक पंचायत के बाद आपस में सुलह करने के बाद महिला का दाह संस्कार कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक महिला फिसल कर आंगन में गिर गई थी जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

### विधायक ने किया धर्मकांटा का उद्घाटन



**सिरौलीगौसपुर।** पूर्व मंत्री एंव विधायक रामनगर हाजी फरीद महफूज किदवई, सदर विधायक सुरेश यादव ने नोमानी धर्मकांटा का फीता काट कर उदघाटन किया। सोमवार को रसूलपुर गांव में नोमानी कम्प्यूटराईज्ड धर्मकांटा का पूर्व मंत्री एंव विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई व सुरेश यादव सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज,ने फीता काट कर उदघाटन किया। इस मौके पर मौलाना असलम कासमी सुधांशू वर्मा, आशीम श्रीवास्तव, अंकित वर्मा, अकरम अंसारी आरिफ अंसारी, राम केदार वर्मा, ओमप्रकाश यादव, ओमप्रकाश वर्मा प्रधान, आदि मौजूद रहे।

### नए कानून के तहत अब होगी वीडियोग्राफी और ऑडियो



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्र ने स्थानीय थाने पर क्षेत्र के प्रधानों व जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक करके भारतीय न्याय संहिता 2023 के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। श्री मिश्रा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 1864 में बनी आईपीसी को हटाकर उसकी जगह पर भारतीय न्याय संहिता 2023 लागू की गई है जिसके तहत जहां कुछ मामलों में सजा का प्रावधान बढ़ाया गया है वहीं मांब लिंचिंग जैसे अपराधों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान किया गया है। यही नहीं संज्ञेय अपराध घटित होने की सूचना किसी भी राज्य या पुलिस स्टेशन में प्रभारी को दी जा सकती है। चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं में 3 साल की सजा का प्रावधान किया गया है। नए कानून के तहत नए तथ्य के लिए अब वीडियोग्राफी या ऑडियो भी होगा। इसी के साथ नए कानून से संबंधित पंपलेट भी लोगों को वितरित किए गए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी, स्थानीय नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश यादव के साथ ही सभी सब इंस्पेक्टर तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पांच लाख के जेवर व 50 हजार नगदी चोरी

**कोठी, बाराबंकी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में बीते दिनों से हो रहे ताबड़तोड़ चोरियां का खुलासा करने में कोठी इंस्पेक्टर पुलिस टीम नाकाम है। रविवार रात चोर पुलिस गश्त को खुली चुनौती देते हुए दो घरों को फिर से निशाना बनाया। वह घर पीछे से दाखिल हुए दो घरों में रखी करीब पांच लाख रुपए की जेवर व 51 हजार की नगदी लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह सोकर उठने पर परिजनों की घटना की जानकारी हुई। सूचना पर स्थानीय पुलिस, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड आदि ने मौके पर जांच करते हुए नमूना एकत्रित किए हैं। पीड़ित की नामजद तहरीर आधार पर पुलिस युवकों को हिरासत लेकर पूछताछ कर रही है। लेकिन डीडीसी के यहां की चोरी का खुलासा नहीं होने व पुनः हुई दो चोरी से लोगों कोठी पुलिस विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। उन पर सवालिया निशान खड़ा कर रहे हैं। बीते दिन कोठी थाना क्षेत्र के कैसरगंज मजरे मीरापुर गांव निवासी स्थानीय डीडीसी सोनी यादव के घर लाखों रुपए की चोरी हुई थी। पुलिस इस घटना का खुलासा करने में जुटी हुई थी। बैखौफ चोर इसी मजरे में पुलिस गश्त को चुनौती देते हुए रविवार रात क्षेत्र के ही गोबरेभगत पुरवा मजरे मीरापुर गांव निवासी अंकित यादव पुत्र राम सजीवन यादव के घर के पीछे से घर के अंदर दाखिल हो गए। यहां कमरे में रखे बक्सा का ताला तोड़कर उसमें रखी मांग बेदी, मंगलसूत्र, दो अंगूठी, हाफ पेटी, पायल, बिछिया, हाथ फूल समेत 40 हजार की नगदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक उसके भाई दीपू यादव घर में रखा बक्सा घर बाहर मिला। इसमे रखी पायजेब, पायल, करधनी, हाथफूल, मांगबेदी व झुमकी आदि लेकर फरार है। इसी गांव के समीप जानीपुर मजरे मीरापुर गांव शंकर पुत्र माताप्रसाद का कहना है कि वह सोमवार को अपने पुत्र अनिल कुमार व आनंद कुमार के साथ घर के बाहर सोया हुआ था।

# झमाझम बारिश से गलियां हुई जलमग्न

लोकमित्र ब्यूरो

**बांगरमऊ (उन्नाव)।** मौसम की आज पहली झमाझम बारिश से नगर की गलियां जलमग्न हो गई। सरकारी अस्पताल परिसर में घुटनों तक पानी भर गया। प्रमुख बाजार नौनिहाल गंज की गलियां नहर और माइनर में तब्दील हो गई। पालिका द्वारा बड़े नाले की समुचित सफाई न कराए जाने का खामियाजा आज नागरिकों को भुगतना पड़ा। पहली बारिश ने ही नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी।

बताते चलें कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति बीते मई-जून माह में खास कर उन्नाव हरदोई रोड के समानांतर स्थित बड़े नाले तथा नानामऊ मार्ग के किनारे स्थित छोटे नाले की सफाई नहीं कराई जा सकी। जिससे आज की तेज बारिश से नगर के हालात बदतर हो गए। सोमवार को तड़के करीब 3:30 बजे धुआंधार बारिश शुरू हुई और लगातार 3 घंटे तक अनवरत तेज बारिश होती रही। तेज बारिश से नगर की प्रमुख बाजार नौनिहाल गंज की गलियां नहरों में तब्दील हो गई। बारिश का पानी नगर की चूड़ी वाली गली स्थित रोहित मेडिकल स्टोर, निजाम, कल्लू, जाफरी व रऊफ आदि चूड़ी की दर्जनों दुकानों के अलावा कलाम इलेक्ट्रॉनिक्स और लईक मोबाइल रिपेयरिंग आदि के अंदर चला गया। जिससे दवाइयां, चूड़ियां और मोबाइल सेट तथा सौंदर्य प्रसाधन आदि का सामान भीगकर बर्बाद हो गया। इसी प्रकार नौनिहालगंज की कपड़ा बाजार, गुड मंडी, बकरा मंडी तथा सब्जी मंडी में भी लबालब पानी भर गया और बाजार की गलियों में पानी की तेज धाराएं चलने लगीं। नगर के संडीला मार्ग स्थित मोहल्ला तकिया में भी भीषण जल भराव उत्पन्न हो गया। नागरिक घंटों अपने घरों के अंदर कैद होने को मजबूर हो गए। इधर बड़ा नाला चोक होने से बारिश का पानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर सीसी मार्गों पर घुटनों तक भर गया। जिससे मरीजों और तीमारदारों को आवागमन में भीषण दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर मोहल्ला गोंडा टोला में भी भीषण जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई और दर्जनों घरों के अंदर पानी घुस गया। जिससे घरों के अंदर रखी गृहस्थी भीग कर बर्बाद हो गई।

## पहली बरसात में ही खुली वीवीआईपी सड़क की पोल



**उन्नाव।** लाखों रूपए सरकारी खर्च कर लगभग तीन माह पूर्व बनी सड़क पहली बरसात में ही भ्रष्टाचार की पोल खोल दी। सड़क भी वह जिसे वीवीआईपी का दर्जा प्राप्त है। बताते चलें कि सिविल लाइन में जिला अधिकारी कार्यालय के सामने सड़क का मरम्मतीकरण लगभग तीन माह पूर्व हुआ था। कार्यदायी संस्था द्वारा यहां भी मानक के अनुरूप कार्य नहीं कराया। परिणाम आज यह है कि पहली बरसात में ही सड़क धंस गई। पर्यवेक्षण में लगे अधिकारियों ने ठेकेदारों के सहारे रहकर इस वीवीआईपी सड़क का निर्माण करा दिया। जब वीवीआईपी सड़कें भ्रष्टाचार से सुरक्षित नहीं है तो जिले में अन्य सड़कों की बात कौन करे। अब देखना यह होगा कि जांच होती है कि गढ्डे को मिट्टी से दबाकर दोबारा मरम्मतीकरण का कार्य कराया जाएगा। नगर पालिका परिषद द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया गया था, जो पहली बरसात में अपनी पोल दी।

## निर्माणाधीन जिला कारागार व पुलिस लाइन का डीएम ने किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को निर्माणाधीन जिला कारागार तथा पुलिस लाइन का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन जिला कारागार व पुलिस लाइन के मॉडल का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से जानकारी ली एवं मौके पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से वार्ता कर उनके रहने खाने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का श्रम विभाग से श्रमिक कार्ड बनवाने तथा उनके बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को जिला कारागार व पुलिस लाइन का निर्माण निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**फिर भी कम नहीं हो रहा बालश्रम:** जनपद में जगह-जगह बच्चे भीख मांगते नजर आते हैं, इसका मतलब बाल श्रम सिर्फ कागजों पर नजर आ रहा है, जगह-जगह अबोध बच्चे काम करते हैं।



## सांसद तनुज न शोक संवेदना की प्रकट

**बाराबंकी।** टिकैट नगर कस्बा ईचोली 1 जुलाई विधानसभा दरियाबाद निवासी जमशेद वली उर्फ जम्मू मियां की धर्मपत्नी जी के विगत दिनों हुए निधन की दुःखद सूचना प्राप्त होने पर आज कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया ने जम्मू मियां जी के पैतृक आवास ग्राम कस्बा इचौली पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की!! साथ में अधिवक्ता फ़राज़ अली नासिर आदि लोग ने भी संवेदना व्यक्त की।

## शिक्षा के नए सत्र में नौनिहालों का फूल माला से हुआ स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो



**मसौली बाराबंकी।** शिक्षा सत्र की शुरुआत हुई। खण्ड विकास अधिकारी डॉ संस्कृता मिश्रा ने छात्राओं का रोली चंदन लगाकर फूलों से स्वागत किया और 46 छात्राओं को कोर्स का वितरण किया।

शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवला करसण्डा में सोमवार को खण्ड विकास अधिकारी डॉ संस्कृता मिश्रा ने पहुंचकर छात्राओं का रोली चंदन से टीका करके फूलों से स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा सत्र की शुरुआत हो गई है।आप लोगों की उपस्थिति से शिक्षा में लगन दिखाई पढ़ रही है। मेहनत से पढ़ाई करके आगे बढ़े और माता पिता के साथ अपने गांव का नाम रोशन करें।श्री मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा स्तर को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क किताबें, ड्रेस, बैंग, जूता मोजा और मध्य भोज सहित व्यवस्था उपलब्ध कराने में लगी। इसके अलावा शिक्षकों द्वारा अच्छी शिक्षा देने का कार्य कर रहे है। शिक्षा सत्र के पहले दिन स्कूल आई 46 छात्राओं को कोर्स एवं फल वितरित किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने कहा कि शिक्षा सत्र को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के साथ मनोरंजन, स्मार्ट क्लास के लिए एलटीडी से अच्छी शिक्षा दिलवाई जा रही है। अच्छी व्यवस्था से गांव के स्कूलों में शिक्षा स्तर को बढ़ावा मिल रहा है।

इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मित्तल कुमार,प्राध्यापिका शालिनी वर्मा सहित शिक्षक मौजूद थे।

## डीएम ने हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को किया रवाना

लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** जिला अस्पताल परिसर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को डीएम गौरंग राठी, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, सदर विधायक पंकज गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अस्पताल परिसर से स्वास्थ्यकर्मियों के साथ एनसीसी कैडेट के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुई। डीएम ने स्कूल चलो अभियान रैली का भी शुभारंभ कर ड्रॉप आउट बच्चों को चिह्नित कर स्कूल में एडमिशन के निर्देश विभाग को दिए।

डीएम गौरांग राठी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत के बाद जिला अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया। मरीजों से सीधे संवाद कर हाल जानने के साथ ही सीएमएस को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं को मुहैया कराने के आदेश दिए हैं। वहीं डीएम ने स्वच्छता जागरूकता के लिए मौजूद अफसरों को निर्देश देने के साथ स्वच्छता का संदेश दिया है। डीएम के साथ सदर विधायक पंकज गुप्ता व सीएमओ ने भी इस अभियान की शुरुआत में भाग लिया।

### 31 जुलाई तक चलेगा अभियान



संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत के दौरान मीडिया से बातचीत में डीएम गौरांग राठी ने कहा कि आज स्वास्थ्य विभाग महत्वपूर्ण दिवस है। स्वास्थ्य विभाग में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आज प्रथम दिवस है यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। पिछले अप्रैल माह में इस अभियान की शुरुआत हुई थी, जिसमें प्रदेश में उन्नाव ने नौवां स्थान हासिल किया था। इस बार भी सभी को निर्देश दिए गए हैं। बेहतर तरीके से इस अभियान में शामिल होकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाएं। साथ ही शहर में सोमवार को हुई जमकर बारिश के दौरान कई जगहों पर जल भराव की समस्या हुई है। यहां तक सरकारी आवासों में भी जलभराव रहा है, जिससे लोगों को मुसीबत से जूझना पड़ा है। डीएम ने कहा कि लगातार नालों को साफ कराया जा रहा है। जहां समस्या आई है, उनको प्राथमिकता पर देखा जाएगा और निस्तारण कराया जाएगा।

## दशमोत्तर व पूर्व दशम छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की तारीख जारी

- कक्षा 11 से उच्च शिक्षा हासिल करने वाले छात्र छात्राएं 12 जुलाई से कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन
- कक्षा 9 से 10 तक के छात्र छात्राओं के लिए 10 जुलाई से खुलेगी साइट

लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** दशमोत्तर व पूर्व दशम छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की तारीख जारी कर दी गई है। कक्षा 11 से उच्च शिक्षा हासिल करने वाले छात्र छात्राएं 12 जुलाई और कक्षा नौ व दस के बच्चे दस जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति के दशमोत्तर (कक्षा 11 से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र छात्राएं) कक्षा के छात्र छात्राएं छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति 12 जुलाई से 16 नवंबर तक पहले चरण में, दूसरे चरण में 17 नवंबर से 31 दिसंबर और तीसरे चरण में एक जनवरी 2025 से 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। सामान्य वर्ग, पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राओं को केवल दो चरणों 12 जुलाई से 16 नवंबर और 17 नवंबर से 21 दिसंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। सभी को हार्डकॉपी आवेदन के सात दिन के अंदर विद्यालय में जमा करना होगा। विद्यालय द्वारा केवल एससी के छात्र छात्राओं का आवेदन पत्र तीन चरणों में 25 नवंबर, 16 जनवरी व 16 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन सत्यापित व अग्रसारित करना होगा। सामान्य, पिछड़ा व अल्पसंख्यक के छात्र छात्राओं का आवेदन पत्र दो चरणों में 25 नवंबर व 16 जनवरी तक सत्यापित करके आगे फारवर्ड करना होगा।

## डीएम ने की जिला कन्वर्जेन्स/पोषण समिति की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कन्वर्जेन्स/पोषण समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, शौचालय की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस मशीनों का विवरण, हॉट कुक्ड मील योजना के अंतर्गत बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराए जाने की स्थिति, बच्चों का वजन/ऊंचाई आदि मापने की मशीन की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं पर गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्रियों को पोषाहार वितरण की जानकारी लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डीपीओ को निर्देश दिया कि जो बच्चे रेड श्रेणी में है उनकी नियमित जानकारी रखें साथ ही उन्हें समुचित मात्रा में पोषाहार उपलब्ध कराकर हरी श्रेणी में लाने का प्रयास करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन करते हुए पंजीकृत लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम-मैम श्रेणी के बच्चों का अस्पताल के ओपीडी में इलाज हेतु अलग रजिस्टर बनाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी नीलेश उत्पल सहित अन्य अधिकारी एवं समस्त सीडीपीओ मौजूद रहे।

### तालाब की भूमि पर प्रधान ने बनाया मकान, आक्रोश

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** ग्राम समाज और तालाब की भूमि की रक्षा करने की जिम्मेदारी संभालने वाले ग्राम प्रधान ने गांव के बाहर स्थित तालाब की भूमि पर अतिक्रमण करके खुद का मकान बनवा लिया है ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से तालाब की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराए जाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र अंतर्गत खरीकाफूल ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान ने गांव के बाहर स्थित तालाब की भूमि पर कब्जा करके अपना मकान बना लिया है यही नहीं फैलाव करते हुए उन्होंने बगल स्थित विद्यालय की भूमि पर भी आंशिक कब्जा करने का प्रयास करते हुए कमरा बनाना शुरू किया तो ग्रामीणों की शिकायत पर लेखपाल में पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया लेकिन कमरे की दीवारें आज भी खड़ी हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम प्रधान ने पूर्व में तालाब की भूमि पर अतिक्रमण करके इंदिरा आवास बनवा रखा है तथा उसी में रहते हैं जबकि उनका एक पुराना मकान गांव में बना हुआ है।

## तीन घरों से चोरों ने पार किया लाखों का माल

लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** तीन घरों को चोरों ने रविवार रात निशाना बनाते हुए लाखो के कीमती जेवरात समेत नकदी पार कर दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने तीनों घरों की सघनता से जांच कर वापस लौट गई। क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरियों को ग्रामीणों में निरन्तर दहशत का माहौल बना हुआ है। पूर्व में हुई करीब आधा चोरियों का खुलासा करने में पुलिस अभी तक सिर्फ हवा में तीर ही चला रही है, खुलासे से अभी तक दूर है पुरवा पुलिस।

बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गाँव नौगवां के रहने वाले संजय रावत अपनी पत्नी बब्ली व बच्चों समेत छत पर सो रहे थे। बारिश होने के चलते वह छत के रास्ते से घर पर नीचे उतरे नीचे उतरकर देखा की घर के एक कमरे में कुंडी टूटी पड़ी थी। संजय ने कमरे में जाकर देखा तो बख्से का ताला टूटा पड़ा व उससे गायब हुए सामान में दो बिस्किट सोने के,गोल्ड चौन 17 ग्राम,एक जोड़ी झुमकी,चांदी का करवा, 1करधनी,1 मंगलसूत्र, दो लायकेट, कान के झाला एक जोड़ी,गले का हार का सेट, पायल दो जोड़ी,तीन अंगूठी,दो जोड़ी मीना, व 20 हजार रुपये नकद समेत पैन कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस गायब मिला।जेवरात व नकदी गायब देखकर वह फुट फुट कर रोने लगी। पीड़ित के मुताबिक नकदी व कीमती जेवरात समेत चोरी हुआ सामान करीब 7 लाख तक की चोरी हुई है। संजय कुछ दिन पूर्व ही विदेश से आया था। घर के बाहर निकलने पर दूसरी घटना भी होने की सनसनी सुनाई दी जो कि कन्हैयालोधी अपने परिवार के साथ छत पर सो रहे थे बारिश होने के चलते वह घर छत से उतरकर घर नीचे आ गए। घर आकर देखा कि घर के पीछे की खिड़की खुली देख वह सन्न रह गया उसके बाद वह कमरे में जाकर देखा कि कमरे में रखे अलमारी व बखे में रखे सामान झाला,तोड़िया,लायकेट, मीना व 14 हजार की नकदी मौके से गायब मिली। घर के बाहर सो रहे दो रिस्तेदारो समेत अपने पुत्र अयश को जगाया। पीड़ित के मुताबिक चोरी हुआ सामान नकदी समेत करीब एक लाख चोरी हुआ है। वहीं इसी रात तीसरी घटना रामस्वरूप पत्नी रामरानी छत पर सो अपने परिवार के साथ रहे थे नींद खुलने पर छत से घर जाने वाले रास्ते मे लगे दरवाजे खुले मिले। जिससे वह घर के अंदर गए तो कमरे में रखी अलमारी से सामान गायब मिला जिसमे दो जोड़ी पायल,चार लच्छा चांदी,एक जोड़ी टॉप्स, एक नाक कील,5 सिक्का चांदी, दो चूड़ी चांदी व 3500 रुपये की नकदी गायब मिली है। पीड़ित के मुताबिक चोरी हुआ सामान नकदी समेत करीब 50 हजार का है। वही चौथी घटना में रामस्वरूप के भतीजे के घर चोरों ने रामस्वरूप के छत से ही जाकर सुनील के घर जाने का प्रयास किया लेकिन वहां परिजन सभी मौके पर जाग रहे थे जिससे चोर यहां चोरी की घटना को अंजाम देने में असफल रहे। कोतवाल कुँवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है जांच की जा रही है।

### स्कूल चलो अभियान रैली की बीईओ ने दिखाई झंडी

**कोठी।** स्कूल चलो अभियान के तहत सोमवार को सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के जगह-जगह स्थान पर बीईओ के निर्देश पर शिक्षकों ने प्रभात रैली निकाली। लोगों को स्कूल चलों व पढ़ाई प्रति जागरूक किया। बच्चों अभिवावकों से बच्चों पंजीकरण व स्कूल भेजने अपील की। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट समेत 213 विद्यालयों के अधिकांश शिक्षकों द्वारा सोमवार सुबह को स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने प्रभात फेरी निकली। इसका शुभारंभ बीईओ सिद्धौर प्रमोद कुमार उपाध्याय व एआरपी आदर्श कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से कन्या पूर्व प्राथमिक विद्यालय कोठी से हर झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राएं हाथों में तख्ती लेकर कोठी कस्बे होकर गांव तक पहुंचे।गलियों से घूमकर रैली स्कूल में समाप्त हुई। इस दौरान स्कूल चलो अभियान का संदेश दिया। साथी ही बच्चों के अभिभावकों द्वारा स्कूल में पंजीकरण कराने के साथ स्कूल भेजने की अपील की गई।

## किसान की हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**नवाबगंज (उन्नाव)।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोरारा गांव में किसान की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बताते चलें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोरारा गांव में बीते 13 जून की रात्रि को किसान रजनीश पुत्र राम आधार घर के बाहर लेटा था। देर रात युवक पर हमला कर घायल कर दिया गया था। परिजन युवक को नवाबगंज सीएचसी से लखनऊ ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया था। मृतक का बेटा साहिल ने गांव के ही चार लोगो पर मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार रात युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजन शव लेकर गांव लेकर पहुंचे थे। रविवार सुबह परिजन पुलिस पर आरोपितों पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा था और शव को लोडर से लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे थे जहा पर पुलिस ने परिजनों को कार्यवाही का आश्वाशन देकर मामला शांत कराया था। सोमवार को पुलिस ने गांव के ही विशाल पुत्र कुंवर बहादुर, अजय कुमार पुत्र हेमराज, विशाल पुत्र अजय कुमार को नवाबगंज पक्षी विहार के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जहां से उसे जेल भेजा दिया जाएगा। इस संबंध में जब कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह से बात तो उन्होंने बताया कि तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, जिन्हें वहां से जेल भेजा जाएगा, एक अभियुक्त अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर उसकोभी जेल भेज दिया जाएगा

# प्रशासनिक अफसरों ने जूस पिलाकर शिकायतकर्ती का खत्म कराया अनशन

प्रकरण की निष्पक्ष जॉच का आश्वासन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** शिकायतकर्ती मीरादेवी पत्नी स्व0 अमरीका नि0 रामनगर कलां पर0 भूड थाना भीरा तहसील गोला के प्रार्थना-पत्र जो डीएम को प्रेषित किया गया, जिसमें ग्राम रामनगर कलां परगना भूड तहसील गोला स्थित गाटा संख्या 993/1937 रकबा 1.214 हे0 पर खडी फसल पलटवाये जाने का उल्लेख किया गया था। एसडीएम गोला के आदेश पर उक्त प्रार्थना-पत्र की स्थलीय जाँच तहसीलदार-गोला एवं पुलिस की संयुक्त टीम से करायी गयी। मौके पर शिकायतकर्ती भूख हड़ताल पर थी शिकायतकर्ती व उसके पुत्र श्री अवधेश कुमार को सुनकर ग्राम प्रधान की उपस्थिति में गाटा संख्या 993/1937 रकबा 1.214 हे0 पर शिकायतकर्ती एवं उनके पुत्र के पूर्व के कब्जे को पुष्ट किया गया तथा स्पॉट मेमो भी तैयार किया गया। प्रकरण की निष्पक्ष जॉच का आश्वासन दिया गया।

उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि तहसीलदार गोला व नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, चौकी प्रभारी बिजुआ तथा ग्राम प्रधान एवं अवधेश कुमार की उपस्थिति में शिकायतकर्ती मीरा देवी पत्नी स्व0 अमरीका को अपने हाथों से जूस पिलाकर शिकायतकर्ती के अनशन को समाप्त कराया गया। पीडिता व उसका परिवार कार्यवाही से संतुष्ट था। जॉच में ग्रामवासियों द्वारा उक्त फसल पलटवाने के प्रकरण में विपक्षी श्री रामनिवास के साथ-साथ तहसील निघासन के अन्तर्गत आने वाले मुर्गहा के निवासी शामिल थे, जिनके विरूद्ध थाना भीरा में मुकदमा अपराध संख्या 286 / 2024 धारा 427, 504, 506 भा0द0वि0 का अंकित कराया गया। लोगों द्वारा बताया गया कि क्षेत्रीय लेखपाल व नायब तहसीलदार क्षेत्र में किसी अन्य प्रकरण की जॉच में आये थे क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा विवादित भूमि के सम्बंध में मौके पर लोगो को बताया गया था इसलिये दोषी लेखपाल के विरूद्ध कार्यवाही कर दी गयी है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# नये आपराधिक कानून पर विधिवेत्ताओं का परामर्श न लिया जाना अव्यवहारिकः ज्ञानप्रकाश

बनारस में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा के दौरान साथियों ने नारेबाजी कर समर्थन को लेकर भरी हुंकार

लोकमित्र ब्यूरो




**वाराणसी।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर सोमवार को यहां कलेक्टेऊट कचहरी में अधिवक्ताओं ने हुंकार भरी। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के बैनरतले दोपहर राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व सह संयोजक विकास मिश्र की अगुवाई में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में कचहरी पहुंचकर मांगो के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।

अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में शामिल हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रदेश और देश की सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा और उनकी सुविधाओं को लेकर पूरी तरह से लापरवाह बनी हुई है। उन्होनें कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें अधिवक्ताओं के जीवन की सुरक्षा के साथ बार एसोशिएसन से जुडी सुविधाओं को भी नजरअंदाज करती आ रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केंद्र ने नए आपराधिक कानून प्रभावी तो बना दिया किंतु इसे लेकर किसी भी बार एसोशिएसन के अधिवक्ता संगठन से परामर्श या सुझाव नहीं मांगा। उन्होने कहा कि नये कानून को लागू करने से पहले देश भर के अधिवक्ता संगठनो तथा विधिवेत्ताओं से भी कानूनी सुझाव अमल मे लाया जाना चाहिए था।

उन्होनें कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर एसोशिएसन प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान को पूर्ण करने के बाद यूपी विधानसभा के अगले सत्र के दौरान राजधानी लखनऊ मे बडे पैमाने पर विरोध प्रदर्शन को मुखर करेगा। दि सेण्ट्रल बार एसोशिएसन बनारस के पदाधिकारियों ने भी अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर यात्रा के दौरान उठाई गयी मांगों का समर्थन किया।

एसोशिएसन के अध्यक्ष मुरलीधर सिंह तथा महामंत्री सुरेंद्र नाथ पाण्डेय ने अधिवक्ताओं तथा उनके परिवारीजनों को चिकित्सा सुविधा व टोल टैक्स से छूट प्रदान किये जाने पर जोर दिया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाठक ने प्रदेश सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याणकारी निधि में बजट बढोत्तरी की मांग उठायी गयी। यात्रा के संयोजक एवं एसोशिएसन के महासचिव अनिल त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं के हितों को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को अभी तक प्रभावी न बनाये जाने की आलोचना की।

संचालन करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास मिश्र ने कहा कि राज्य सरकार ने एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट पर ड्राफ्टिंग कमेटी मात्र का गठन कर अधिवक्ताओं को गुमराह करने का अभी तक प्रयास जारी रखा है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय, महेन्द्र तिवारी, संजय पाण्डेय, दिनेश सिंह, अरविन्द पंकज, विपिन शुक्ला, शिवनारायण, सत्येन्द्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

# कानपुर में नुकीले हथियार से स्टेशनरी व्यवसाई की हत्या

जांच में जुटी पुलिस

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** महानगर में चोरी की घटनाओं के साथही हत्याओं का भी दौर जारी है । इसी क्रम में स्टेशनरी कारोबारी को भी मौत के घाट उतार दिया गया बीते रविवार की रात हुई इस घटना से गांव घिमऊ में दहशत व्याप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल घटना की वजह समाचार लिखे जाने तक पता नहीं चल पाई है।

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक बिल्हौर थाना क्षेत्र के घिमऊ गांव निवासी श्रीराम तिवारी (30) घर से ही स्टेशनरी का कारोबार करते थे। पुलिस के मुताबिक हत्या के शिकार श्री राम तिवारी के बड़े भाई गणेश तिवारी बिल्हौर तहसील में विधि से जुड़े काम और दूसरा बड़ा भाई सुखदेव एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। परिवार में मां सुनीता देवी, भाभी और उनका बेटा साथ में रहता है। जबकि पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

मौके पर पहुंची पुलिस को भाई गणेश ने बताया कि देर रात में खाना खाने के बाद श्रीराम तिवारी ने कुछ देर टीवी देखी और इसके बाद लगभग साढ़े ग्यारह बजे नए घर के बाहर बरामदे में चारपाई पर लेट गया था। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे मां उठने के बाद घर के बाहर पहुंची और बेटे को जगाने का प्रयास किया, तभी घटना देख चीख पड़ी।

मां के चीखने पर सभी परिजनों सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतक का शव चारपाई पर पड़ा हुआ था। सिर पर बाईं तरफ किसी नुकीली चीज से हमला किया गया था, जिससे खून बह रहा था और चेहरा नीला पड़ा हुआ था।

इसबीच सूचना पर थाना प्रभारी केशव तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना की जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने घटना स्थल के साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया। घटना की वजह क्या हैइसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। पुलिस छानबीन में झुकी है ।

# नव प्रवेशित नौनिहालों के स्वागत में उत्साह, उल्लास, उमंग से मना उत्सव

पीएस राजापुर में डीएम ने नौनिहालों को दुलारा, टीकाकर किया जोरदार स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** परिषदीय विद्यालयों का वातावरण छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षक, अनुकूल बनाने के उद्देश्य से ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय के दोबारा खुलने पर ÷नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत उत्सव÷ जिले में उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया, जिसमें नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का जोरदार स्वागत हुआ। सोमवार सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय राजापुर पहुंचकर स्कूल की बालिकाओं संग ÷स्वागत उत्सव÷ का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप जलाकर किया। उन्होंने नौनिहालों को दुलारा और रोली-अक्षत का टीकाकर स्वागत किया। इस दौरान नौनिहालों को टाफिया, उपहार देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि इस प्रकार के उत्सव कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं का विद्यालय और विद्यालय के अध्यापकों के प्रति जुड़ाव पैदा होगा, जिसके फलस्वरूप विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति तथा पठन-पाठन गतिविधियों में सक्रियता एवं रूचि उत्पन्न होगी। डीएम ने नौनिहालों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी बच्चों को शिक्षक खूब पढ़ाए और पढ़ा-लिखा कर देश का ऐसा नागरिक बनाए, जो दुनिया के किसी कोने में जाकर भारत के लिए सम्मान अर्जित करें। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। डीएम ने शिक्षकों से अपने स्कूल वाले गांवों में भ्रमण करने और ड्रॉप आउट बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने का आह्वान किया। हमें जिले को शत प्रतिशत साक्षर बनाने की चुनौती लेनी होगी।

# अकेले पैदल अमरनाथ यात्रा को रवाना हुआ युवक



लोकमित्र ब्यूरो

**तिकुनियां-खीरी।** ग्राम जसनगर निवासी हरि नाम प्रसाद पुत्र सीताराम 20 घर से बाबा बर्फानी के दर्शन का संकल्प लेकर सोमवार को सुबह 7सुथना देवी मंदिर तिकुनिया से पैदल रवाना हुआ है। यह यात्रा करीब 15 सौ किलोमीटर है।

ग्राम जसनगर निवासी हरनाम प्रसाद पुत्र सीताराम दिल्ली में रहकर पढ़ाई करता है ।इस दौरान घर पर आया हुआ था। अचानक मन में शिव भक्ति जागी और कुछ साथी मित्रों का सहयोग मिलने पर हरि नाम ने बाबा बर्फानी के दर्शन करने की जिद ठान ली। जिस पर मजबूर होकर माता-पिता को यात्रा के लिए रवाना करना पड़ा। हरिनाम ने बताया उसके कुछ साथी हरिद्वार में मिलेंगे जिनके साथ में वह यात्रा पर आगे बढ़ेगा और प्रतिदिन 40 किलोमीटर पैदल यात्रा करने का लक्ष्य है। इस दौरान महंत ब्रजेश गिरी, तेजी सिंह ,आशीष गर्ग,एड. राकेश वैश्य, विश्व हिंदू परिषद के सुनील श्रीवास्तव, प्रदीप शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज

संचारी रोगों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने का लिया संकल्प

शहर से गुजरी जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहन, किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को कलेक्ट्रेट से संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्टाप डायरिया कैंपेन÷ का भव्य आगाज हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया।

डीएम ने कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा उक्त का त्वरित एवं सही उपचार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। जिले में स्वास्थ्य से जुड़े दोनों प्रमुख अभियानो का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो, भविष्य में उनके अच्छे परिणाम प्राप्त हो, इसके लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार काम कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने माहभर तक चलने वाले शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्टाप डायरिया कैंपेन की प्लानिंग व रूपरेखा को रेखांकित करते हुए इसकी आवश्यकता और प्रासंगिकता बताई।

इस जागरूकता रैली में आशा, आंगनबाड़ी, प्रशिक्षु एएनएम, स्वच्छता दूत भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। यह रैली जागरूकता नारों का उद्घोष करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस मौके पर एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद वर्मा, डॉ धनीराम, डॉ लालजी पासी, डॉ अमितेश दत्त द्विवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, डीपीओ भारत कुमार, ईओ संजय कुमार, डीपीएम अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे अभिभावक व उनके शिक्षक मौजूद रहे।

# जिले में दौड रही तबादला एक्सप्रेस, शासन के निर्देश पर कई अधिकारी गैर जनपद स्थानांतरित

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** खीरी जिले में वर्तमान समय में तबादला एक्सप्रेस खुलेआम दौड रही है इसी तबादला कृम में जिले में तैनात कई विभागों में कार्यरत अधिकारियों को गैर जनपदों में स्थानांतरित किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद अचानक प्रशासनिक अफसरों को तबादला एक्सप्रेस में बिठाकर गैर जनपदों में भेजा जा रहा है इसमें जिला धिकारी मुख्य विकास अधिकारी, तहसीलदार,आर टी ओ ड्रग इंस्पेक्टर व पूर्ति निरीक्षक तक बदले गए हैं। सबसे पहले जिले में तैनात रहे जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह का तबादले के बाद दुर्गा शक्ति नागपाल को जिलाधिकारी बनाया गया।इसी कृम में आलोक कुमार ए आर टी ओ प्रशासन को लखीमपुर से कानपुर नगर भेजा गया इनके स्थान पर अखिलेश कुमार द्विवेदी को लखनऊ से लखीमपुर भेजा गया।

जिले में तैनात रहे अनिल कुमार सिंह को महराज गंज भेजा गया है उनके स्थान पर बदांयू से अभिषेक कुमार को तैनाती दी गई है। जिले में तैनात ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार रावत को प्रयागराज भेजा गया है उनके स्थान पर बबीता रानी की तैनाती हुई है। जिले की मितौली तहसील में तैनात तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला को गैर जनपद भेजा गया है।देर रात जिले में तैनात पूर्ति निरीक्षकों विनय पाण्डेय, ललित पाठक, साधना श्रीवास्तव व बृजेश कुमार मिश्रा का भी गैर जनपद स्थानांतरण किया गया है।

# दण्डी स्वामी वैभवानंद सरस्वती की मनायी गयी पुण्यतिथि

संस्कृत भाषा के उन्नयन का लिया गया सामूहिक संकल्प

लोकमित्र ब्यूरो



**वाराणसी।** केदार घाट स्थित धर्मसम्राट जगदगुरू स्वामी करपात्री जी के आश्रम में सोमवार को संस्कृत विद्वान दण्डी स्वामी वैभवानंद सरस्वती जी महराज की पन्द्रहवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। अनुयायियों ने दण्डी स्वामी वैभवानंद सरस्वती जी महराज की स्मृति में सनातन, संस्कृत एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार को लेकर समर्पण का सामूहिक संकल्प जताया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विजयानंद सरस्वती एवं श्रीरामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रन्थ संरक्षा अभियान के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की प्रतिमा पर पुष्पार्जन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। आश्रम के स्वामी राधेकृष्ण एवं स्वामी चंद्रेश्वरानंद सरस्वती जी एवं स्वामी चैतन्यानंद जी तथा स्वामी शिवानंद जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य मां गंगा की आरती व गो-तुलसी पूजन किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं उत्तर प्रदेश संस्कृत परिषद के अध्यक्ष आचार्य राजेश मिश्र ने दण्डी स्वामी वैभवानंद सरस्वती जी के संस्कृत भाषा के क्षेत्र में शोध प्रबंधन तथा लेखन व व्याकरण शुद्धीकरण पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी महेश व वरिष्ठ अधिवक्ता विकास मिश्र ने प्रतापगढ़ जनपद के मूल निवासी आचार्य पं. शंकरदत्त मिश्र के दण्ड ग्रहण करने से पूर्व प्रतापगढ़ समेत आसपास के जिलों में संस्कृत विद्यालयों की पुर्नस्थापना एवं वटुक छात्रों के शैक्षिक संवर्धन में दिये गये योगदान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य पं. हरिशंकर मिश्र व संचालन डॉ. जी. गणेशम ने किया। कार्यक्रम के दौरान दण्डी स्वामी वैभवानंद सरस्वती जी की स्मृतांजलि में आश्रम में सैकड़ो दण्डीस्वामियों व वटुक छात्रों को भण्डारे में संस्कृत महाप्रसाद भोज ग्रहण कराया गया। इस मौके पर प्रो. विजय कुमार पाण्डेय, पं. धर्मराज पाण्डेय, दिनेश सिंह, आर. शिवम, पूर्णिमा मिश्रा, हरिश्चंद्र अग्रहरि आदि रहे। आभार प्रदर्शन प्रो. डॉ. बृजेन्द्र नारायण द्विवेदी शैलेष ने किया।

# नये कानून में कडे प्रावधान तय हैः पी पी सिंह

अंग्रेजी संहिता समाप्त,भारतीय संहिता प्रभावी

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** भारतीय संसद से पास हुए नये कानूनो से आम जनमानस व पुलिस बल को जानकारी देने के संबंध में एक आवश्यक बैठक का आयोजन कोतवाली धौरहरा में किया गया।



बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी धौरहरा ने की। कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक में क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि नये कानून में पहले से मौजूद आई पी सी की पुरानी धाराओं में बदलाव किया गया है पहले के नियम अंग्रेजों द्वारा तय थे अब भारतीय नियमो व धाराओं में परिवर्तन किया गया है।नये कानून में कुछ धाराओं में अतिशीघ्र फाइल न्यायालय भेजी जायेगी।एक जुलाई से नई भारतीय संहिता में कडे प्रावधान भी तय है। बैठक में अपराध निरीक्षक,उप निरीक्षक पवन प्रताप सिंह,राम जीत यादव,ब्रम्हानंद यादव,महेश सिंह,अजय सिंह,राघवेन्द्र सिंह समेत अन्य पुलिस बल,मीडिया व ग्रामीण

# पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सेवानिवृत्त वाटर पंप ऑपरेटर प्रथम ओमप्रकाश उर्फ मंत्री को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो



**हरियाणा।** हिसार (नवप्रीत कौर) जलघर पनिहारी में तैनात वाटर पंप ऑपरेटर प्रथम गांव ज्ञानपुरा निवासी ओम प्रकाश उर्फ मंत्री सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में जनस्वास्थ्य एंव अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय के प्रांगण में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा गांव ज्ञानपुरा में सेवानिवृत्त ओमप्रकाश उर्फ मंत्री के आवास पर भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने शिरकत की। मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सेवानिवृत्त ओम प्रकाश उर्फ मंत्री को लोई ओढ़ाकर सम्मानित किया। जनस्वास्थ्य एवं अभियंत्रिकी विभाग की ओर से सेवानिवृत्त ओमप्रकाश उर्फ मंत्री को स्मृति चिन्ह व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। एसडीओ कुलदीप सिंह ने बताया कि वाटर पंप ऑपरेटर प्रथम ओमप्रकाश ने 37 वर्ष 6 महीने की सेवा की इन सेवाओं के दौरान ओमप्रकाश ने कभी भी किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं आने दिया इससे पूर्व ओमप्रकाश को ड्यूटी के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने के चलते कमिश्नर, जिला उपायुक्त व एसडीएम द्वारा प्रशंस्तिं पत्र प्रदान करके सम्मानित किया जा चुका है।

ओम प्रकाश उर्फ मंत्री हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल एंड वर्कर्स यूनियन में स्टेट वरिष्ठ उपप्रधान पद पर रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर एक्स-ई-एन बलविंदर सिंह, एसडीओ कुलदीप सिंह, जेई राजकुमार, जेई दिनेश, स्टेट प्रधान ईश्वर शर्मा, सन्दल सिंह राणा, सोनू, सज्जन शर्मा, बलवान कालीरावण, चेयरमेन ईश्वर पूनिया, मनजीत सिवानी, सुरेंद्र हांसी, मांगेराम आदमपुर, सुभाष हांसी, धर्मबीर, सतपाल, ओमदत शर्मा, राजेंद्र, राजेश, राकेश, बिमला देवी, रितु, ऊषा, सरपंच प्रतिनिधि मनजीत, सरपंच सत्यवान, शमशेर सिंह नंबरदार, चतर सिंह व मनवा सिंह समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## बच्चों का तिलक लगाकर स्कूलो मे स्वागत किया

**ऊसराहार, इटावा।** नवीन प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्कूलो मे स्वागत किया गया बच्चों को एमडीएम मे विशेष भोजन हलवा खीर वितरित की गई। क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।विद्यालयों को गुब्बारों, फूल पत्तियों, रंगोली से सजाया गया।नवीन प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। एमडीएम में विशेष भोजन हलवा खीर वितरित किया गया।बच्चे काफी खुश दिखे। बीईओ सर्वेश कुमार के निर्देश के क्रम में प्रवेशोत्सव मनाया गया।कंपोजिट विद्यालय बकौली में अवधेश राठौर, प्राथमिक विद्यालय गढ़िया दीक्षतान में नितिन वर्मा,उच्च प्राथमिक विद्यालय ताखा में बीरेंद्र कमल, कठौतिया में राधाकृष्ण, अमथरी में विकास यादव, भीखमपुर में सुधीर शरण की देखरेख में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कंपोजिट विद्यालय बकौली में शिक्षका गीता दोहरे एवं ओमप्रकाश ने नवीन प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सपाइयों ने मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

51 हजार पौधे कार्यकर्ताओं ने लगाए

लोकमित्र ब्यूरो



**इटावा।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का पार्टी कार्यालय पर उनके कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया है। सपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान, पौधारोपण, मरीजों को फल वितरित करके और केक काटकर मनाया है। हलांकी सपा अध्यक्ष अपना जन्मदिन नही मनाते है लेकिन उनके कार्यकर्ता उनकी लंबी आयु के लिए हर वर्ष जन्मदिन मनाते है। सपा अध्यक्ष ने कल ही अपने कार्यकर्ताओं से सादगी के साथ जन्मदिन मनाने की अपील की थी। सपा कार्यकर्ताओ ने इस बार अपने नेता का पीडीए योद्धा के रूप में जन्मदिन मनाया है। लोकसभा चुनावों में यूपी में बढ़े जनाधार को लेकर सपाई खासे उत्साहित है। जिसको लेकर पीडीए पखवाड़े के रूप में जनदीन मनाया जा रहा है। सपा कार्यकर्ता 51 हजार पौधे लगाएं जायेंगे।

इस बार भी सपा कार्यकर्ताओं ने अपने नेता अखिलेश यादव का जन्मदिन सपा कार्यालय में केक काट कर मनाया गया। अखिलेश यादव ने अपने जन्मदिन पर कार्यकर्ताओ से पौधारोपण करने और सादगी से जन्मदिन मनाने की अपील की थी। इसी को देखते हुए सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सपा कार्यालय समेत जिले में अलग-अलग जगह पर वृक्षारोपण किया है। इसके साथ ही सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया और जिला अस्पताल में भर्ती गरीब मरीजों को फल वितरण किए। पूर्व राजमंत्री अशोक यादव ने कहा की अखिलेश यादव आज के समय में देश के सबसे लोकप्रिय और तीसरे नंबर के नेता बन गए है। हम अपना खून पसीना देकर अखिलेश यादव को फिर से प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने बताया है कि हमारे नेता का जन्मदिन है। उन्होंने सादगी के साथ जन्मदिन मनाने की अपील भी की थी। इसके लिए हम लोगों पीडीए पखवाड़े के तहत 51 पौधे लगाए है इसी के साथ 51 हजार पौधे जिले में रोपित किए जायेंगे। क्योंकि हमारे नेता पर्यावरण से इंजीनियरिंग किए हुए है इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं से भी हम अपील करेंगे कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। जिला अस्पताल में हम लोगों ने मरीजों को फल वितरित किए है। जिलेभर का कार्यकर्ता उनका जन्मदिन सादगी से मना रहा है। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता सन्टू, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, नगर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, आलोक दीक्षित, आनन्द यादव टंटी, आदित्य गोविन्द, मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता गुप्ता, अनवार हुसैन, गोरखनाथ वर्मा, उमेश राजपूत डुल्ले, अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष फरहान शकील, रवि यादव, हाशिम मिर्जा, नौमान आलम, रामनरेश यादव आदि नेता मौजूद रहे।

# भगवान का दूसरा रूप डॉक्टर को बच्चों ने किया सम्मानित

## डॉक्टर्स डे पर वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने सीएमओ व ब्लड बैंक चिकित्सक को किया सम्मानित

**बलरामपुर।** सोमवार को डॉ बिधान चंद्र राय के जन्मदिवस पर पूरे देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस का आयोजन किया गया । इस दिवस पर स्कूलों के छात्रों ने चिकित्सकों को धरती का भगवान का प्रतिरूप बताते हुए उन्हें सम्मानित किया है।

वात्सल्य पब्लिक स्कूल एवं वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी से मिलकर उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं तुलसी का पौधा भेंट कर मानव मात्र की सेवा एवं हमारे जीवन को बचाने के लिए सभी चिकित्सकों का आभार जताया । विद्यालय के बच्चों ने बलरामपुर ब्लड बैंक की डॉक्टर आकांक्षा एवं ब्लड बैंक के हिमांशु तिवारी तथा संपूर्ण ब्लड बैंक की टीम को भी बच्चों ने तुलसी का पौधा व उपहार देकर के उन सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया, ब्लड बैंक की समस्त टीम ने बच्चों को भी उपहार प्रदान किया इस छोटी सी उम्र में उनके प्रयास की सराहना की।वहीं कक्षा द्वितीय की छात्रा सिमरन ने एक गीत भी प्रस्तुत किया कक्षा 6 की छात्रा माही पांडे ने एक कविता के माध्यम से डॉक्टर ओ डॉक्टर यू सेव आवर लाइफ अपना आभार व्यक्त किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने एवं समस्त चिकित्सकों की ओर से वात्सल्य परिवार के समस्त बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राएं अरिहंत, मृत्युंजय, , अविरल ,रिया, अनिका, अयंश,आराध्या, सिया,आरव ने डॉक्टर दीपक से मिलकर डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय में कला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता जिसका विषय चिकित्सक का हमारे जीवन में महत्व था, छात्र-छात्राओं ने भाग लियाअनिका ,समर्थ,अविरल,रिया , सिया, अयांश,आरव , आराध्या ने क्रमशः जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए ।इस मौके पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आशुतोष प्रसाद शुक्ला ने बच्चों को चिकित्सक के जीवन में महत्व के विषय में बताया और बताया कि बिना एक चिकित्सक के कैसे रोग से लड़ना मुश्किल होता है क्योंकि हमें यह पता ही नहीं होता है कि किस रोग में किस पद्धति और किस औषधि से हम ठीक हो सकते हैं। एवं सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया कि बच्चों को अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर चिकित्सकों ने बच्चों की शुभकामनाएं ली ।बच्चों को समय दिया । इस अवसर पर वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या शिखा सिंह, उपप्रधानाचार्य मनीषा सिंह , वात्सल्य पब्लिक स्कूल की उपप्रधानाचार्य सोनाली तिवारी वात्सल्य ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट की एडमिन शिवम सिंह , एकेडमिक एडमिन अनुष्का पांडे, एवं शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अर्पिता सिंह ,आराधना दुबे , प्रीति, उपाध्याय , प्रज्ञा शर्मा, पूजा शर्मा, मानसी गुप्ता, प्रिया, प्रिया शुक्ल, इकरा मुनीर, अनीता शर्मा,शैलजा श्रीवास्तव, प्रीति शुक्ल, अमिता पांडे, मुस्कान, सुप्रिया ,नफीशा, सौम्य , नीलम आदि उपस्थित रही।



# बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक मीटिंग हॉल में संपन्न

**जौनपुर ।** जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक मीटिंग हॉल में संपन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने एक्सईएन सिचाई को निर्देशित किया कि वर्षा से संबंधित सूचनाओं का संग्रह करते हुए नदियों के उद्गम, स्रोत तथा जनपद में बाढ़ के दौरान सम्भावित प्रभाव की नियमित समीक्षा करें। निचले इलाके जो बाढ़ के प्रति संवेदनशील है उनकी जानकारी के साथ ही तहसील तथा शहरी वार्ड क्षेत्र जहां बाढ़ के पानी के जाने की संभावना है ऐसी जगह पर रेस्क्यू सेंटर बनाने हेतु आकलन कर ले। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा के दौरान यदि कहीं भी आंशिक या पूर्ण रूप से मकान क्षतिग्रस्त होता है तो मुआवजे का आकलन कर ससमय मुआवजा उपलब्ध करायेंगे।

इसके साथ ही सभी उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी को अतिवृष्टि अथवा बाढ़ ग्रस्त वाले इलाकों की दशा में राशन व्यवस्था, मेडिकल किट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार की दरार, निर्माणधीन भवन में आई दरार



**सुल्तानपुर।** सरकार के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की नींव मजबूत होती दिख रही है। परत दर परत भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे। यहां लम्भुआ में पुलिस कर्मियों की आवासीय बिल्डिंग में दरारे आ गई हैं। भवन हैंडओवर होने पूर्व ऐसी अनिमियतता जीरो टॉलेंस पर सवालिया चिन्ह है।

लंभुआ में थाने के पीछे पुलिस कर्मियों के लिए सरकारी आवास का निर्माण हो रहा है। जिसकी अनुमाति लागत एक करोड़ 75 लाख है इससे आवास निर्मित होना है। जिसमे भ्रष्टाचार की पोल खुल गई है। निर्माणाधीन आवास की दीवारों में पहली ही बरसात में बनने से पहले दरार आ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। निर्माण में अनियमितिता बरती जाती रही और अधिकारी इस ओर देखना मुनासिब नहीं समझे। वही जिस तरह से शुरुआत में ही दरारें आनी शुरू हुई है उससे निर्माणाधीन आवास में कोई दुर्घटना भी हो सकती है। बता दें कि अगस्त के अंत तक आवास को पूर्ण करके बिल्डिंग विभाग को हैंडओवर करने के निर्देश दिए गए हैं।

ठेकेदार महेंद्र सिंह ने बताया कि आवास निर्माण का टेंडर रांची निर्माण निगम संस्था के पास है। हालांकि सुपरवाइजर सुदर्शन ने बताया कि दीवारों में कुछ दरारें आई थी जिसको गिरा दिया गया है और उसे फिर से बनाया जाएगा। आपको बता दें कि आवास 48 लोगों के रहने की क्षमता वाला बनाया जा रहा है। उधर दो दिन पूर्व भ्रष्टाचार के चलते बरसात के बाद बल्दीराय सीओ ऑफिस की बाउंड्रीवाल गिर गई थी। छत में दरार आई थी। ग्राम पंचायत बहुरावां स्थित मुसाफिरखाना-देवरा मार्ग के बहुरावा बाजार में खाली पड़ी सरकारी जमीन गाटा संख्या 1624 मि. व 1626मि. को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के लिए अधिकृत किया गया था। जिलाधिकारी के आदेश पर उक्त जमीन को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के नाम से हस्तांतरित किया गया। 60 लाख से बन रहे क्षेत्राधिकारी कार्यालय में मानकों की अनदेखी की गई। छत से पानी टपक रहा है। पहली ही बरसात में बाउंड्रीवाल गिर गई।

वही हाल ही में नगर में बनकर तैयार हुए गोपाल दास पुल की सड़क बैठ गई थी। मोतिगरपुर में दियरा-लम्भुआ मार्ग पर बने पुल का अप्रोच भी बरसात से बैठा है। हाल ही एप्रोच का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया है। वही नगर के करौनदिया मोहल्ले में हो रहे नाला निर्माण में पीली ईंटे व बालू युक्त मसाला प्रयोग किया जा रहा।

# रक्तदान कर सपाइयो ने मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** सपाइयो ने सोमवार को रक्तदान कर सपा प्रमुख व पूर्व सीएम अखिलेश यादव का बर्थडे मनाया। करीब पचास लोगों ने रक्तदान किया। सपा प्रवक्ता अनूप संडा ने %साथी हाथ बढ़ाना% के नाम से एक मुहिम चलाई थी। जिसके तहत राजकीय मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में लोग डोनेशन को पहुंचे थे। अस्पताल में रक्तदान के लिए युवाओं की भीड़ लगी रही। पूर्व विधायक व राष्ट्रीय प्रवक्ता के नेतृत्व में खासा लोग अस्पताल पहुंचे थे। यहां फीता काटकर ब्लड कैम्प का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मीडिया से कहा कि रक्तदान का उद्देश्य उन लोगों के लिए जो जरूरतमंद हैं जिनको रक्त की जरूरत है उनके लिए रक्त उपलब्ध कराना रहा है। उन्होंने कहा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लोहिया के उस सिद्धांत को मानने वाले हैं जिसमे सेवा और संघर्ष से राजनीति को आगे बढ़ाया जाता है। इसलिए आज उनके जन्मदिन के अवसर पर साथी हाथ बढ़ाना अभियान जो लगातार समाज के लिए रचनात्मक कार्य करता रहता है उसके बैनर तले ये रक्तदान शिविर लगाया गया है।

अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन के अवसर पर सपाई खासा खुश दिखाई दिए। जिले भर में अलग अलग जन्मदिन कार्यक्रम सपा पदाधिकारियो द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे सपा का पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रमुख रहा। इसके अलावा केक काटकर व फल वितरित कर सपाइयो ने अपने नेता का जन्मदिन मनाया है।

# सीएम अभ्युदय कोचिंग में 230 अभ्यार्थियों ने कराई काउंसलिंग

## यूपीएससी, नीट व एसएसबी प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर करेंगे तैयारी




**बलरामपुर।** नीट, यूपीएससी व एसएसबी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सोमवार को डायट में 230 बच्चों ने काउंसलिंग कराई। 02 जुलाई से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में संचालित अभ्युदय कोचिंग में निशुल्क तैयारी कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना के जिला समन्वयक सचिन कुमार सिंह ने बताया कि यूपीएससी तथा एसएससी परीक्षा की तैयारी के लिए 85-85 तथा नीट परीक्षा की तैयारी के लिए 60 छात्र-छात्राओं ने काउंसलिंग कराई है। सीएम अभ्युदय योजना के तहत इन विद्यार्थियों को निशुल्क पढ़ाई कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि कोचिंग में शिक्षण कार्य के लिए पहले से ही 12 शिक्षक तैनात हैं। इसके अलावा लखनऊ, गोंडा, बहराइच, मिर्जापुर, प्रयागराज व रतापगढ़ जैसे शहरों से भी 38 लोगों ने शिक्षण कार्य के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य व प्रवक्ताओं से भी विशेष कक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# नेशनल हाइवे पर बस व ट्रैक्टर में भीषण टक्कर, दो की मौत



**लम्भुआ/सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के दियरा रोड स्थित बाईपास के पास ओवर ब्रिज के पास बीती देर रात हादसा हुआ। परिवहन निगम की पिंक बस सेवा में लगी रोडवेज बस लखनऊ से वाराणसी के लिए जा रही थी। जब बस लम्भुआ के बाईपास स्थित ओवर ब्रिज के पास पहुंची तभी वाराणसी से लखनऊ जा रहे एक ट्रैक्टर बस की भिड़ंट हो गई। बस व ट्रैक्टर दोनों ही वाहन काफी स्पीड में थे। भिड़ंत होते ही ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। ट्रैक्टर चालक व उस पर सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। आसपास के लोग तत्काल दोनों घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शाहजहांपुर निवासी अखिलेश कुमार (30) पुत्र जगदीश वर्मा व रायबरेली निवासी राहुल (32) पुत्र हरिशंकर के रूप में हुई है। लम्भुआ पुलिस ने दोनों शवो को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नेशनल पोस्टल वर्कर्स डे : डाककर्मियों की भूमिका में हो रहे तमाम परिवर्तन

**सुलतानपुर।** विश्व भर में डाक सेवाओं में आमूल चूल परिवर्तन आये हैं। फिजिकल मेल से डिजिटल मेल के इस दौर में डाक सेवाओं में विविधता के साथ कई नए आयाम जुड़े हैं। डाककर्मी सरकारों और आमजन के बीच सेवाओं को प्रदान करने वाले एक अहम कड़ी के रूप में उभरे हैं। ऐसे में 1 जुलाई को पूरी दुनिया में 'नेशनल पोस्टल वर्कर्स डे' के दिन डाककर्मियों का आभार व्यक्त करने का प्रचलन उभरा है। प्रयागराज एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 'नेशनल पोस्टल वर्कर डे' की अवधारणा अमेरिका से आई, जहाँ वाशिंगटन राज्य के सीऐटल शहर में वर्ष 1997 में कर्मचारियों के सम्मान में इस विशेष दिवस की शुरुआत की गई। धीरे-धीरे इसे भारत सहित अन्य देशों में भी मनाया जाने लगा। यह दिन दुनिया भर में डाककर्मियों द्वारा की जाने वाली सेवा के सम्मान में मनाया जाता है।



प्रयागराज एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाककर्मियों की भूमिका में तमाम परिवर्तन आए हैं। 'डाकिया डाक लाया' के साथ 'डाकिया बैंक लाया' भी अब उतना ही महत्वपूर्ण है।

पत्रों व पार्सल के साथ-साथ आधुनिक दौर में लोगों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण चीजें पोस्टमैन ही घर-घर वितरित करता है। आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक चेक बुक, एटीएम जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ-साथ विभिन्न मंदिरों के प्रसाद, दवाईयां और रक्षाबंधन पर्व पर राखियाँ भी डाकियों द्वारा ही पहुँचायी जा रही हैं। ई-कामर्स को बढ़ावा देने हेतु कैश ऑन डिलीवरी, लेटर बाक्स से नियमित डाक निकालने हेतु मोबाईल एप एवं डाकियों द्वारा एण्ड्रोयड बेस्ड स्मार्ट फोन आधारित डिलीवरी और वित्तीय सेवाएं प्रदान करना जैसे तमाम कदम डाक विभाग की अभिनव पहल हैं। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग का सबसे मुखर चेहरा डाकिया है। डाकिया की पहचान चिट्ठी-पत्री और मनीऑर्डर बाँटने वाली रही है, पर अब डाकिए के हाथ में स्मार्ट फोन और बैग में डिजिटल डिवाइस भी है। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक समावेशन के तहत पोस्टमैन चलते-फिरते एटीएम के रूप में नई भूमिका निभा रहे हैं और जन सुरक्षा योजनाओं से लेकर आधार, डीबीटी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ई-श्रम कार्ड, वाहन बीमा, डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट तक की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। घर-घर जाकर आईपीपीबी के अंतर्गत डाकियों द्वारा घर बैठे 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार बनाने, आधार में मोबाइल नंबर अपडेट करने के कार्य किए जा रहे हैं। आज भी डाककर्मी जाड़ा, गर्मी, बरसात की परवाह किये बिना सुदूर क्षेत्रों तक डाक सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

# वृक्षारोपण एवं मनरेगा से संबंधित जलसंचयन विषयक बैठक हुई

**जौनपुर ।** जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सभागार में ''वृक्षारोपण एवं मनरेगा से संबंधित जलसंचयन विषयक बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएफओ प्रवीण खरे के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद को 52 लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त विभाग अपने अपने लक्ष्य के अनुसार तैयारी कर ले। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पेड़ लगाने के साथ ही साथ उन्हें संरक्षित करने की भी व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने 171 चिन्हित स्थानों पर ट्यूबेल या वॉटर टैंक के माध्यम से सिंचाई की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उच्च गुणवत्ता के पौधे लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके संबंध में सभी नर्सरी प्रभारी को निर्देश दे दिए जाएं।

# बच्चों को नियमित स्कूल भेजें अभिभावक-डीएम

## कंपोजिट स्कूल शंकरपुर में स्कूल चलो रैली एवं निपुण छात्र सम्मान कार्यक्रम संपन्न

**बलरामपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय खुलने के पहले दिन स्कूल चलो अभियान एवं निपुण छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम कंपोजिट विद्यालय शंकरपुर में आयोजित किया गया रैली के माध्यम से अभिभावकों से अपील किया गया कि अपने बच्चों को स्कूल प्रत्येक दशा में भेजें एवं सत प्रतिशत नामांकन जरूर कराए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय शंकरपुर से छात्रों के स्कूल चलो रैली को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र भ्रमण के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रधानाध्यापक नवीन नामांकन पर जोर दें, 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शतप्रतिशत स्कूल में नामांकन सुनिश्चित कराए। डीएम ने निपुण दक्षता प्राप्त बच्चों को सम्मानित करते हुए शिक्षा एवं स्वास्थ्य दोनों पर विशेष ध्यान देने की बात कही है उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक



बच्चों को पूरे यूनिफॉर्म में स्कूल भेजें संचारी रोग से बचाव के लिए भी जागरूक किया है साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि विद्यालय में संचारी रोग के जागरूकता अभियान को गति दें ताकि बच्चे संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सके।

कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं अच्छे व्यक्तित्व राष्ट्रीय निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ने बच्चों से मुलाकात करके उनके शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन भी किया है कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी सहित उप जिलधिकारी सदर राम बहादुर बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी जिला पंचायती राज्य अधिकारी श्रेया उपाध्याय खंड विकास अधिकारी अनूप सिंह खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक डीसी सामुदायिक सहभागिता निरंकार पांडे मोहित देव त्रिपाठी प्रधानाध्यापक आर्ती खन्ना कल्पना वर्मा निर्मला नीलम आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे हैं समापन के बाद अतिथियों ने पौधरोपण करके उसके संरक्षण का संकल्प लिया है।

# कोईरी समाज ने सरकार से मौर्य रेजिमेंट की की मांग - शिवा मौर्यवंशी




**प्रयागराज।** अखिल भारतीय मौर्य महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शिवा मौर्यवंशी के साथ साथ मौर्य, कुशवाहा, शाक्य, सैनी समाज के कई सामाजिक संगठनों ने और बंदायूँ कि पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य, बीआरपी पार्टी के आर पी मौर्य एवम अन्य सामाजिक पार्टियाँ अपने हक-अधिकार की लड़ाई के लिए आवाज तेज किये। आगामी 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस पर सभी सामाजिक संगठन मिलकर मौर्य रेजिमेंट की मांग करेंगे। शिवा मौर्यवंशी जी का कहना है कि हमारे पूर्वजो ने भारत देश को अखण्ड किया था। और आज भी हम भारत को अखण्ड बनाने का जुनून और साहस रखते है। जिस मौर्य वंश की एकता, अखंडता, साहस, शौर्य , शांति की लोकप्रियता विश्व मे है। आज उसी मौर्य वंश का रेजिमेंट नही है। राजपूत , सिख, डोगरा, गढ़वाल, कुमाऊं, जाट, महार, गोरखा, जैसे जातियों को मिलाकर 31 रेजिमेंट है। फिर मौर्य रेजिमेंट क्यों नही हो सकता है। अगर सरकार मौर्य रेजिमेंट नही बना सकती है। तो सभी जातियों को सर्व समानता से देखते हुए जातियों के नाम वाले सभी रेजिमेंट खत्म करके अलग अलग सैन्य बल के नाम से रेजिमेंट बना दें। आज के वर्तमान समय में सभी धर्मो के सभी जातियों में साहस है। किसी जाति को बड़ा और किसी जाति को छोटा दिखाना गलत है। सभी जातियों को बराबर का मौका मिलेगा।

# तिलक और पुष्पवर्षा कर अध्यापकों ने बच्चों का किया स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अंबेडकरनगर।** सोमवार यानी आज से परिषदीय स्कूल खुले तो बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। क्योंकि बच्चों का पहले दिन स्कूल में तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यही नहीं बच्चों को पहले दिन स्कूल में हलवा व खीर खिलाई गई। इस दौरान प्राचार्यो/अध्यापकों ने बच्चों से कहा कि बड़े सपने देखो हम आपके साथ हैं। पढ़िए बच्चों का पहला दिन स्कूल में कैसा रहा। आज सुबह 8 बजे ही प्राथमिक विद्यालय रूकचनपुर के इंचार्ज प्रधानाचार्य विजय कुमार मौर्य पहुंचते हैं और साथ में सहायक अध्यापक तेजप्रताप मिश्र तो पूरी तैयारी देख बच्चे गदगद हो गए। विजय कुमार मौर्य एक चर्चित आचार्य हैं जिनको बच्चे बहुत प्यार करते हैं, वहीं दूसरी तरफ कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय माडरमऊ में प्रधानाचार्य रफीउल्लाह,सहायक अध्यापक रवि मौर्य,अंकुर यादव,विशाल सिंह,उषा पाण्डेय,अनुदेशक प्रवेश मौर्य,शिक्षा मित्र शुशीला देवी,कलावती देवी सभी को विद्यालय प्रांगण में पहुंचते ही बच्चों का उत्साह बढ़ गया प्रसन्नचित होकर बच्चों ने आचार्यो का अभिवादन किया और जब अध्यापकों ने बच्चों का तिलक और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तो बच्चे गदगद हो गए।पहले दिन स्कूल पहुंची नवप्रवेशित बच्ची का तिलक लगाते अध्यापकों ने स्वागत किया।प्राचार्य ने कहा कि सरकारी स्कूल अब पहले से बेहतर हुए हैं। बच्चों के लिए खेलकूद के मैदान के साथ कई गतिविधियां हैं। इन सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए विभाग प्रयासरत है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आज आपका स्कूल में पहला दिन है। रोज नियमित स्कूल आने का वादा करो। बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल खुलते ही पहले दिन विशेष भोज के रूप में मिड-डे मील में खीर परोसी गई।पूर्व में 28 जून को छात्र-छात्राओं के विद्यालय पहुंचने पर ही उनका स्वागत करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसमें परिवर्तन कर एक जुलाई को स्वागत उत्सव मनाने के लिए निर्देशित किया गया है। स्वागत उत्सव में प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। इसको लेकर डीएम अविनाश सिंह ने विद्यालय आवंटित कर दिए और कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है।तिलक लगाया जाएगा, होगी पुष्पवर्षा परिषदीय विद्यालयों के नौनिहालों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। विद्यालयों को सजाने के लिए गुब्बारे लगाने और रंगोली बनाने के निर्देश भी शिक्षकों को दिए गए हैं, ताकि नव प्रवेशित बच्चों को विद्यालय आने पर एक अच्छा माहौल देखने को मिल सके। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से यह कवायद की जाएगी।



# राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल की बेटियों का समाज कल्याण अधिकारी ने किया स्वागत



**बलरामपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जयप्रकाश सर्वोदय नारायण राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज के पहले दिन स्कूल आने वाली छात्राओं का समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह ने प्रधानाचार्य के साथ फूलमाला पहनाकर स्वागत किया है महिला अध्यापिकाओं में बेटियों के माथे पर रोली चंदन लगाकर उन्हें स्कूल में प्रवेश दिलाया है।

समाज कल्याण अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि जयप्रकाश नारायण सर्वोदय राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज संचालक का मुख्य उद्देश्य बेटियों को छठवीं से इंटर तक निशुल्क आवासीय शिक्षा देना है ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके एवं आगे की पढ़ाई के लिए बढ़ सके उन्होंने नवीन शैक्षिक सत्र में पहले दिन स्कूल आने वाली चार नई छात्राओं को माला पहनकर सम्मानित करते हुए उनका स्वागत किया है विद्यालय प्रधानाचार्य को निर्देशित किया है कि इन बेटियों को मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग संस्थान के कोऑर्डिनेटर सचिन सिंह सप्ताह में एक दिन सिविल सर्विसेज सहित कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देंगे इस पर बेटियों ने प्रसन्नता जताते हुए समाज कल्याण अधिकारी का आभार जताया है।

# बनवारी लाल कंछल फिर चुने गए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** लखनऊ में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का 21वा त्रैवार्षिक चुनाव 29 जून को पूर्णरूप से संगठन के संविधान के तहत संपन्न हुआ। लखनऊ स्थित रवींद्रालय में प्रदेश के सभी 75 जनपदों से व्यापारी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विशाल सम्मेलन हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे। अध्यक्षता नव निर्वाचित अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने किया। इस कार्यक्रम में जिला प्रयागराज की ओर से अरुण केसरवानी अध्यक्ष जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज ने अपने उद्बोधन में प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री से मांग की कि गृहकर जो इस वक्त बहुत ज्यादा बढ़ा दिया गया है उसका पुनः मूल्यांकन करवा कर उचित कर लगाया जाए और जो भी गृहकर हो उसको कमर्शियल स्लैब में ओटीएस स्कीम लागू कर टैक्स वसूली की प्रक्रिया लागू कराया जाय। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में जो माफिया स्कूल प्रबंधन के मिलीभगत से स्कूल से ही या उनके बताए स्थानों से ड्रेस, किताब, कॉपी, शूज, सॉक्स लेने के लिए बाध्य करते है और बाजार से लगभग 35 परसेंट अधिक मूल्य पर खरीदना पड़ता है उसपर अतिशीघ्र अंकुश लगाया जाए जिससे अभिभावकों एवं व्यापारियों के होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।




उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के हुए इस चुनाव में जिला प्रयागराज से अरुण केसरवानी उपाध्यक्ष, सुहैल अहमद संयुक्त महामंत्री, अखिलेश सिंह उपाध्यक्ष, अंब्रीश खुराना मंत्री, सरदार जतिंदर सिंह मंत्री, सरदार परमजीत सिंह मंत्री, शाहिद कमाल मंत्री, सूरज सोनकर मंत्री एवं सुरेश गुप्ता मंत्री चुने गए।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार प्रतिनिधि मंडल में साहिल अरोरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निखिल मलंग उपाध्यक्ष, सरदार दिलजीत सिंह बंटी संगठन मंत्री, मोहम्मद सैफ मंत्री मनोनीत किए गए।

इस कार्यक्रम में प्रयागराज से राणा चावला कार्यवाहक अध्यक्ष प्रयाग व्यापार मंडल, सुहैल अहमद महामंत्री, अरुण केसरवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रयाग व्यापार मंडल एवं अध्यक्ष जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज, सूरज सोनकर, अखिलेश सिंह, सरदार प्रीतम सिंह, सरदार जतिंदर सिंह, अंब्रीश खुराना, सरदार परमजीत सिंह, धनंजय सिंह, महबूब खान, राजेश जयसवाल, शिवशंकर निषाद, सुनील गुप्ता, योगेंद्र कुशवाहा, किशलय केसरवानी, आदि ने भाग लिया। मीडिया प्रभारी मोहम्मद अकरम ने सभी चुने गए मेंबरों को बधाई दी है।

> प्रयागराज से अरुण केसरवानी उपाध्यक्ष, सुहैल अहमद संयुक्त महामंत्री, अखिलेश सिंह उपाध्यक्ष, अंब्रीश खुराना मंत्री, सरदार जतिंदर सिंह मंत्री, सरदार परमजीत सिंह मंत्री, शाहिद कमाल मंत्री, सूरज सोनकर मंत्री एवं सुरेश गुप्ता मंत्री चुने गए

## बाइक की टक्कर से युवक घायल उपचार के दौरान हुई मौत

**झूंसी।** झूंसी थाना क्षेत्र के शेरडीह रहीमपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की रात सड़क पार करते समय एक अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि रूपचन्द्र यादव 40 वर्ष पुत्र स्वागीय भुल्लूर यादव रहीमांपुर शेरडीह राज पेट्रोल पंप के सामने उसका मकान है। एक दुकान पर रह कर हलवाई का काम करता था दुकान पर काम खतम होने पर अपने घर चला आया और किसी काम से सड़क पार कर रहा तभी अंदावा से सहसो जा रहे किसी अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दिया । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चोट सिर पर लगने से नाक कान से रक्त बहने लगा परिजनों ने उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती किया दूसरे दिन हालात और बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उपचार के लिए लखनऊ ले गए जहा उपचार के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। रूपचन्द्र सात भाई में तीसरे नंबर का था रूपचन्द्र के चार बच्चे है दो बेटी और दो बेटा । बड़ा बेटा बुधराम उम्र 12 वर्ष दूसरी बेटी माही उम्र 10 वर्ष तीसरा बेटी टुकटुक उम्र 8 छोटा बेटा गोलू और पत्नी पूजा का रो रो कर बुरा हाल है।

## नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का रोली टीका लगाकर स्वागत




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संविलयन विद्यालय पुराना कटरा-2 में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्य अतिथि गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज द्वारा विद्यालय प्रांगण में बच्चों का रोली टीका लगाकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि व बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्चन व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत अभिनंदन किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती ममता शर्मा ने बैज अलंकरण कर स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने बच्चों को स्टेशनरी प्रदान किया व कक्षा-1 तथा कक्षा-2 के बच्चों को पुस्तक वितरण किया।

मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुये कहा कि ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय खुलने पर नया उत्साह और नयी ऊर्जा के साथ सभी शिक्षक तथा बच्चे पठन-पाठन में जुट जायें। निपुण वार्षिक कार्ययोजना के अनुरूप सभी विद्यालयों में पठन-पाठन प्रारम्भ कर दिया जाये, तभी जनपद प्रयागराज प्रदेश में अच्छी रैंकिंग हासिल कर सकेगा।

खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह व सुमन मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया एएओ दीपक कुमार पांडे द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ए आर पी अनुरागिनी सिंह द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय में 80त्र बच्चे उपस्थित रहे साथ ही अभिभावकों की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शिव अवतार सिंह, जिला समन्वयक मध्यान राजीव त्रिपाठी, जिला समन्वयक सामुदायिक आशीष कुमार, शत्रुंजय शर्मा के साथ विद्यालय की समस्त शिक्षिका रंजीता अरुण शाहीन बानो, अलका जायसवाल, पिंकी दीक्षित, सीमा सिंह, नीलम मिश्रा ,निशा पटेल आदि उपस्थित रहे।

## अभाविप की परिसर चलो यात्रा का हुआ शुभारंभ




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** परिसरों को जीवंत बनाने एवं परिसर संस्कृति को पुनर्स्थापित करने हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा देशव्यापी मुहिम परिसर चलो अभियान चलाया जाएगा। इसी के निमित्त अभाविप के काशी प्रांत में परिसर चलो रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान चला विद्यार्थियों को परिसर जाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। अभाविप काशी प्रांत द्वारा आयोजित परिसर चलो यात्रा के अंतर्गत सोनभद्र स्थित दुद्धी तथा अमेठी से रथ चलाया जा रहा है, जिसका आज विधिवत शुभारंभ किया गया है। दुद्धी से चलाया गया रथ सोनभद्र, मीरजापुर, भदोही, वाराणसी जिला, गाजीपुर, चंदौली तथा वाराणसी महानगर से होते हुए 6 जुलाई को काशी हिंदू विश्वविद्यालय पहुंचेगा वहीं अमेठी से यात्रा आरंभ हो कुशभवनपुर, मछलीशहर, जौनपुर, प्रतापगढ़, कौशांबी, प्रयाग जिला तथा प्रयाग महानगर से होते हुए 6 जुलाई को इलाहाबाद विश्वविद्यालय पहुंचेगी।

अमेठी में यात्रा का शुभारंभ काशी प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह और प्रांत सह-मंत्री शुभेंद्र सिंह ने किया, वहीं दुद्धी में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पायल राय, प्रांत संगठन मंत्री अभिलाष मिश्र और प्रांत सह-मंत्री नमन श्रीवास्तव द्वारा यात्रा का शुभारंभ किया गया।

अमेठी में रथ का शुभारंभ करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत के प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि कोरोना काल के बाद शैक्षिक परिसरों में विद्यार्थियों की उपस्थिति दर में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे परिसर संस्कृति को विद्यार्थी भूलते जा रहे हैं और यह उनके सर्वांगीण विकास में बाधक सिद्ध हो रही है। परिसर एवं कक्षा की शिक्षा एक विद्यार्थी के समाजीकरण की प्रक्रिया का हिस्सा है जिससे वह समाज और राष्ट्र के प्रति अपना दायित्व समझता है।

> दुद्धी तथा अमेठी में रथों का हुआ शुभारंभ, प्रांत के विभिन्न जिलों से होते हुए बीएचयू तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 6 जुलाई को संपन्न होगी यात्रा

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वितरण किया गया पेड़

### पौधे लगाओ हरियाली बढ़ाओ जीवन बचाओ- सोमदत्त पटेल



**कोरांव (प्रयागराज)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सोमवार को विधानसभा सपा कार्यालय में पौधा वितरण किया गया सपा विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल के नेतृत्व में पीडीए के पेड़ के रूप में बरगद और पीपल नीम का पौधा रोपण एवं वितरण किया गया जो हर दिन पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता समता की प्राणवायु देंगे इसी के साथ विधानसभा महासचिव रविंद्र जैसल देश के लिए बड़ी उम्मीद है उनके नेतृत्व में सपा विचारधारा के साथ ही पार्टी निरंतर मजबूत हो रही है यह सुखद संकेत है कहा कि विकास के नाम पर पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई होने के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है ऐसे में पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़ पौधा लगाना अति आवश्यक है इसी प्रकार समाजवादी पार्टी कार्यालय के साथ-साथ ग्राम सभा गिरगोठा सेमरी बागरा कोसफरा सुभाष पड़रिया एवं कस्बा कोरांव में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा पौधा वितरण और पौधा रोपण किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश पांडे विधानसभा प्रभारी महताब खान नगर अध्यक्ष यादवेंद्र अहीर विष्णु यादव कोमल यादव पुष्कर यादव अश्वनी पटेल दीपक पटेल दीपू कुशवाहा अशोक विद्यार्थी मंगल कोल सुधि कुमार जैसल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संविधान की प्रस्तावना का पुनर्पाठ कर मनाया सपा प्रमुख का जन्मदिन



**प्रयागराज।** आज इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने डा0 भीमराव अंबेडकर चौराहे पर अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन के अवसर पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं ने समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रिपु सूदन यादव के नेतृत्व में केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और उनके दीर्घायु होने की कामना किया। उनके जन्मदिन के अवसर पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पुनर्पाठ करते हुए संविधान को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से रिपु सूदन यादव एडवोकेट, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा, जनार्दन यादव अरुण यादव, सचिन श्रीवास्तव, बी यल यादव, शेषनाथ यादव, अरविंद सरोज, सोहन लाल यादव, आशीष पाल, दिनेश यादव, प्रवीण यादव, नीरज यादव, अमित यादव, मुरलीधर यादव, राकेश यादव उपस्थित रहे।

## इंद्रनील घोष गोलकीपर प्रशिक्षक नियुक्त

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा स्वर्णिम स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय गुजरात में आगामी 27 जून से 7 जुलाई तक खेली जाने वाली तीसरी राष्ट्रीय फुटसल क्लब प्रतियोगिता के लिए गोलाज़ो फुटबॉल क्लब पुणे के गोलकीपर प्रशिक्षक नियुक्त किये गए है।नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के प्रशिक्षक इंद्रनील घोष को यह जानकारी गोलाज़ो फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष ऋतुराज सालुंके ईमेल द्वारा लिखित पत्र से दिया।




इंद्रनील अभी हाल ही में पेफी राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता रहे उत्तर प्रदेश अन्डर-17 राज्य फुटबॉल टीम के मुख्य प्रशिक्षक थे इससे पहले भी कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओ में हिमाचल प्रदेश, लक्ष्यदीप के साथ ही साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान उत्तर प्रदेश, प्रयागराज मंडल के भी प्रशिक्षक रह चुके है। इंद्रनील संतोष ट्रॉफी सीनियर पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में त्रिपुरा टीम के गोलकीपर प्रशिक्षक भी थे।

इंद्रनील की इस उपलब्धि पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के निदेशक अभिषेक तिवारी, प्रधानचार्य दिनेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 शैलेश वर्मा, सी ऐ वी अन्तर कॉलेज के मैनेजर हनुमान उपाध्याय, अजीत, फुटबॉल प्रशिक्षक संजय भट्टाचार्य, सुनील निगम, सुशील कुमार ने शुभकामनाये दी

## हर सफल व्यापारी के पीछे सीए का महत्वपूर्ण योगदान- सीए अनिल गुप्ता

### सीए दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन



**प्रयागराज।** देश के सबसे पुराने पेशेवर संस्थानों में से एक, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की स्थापना के उपलक्ष्य में हर साल 1 जुलाई को सीए दिवस मनाया जाता है। लायंस क्लब ऑफ इलाहाबाद अभिनव के अध्यक्ष विनय रंजन ने सीए अनिल गुप्ता, सीए रक्ताभ भास्कर और सीए अमित अग्रवाल को मोमेंटो, सर्टिफिकेट और सॉल देकर समानित किया।

इस अवसर पर सीए अनिल गुप्ता ने कहा की आज के समय में सीए की आहम भूमिका है। हर एक सफल व्यापारी के पीछे सीए का महत्वपूर्ण योगदान होता है द्यकिसी भी कंपनी और बयापारी को उनके अकाउंट को मेंटेन करने और सरकार की योजना का लाभ दिलाने मैं सहयोग करते है। ताकि एक व्यापारी आपने व्यापार को सुचारू रूप से कर सके।

सीए अनिल गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर डे पर डॉक्टर राहुल दीक्षित डॉक्टर पंकज गुप्ता और डाक्टर रंजन बाजपेई को स्मृति चिन्ह, सर्टिफिकेट और सॉल देकर समानित किया। इस अवसर पर मोहित पांडे, दिलीप सिंह, मनोज सिंह, विकाश सिंह, जितेंद्र प्रकाश, राजीव मिश्रा (एपीएस) अनूप कुमार मिश्रा, अविनाश वर्मा , रूपाली आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी के तत्वावधान में आज एकेडेमी में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की पूण्यतिथि के अवसर पर टण्डन जी चित्र पर एकेडेमी के प्रषासनिक अधिकारी गोपाल जी पाण्डेय एवं एकेडेमी के समस्त कार्मिकों के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया।

उनको याद करते हुये एकेडेमी के प्रषासनिक अधिकारी गोपालजी पाण्डेय ने कहा कि राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन ने देवनागरी लिपि के उपयोग पर जोर दिया और उर्दू लिपि के साथ-साथ अरबी-फारसी मूल के शब्दों को भी खारिज कर दिया। जबकि गाँधी और अन्य नेताओं ने हिन्दी और उर्दू के मिश्रण हिन्दुस्तानी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनाने की वकालत की। इसके कारण नेहरू ने उन्हें राजनीतिक प्रतिक्रियावादी कहा। संस्कृतिकरण या भाषा को अधिक औपचारिक बनाने के प्रति उनका दृष्टिकोण भी विवादास्पद था।



राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन ने 10 अक्टूबर, 1910 को नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी के प्रांगण में हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थापना की। इसी क्रम में 1918 में उन्होंने 'हिन्दी विद्यापीठ' और 1947 में 'हिन्दी रक्षक दल' की स्थापना की। राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन हिन्दी के प्रबल पक्षधर थे। वह हिन्दी में भारत की मिट्टी की सुगंध महसूस करते थे। हिन्दुस्तानी एकेडेमी का राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन से गहरा जुड़ाव है क्योंकि एकेडेमी के भवन का नामकरण 'राजर्षि टण्डन भवन' किया गया। इस अवसर पर रतन पांड्ये, अनुराग ओझा संतोष कुमार तिवारी, अंकेश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, मोहसिन खान, अमित कुमार सिंह, सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपा प्रमुख के जन्मदिन पर कांटा केक, बांटा फल



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के इक्यानवें जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय चौक में महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन व महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि की अगुवाई में जुटे सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने युवाओं के आदर्श गरीबों मज़लूमों मज़दूरों किसानों शोषितों की आवाज़ अखिलेश यादव के चित्र के सामने केक रख कर काटा और उनकी तस्वीर पर सांकेतिक रूप से केक खिलाने की रस्म अदा करते हुए दीर्घायु की कामना की।वहीं मीरगंज, लोकनाथ चौराहा , घंटाघर, नखास कोहना सब्ज़ी मण्डी आदि स्थानों पर राहगीरों को रिक्शा चालकों व आम लोगों को फल वितरित किया गया।इसी प्रकार शहर पश्चिमी शहर उत्तरी व शहर दक्षिणी के क्षेत्रों में भी कार्यकर्ताओं ने अपने नेता का जन्मदिन विभिन्न तरीकों से मनाया। कार्यक्रम में सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, रवीन्द्र यादव रवि, हरीओम साहू, महबूब उस्मानी, बब्बन द्बे, इसरार अन्जुम , मोहम्मद ग़ौस, अभिमन्यु पटेल, ओ पी यादव , मोहम्मद अज़हर, महेंद्र निषाद, ओ पी पाल, अभिमन्यु पटेल, भोला पाल, हरीश श्रीवास्तव, तारिक सईद अज्जू , संतोष कुमार निषाद, मोहम्मद यूसुफ अंसारी, शशि भूषण पाण्डेय, मृत्युंजय पाण्डेय, मेजर दिनेश कुमार, सैय्यद मोहम्मद अस्करी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार ने सिर्फ उजाड़ा पेड़, घर और रोजगार- विनय कुशवाहा

### सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वृक्षारोपण

**प्रयागराज।** भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने सिर्फ उजाड़ने का कार्य किया है। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर पेड़ ,घर ,रोजगार उन्होंने बनाया कुछ नहीं। उक्त बातें समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के सुअवसर पर पार्वती चौराहा पार्क जार्जटाउन में पाकड़ का पेड़ लगाते हुए सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने कहीं।



उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की सोच विकासपरक पर पर्यावरण संतुलन के साथ सबको साथ लेकर सबकी भलाई का हैं। इसलिए अपने जन्मदिन पर सभी कार्यकर्ताओं को वृक्षारोपण करने के लिए कहा।क्योंकि विगत दस साल में भाजपा की सरकार मे इतने पड़े कट गये जितने पचास साल में ना कटे होंगे जिससे साल दर साल गर्मी बढ़ती जा रही हैं और पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है।

पूर्व युवजन सभा जिलाध्यक्ष हार्षित पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम इससें अच्छा तोहफा और कुछ नहीं होगा जो हमें और हमारे भविष्य को संचित करेगा। साथ में धर्मेन्द्र यादव पूर्व प्रदेश सचिव यु.स, शिवम जायसवाल, अमित यादव, नितिन पाण्डेय, पवन पटेल आदि रहे।

## महाप्रबंधक ने प्रयागराज जंक्शन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आज नवागत महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे अशोक कुमार वर्मा ने प्रयागराज जंक्शन पर स्टेशन पुनर्विकास के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कुंभ की तैयारियों का भी जायजा लिया।

प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के निरीक्षण में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे अशोक कुमार वर्मा के साथ मण्डल रेल प्रबन्धक प्रयागराज हिमांशु बडोनी, प्रयागराज जंक्शन के स्टेशन निदेशक वी.के द्विवेदी एवं निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ थे।

महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे अशोक कुमार वर्मा ने प्लेटफार्म संख्या 4/5 पर चल रहे विकास कार्य का जायजा लेते समय अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों में मानकों को विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसी क्रम में स्टेशन पुनर्विकास के अंतर्गत प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के सिविल लाइन साइड चल रहे निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अवसर पर निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा स्टेशन पुनर्विकास के चल रहे

कार्यों की विस्तृत जानकारी महाप्रबंधक को दी गई। महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने आगामी कुम्भ-2025 की तैयारी के परिप्रेक्ष्य में स्टेशन के सिटी साइड क्षेत्र का भी निरीक्षण किया।

कुंभ-2025 में भीड़ के प्रबंधन, टिकट वितरण, सुरक्षा इंतजाम जैसी व्यवस्थाएं कैसे कार्य करेंगी, इस पर मंडल रेल प्रबंधक एवं उपस्थित अधिकारियों से चर्चा की।

# सेवा के हर क्षेत्र मे लायंस क्लब की सहभागिता- सी.एम.ओ

## लायंस क्लब हर्ष, शक्ति और अवध के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया चिकित्सक सम्मान दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब हर्ष, शक्ति तथा अवध के संयुक्त तत्वावधान में आज सीएमओ कार्यालय के सभागार में डॉक्टर्स डे का सफल आयोजन हुआ ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जी. एम. शुक्ला ने लायंस क्लब के सेवा कार्य को सराहते हुए कहा लायंस क्लब हर्ष ,शक्ति तथा अवध ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डा.विधान चंद्र राय के जन्म दिवस पर डाक्टर्स डे का आयोजन कर पुनीत कार्य किया है ।



लायंस क्लब सेवा के हर क्षेत्र में भागीदारी करता है चाहे वह चिकित्सा का क्षेत्र हो, चाहे बाढ़ या महामारी का हो प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करता है।कार्यक्रम का संचालन लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष संतोष भगवन ने किया उन्होंने कहा कि लायंस क्लब एक इंटरनेशनल संस्था है लायंस क्लब सेवा के क्षेत्र में शासन तथा प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग देता है आज चिकित्सा दिवस पर 15 से अधिक चिकित्सकों को अंग वस्त्र माला पहनकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.जी एम शुक्ला, ए.सी. एम. ओ. डा. ए. एन. राय ,डिप्टी सी.एम.ओ. डा. राजेश कुमार,डा. शकील हैदर,पूर्व सीएमएस डा. पी. पी.पांडे, डाक्टर आर. डी. द्विवेदी,डॉ विवेक त्रिपाठी,हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन कुमार, राज शेखर जिला कार्यक्रम अधिकारी, डाक्टर एस एस गुप्ता,डा. अवंतिका पांडे,डा. शशि प्रभा गुप्ता,डा. कामायनी उपाध्याय,वंदना जायसवाल, डॉक्टर सुष्मिता ,डॉक्टर अंजली डॉ संदीप सक्सैना,डॉ आजाद शामिल रहे।

इस अवसर पर लायंस क्लब हर्ष के प्रशासक लायन के. बी. सिंह, अध्यक्ष संतोष भगवन ,सचिव डॉ क्षितिज श्रीवास्तव,कोषाध्यक्ष आर. बी. सिंह, लायन अरविंद सिंह और राजेश बहादुर पाल लायंस क्लब शक्ति की अध्यक्ष प्रमिला शुक्ला, सचिव डॉ अवंतिका पांडे, निदेशक अनीता पांडे,कोषाध्यक्ष मनप्रीत कौर,उपाध्यक्ष पिंकी दयाल लायंस क्लब अवध के अध्यक्ष संतोष पांडे, अनिल प्रताप त्रिपाठी,उमाकांत ओझा,राम कुमार पांडे, राजेंद्र शुक्ला, पंकज शुक्ला, नीलेश मिश्रा, डा ए.के.सिंह, विनय शर्मा, उदय मिश्र आदि लोगो के सहयोग से चिकित्सा दिवस का सफल आयोजन हुआ अंत में संतोष पांडे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# घर पर सो रही महिला के साथ मोहल्ले के एक युवक ने की छेड़छाड़

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र की एक गांव की महिला के साथ सोते समय गांव के एक युवक ने छेड़छाड़ की। जगने पर महिला के चिल्लाने पर युवक गाली देते हुए भाग निकला। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया तो महिला ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।क्षेत्र के एक गांव की महिला के पति परदेश में रहते है। घर पर वह बच्चों के साथ रहती है। 14 अगस्त 2022 को वह बरामदे में सो रही थी। भोर तीन बजे मोहल्ले का नगगन उसकी चारपाई पर आकर छेड़छाड़ करने लगा। इस पर महिला की नींद खुल गई तो वह चिल्लाने लगी। आरोप है कि नगगन महिला गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया।

# परिषदीय विद्यालयां में नव-प्रवेशित बच्चों को रोली-चन्दन का टीका लगाकर किया गया स्वागत

## जिलाधिकारी ने अपने हॉथ से बच्चों का नवीन प्रवेश डिजिटल रजिस्टर में किया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** शासन के निर्देशानुसार आज जनपद के समस्त 1089 परिषदीय विद्यालयों एवं 8 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों द्वारा प्रवेश उत्सव को भव्य रूप देते हुए विद्यालयों को फूल, पत्तों, रंगोली एवं गुब्बारों आदि से सजाया गया तथा विद्यालय में आने वाले नव-प्रवेशित बच्चों को रोली-चन्दन का टीका लगाकर स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने प्राथमिक विद्यालय बबुरा एवं प्राथमिक विद्यालय समदा का निरीक्षण कर टैबलेट में ऑनलाइन उपस्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने एवं अभिभावकों से नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की तथा स्वयं अपने हॉथ से बच्चों का नवीन प्रवेश डिजिटल रजिस्टर में किया।



मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कम्पोजिट विद्यालय कादीपुर (1-8), कम्पोजिट विद्यालय रोही, प्राथमिक विद्यालय पल्हाना उपरहार एवं कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम तथा विशेष संचारी रोग अभियान व वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर नव प्रवेशित कक्षा-1 के दिव्यांशी व माही को माला पहनाकर स्वागत किया। बच्चों को रूचिकर भोजन खीर, हलवा आदि का वितरण किया गया। जनपद स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, जिला समन्वयक, डायट व ए0आर0पी0 द्वारा आवंटित विद्यालयों में उपस्थित होकर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया गया। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त जिला समन्वयक आदि उपस्थित रहें।

# सत्य और भक्ति के समावेश से होगा भगवान का आगमन - कथा वाचक



**मऊ, चित्रकूट:** मऊ तहसील के इटवा गांव में शिवबाबा मन्दिर में हो रही संगीतमय भागवत कथा महापुराण के पांचवें दिन गोवर्धन पूजा की कथा हुई। कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

कथा वाचक विदुषी खुशबू त्रिपाठी ने कहा कि जहां सत्य और भक्ति का समावेश होता है। वहाँ भगवान का आगमन अवश्य होता है। इंसान घमण्ड में भगवान को भूलता जा रहा है। इसी कारण प्राणी (मनुष्य) चिंता में डूबता जा रहा है। भगवान की कृपा तब होती हैं जब जीव अपना कर्म कर के भगवान पर छोड देता है। गाय की सेवा का महत्व समझाते हुए कहा कि गाय में 33 करोड देवी देवताओं का वास होता है। कथा व्यास ने भक्तो को गोवर्धन कथा का रसपान कराते हुऐ कहा कि जब इंद्र रुष्ठ हो कर ब्रज मे घनघोर वर्षा किए तब भगवन श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपने छोटी उंगली पर उठा कर नगर वासियों के प्राणों की रक्षा किया। साथ ही इन्द्र के अहंकार और घमंड को चकनाचूर कर दिया। जिसके बाद समस्त ब्रज मंडल भगवान श्री कृष्ण की जयकारों से गूंजायमान हो गया। कथाव्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का महत्व बताते हुए कहा कि श्री मद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान वैराग्य के साथ चेतना को जागृत करने का बडा साधन है। साथ ही श्रीमद् भागवत महापुराण कल्पवृक्ष के समान है। जिसके श्रवण मात्र से ही प्राणी का संपूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इस मौके पर चन्द्र मोहन त्रिपाठी, लौलेश आचार्य, राम राज, किशन, राधे आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री रामनरेश यादव की जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** स्वर्गीय राम नरेश यादव स्मारक सेवा संस्थान के तत्वावधान में मध्यप्रदेश, छतीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय राम नरेश यादव के 96वें जन्म दिवस के अवसर पर दयानन्द पब्लिक स्कूल (डीएवी कॉलेज) मीरपुर के सभागार में हवन एवं गोष्ठी के बाद कटघर स्थित वृंदा प्रसाद अनाथालय में बच्चों को भोजन, फल और मिष्ठान वितरित किया।

गोष्ठी में पूर्व महापौर चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह ने राम नरेश यादव के जीवन और उनके द्वारा गरीबों-असहायों के लिए किये गये संघर्षों के बारे में लोगो को बताया। संस्थान के महामंत्री हीरा लाल यादव ने कहा कि राम नरेश यादव व्यक्ति नही व्यक्तित्व थे उनका पूरा जीवन सादगी एवं उच्च विचार से ओतप्रोत था । बाबू जी समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया के विचारधारा के समर्थक थे, यही कारण रहा कि वो



किसानों,गरीबों एवं असहायों के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे और देश-प्रदेश के सर्वोच्च पदों पर रहने के बावजूद वो हमेशा उन लोगो के लिए सदैव सहज उपलब्ध रहते थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने किसानों को 18 घंटे बिजली देने का काम किया। दयानन्द पब्लिक स्कूल के प्रबंधक कुँवर शेखर कुमार ने कहा कि राम नरेश यादव सच्चाई, सादगी और ईमानदारी के प्रतीक रहे है। वो अधिवक्ता, शिक्षक और नेता जिस रूप में भी रहे उसे कुशलता और ईमानदारी के साथ उसका निर्वाहन किया।

कांग्रेस सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अंकित सिंह यादव ने कहा कि राम नरेश यादव महान कर्म योगी जनप्रिय नेता थे, भारतीय राजनीति में उनका एक विशिष्ट स्थान है। मुख्यमंत्री के रूप में जो छाप उन्होंने छोड़ी उससे उनका गृह जनपद ही नही अपितु प्रदेश और देश भी गौरवान्वित महसूस करता है। बाबू जी का कृतित्व एवं व्यक्तित्व का जनता पर गहरा प्रभाव पड़ा कि समाज का हर वर्ग बच्चा, नौजवान,बूढ़े सब बड़े सम्मान के साथ बाबू जी बोलने लगे। राष्ट्रीय चरित्र एवं मूल्यों की राजनीति करने वाले सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते से कभी हटे नही। किसानो,दलितों,पिछडे,अल्पसंख्यको और गरीबों के दुःख में हमेशा बहुत करीब से शामिल रहें। गोष्ठी में मोहन जी टंडन, राजेश कुमार (एडवोकेट), ईश्वरानंद, प्रमोद त्यागी,मनप्रीत कौर,पूजा अरोरा, प्रीती खरे, सुनीता साकेत, मृदुला सक्सेना,रूचि श्रीवास्तव, गुलफ्शा अंसारी,तान्या मालवीय, निधि मालवीय, सुमन पाण्डेय, सोनी निषाद, प्रियंका प्रजापति, दीपिका केसरवानी, सुचिता शुक्ला, निखत परवीन, काजल सिंह, आस्था खरे आदि लोग उपस्थित रहे।

# तेंदू पत्ता के साथ दो गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर विनोद कुमार शुक्ला तथा अंकित राजपूत, प्रभात कुमार दुबे द्वारा महिन्द्र पिकअप पर अवैध तेंदु पत्ता लादकर जे लाते हुये अशोक कुमार निवासी वेल्हाई थाना बहिलपुरवा, रामलखन पटेल निवासी रैपुरा को गिरफ्तार किया गया। पिकअप वाहन से 35 झाल तेंदु पत्ता बरामद हुआ। जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये है। आरोपियों के विरुद्ध थाना मानिकपुर में भारतीय वन अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही पिकअप वाहन को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

# जुलाई से आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता होगी लागू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट:** एडवोकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि जुलाई से आईपीसी की धाराओं में परिवर्तन किया गया है। अब आईपीसी की जगह बीएनएस, भारतीय न्याय संहिता लागू किया जाएगा। पहले की भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धाराएं तथा अब भारतीय न्याय संहिता की कुछ धाराएं वर्णित है। जिसमें 302 आईपीसी के स्थान पर 103 बीएनएस, 304(ए) आईपीसी के स्थान पर 106 बीएनएस, 304(बी) आईपीसी के स्थान पर 80 बीएनएस, 306 आईपीसी के स्थान पर 108 बीएनएस, 307 आईपीसी के स्थान पर 109 बीएनएस, 309 आईपीसी के स्थान पर 226 बीएनएस, 286 आईपीसी के स्थान पर 287 बीएनएस, 294 आईपीसी के स्थान पर 296 बीएनएस, 509 आईपीसी के स्थान पर 79 बीएनएस, 323 आईपीसी के स्थान पर 115 बीएनएस, आर/डब्ल्यू 34 आईपीसी के स्थान



पर 3(5) बीएनएस, आर/डब्ल्यू 149 आईपीसी के स्थान पर आर/डब्ल्यू 190 बीएनएस, 324 आईपीसी के स्थान पर 118(1) बीएनएस, 325 आईपीसी के स्थान पर 118(2) बीएनएस, 326 आईपीसी के स्थान पर 118(3) बीएनएस, 353 आईपीसी के स्थान पर 121 बीएनएस, 336 आईपीसी के स्थान पर 125 बीएनएस, 337 आईपीसी के स्थान पर 125 बीएनएस(ए), 338 आईपीसी के स्थान पर 125 बीएनएस(ब), 341 आईपीसी के स्थान पर 126 बीएनएस, 353 आईपीसी के स्थान पर 132 बीएनएस, 354 आईपीसी के स्थान पर 74 बीएनएस, 354(ए) आईपीसी के स्थान पर 75 बीएनएस, 354(ब) आईपीसी के स्थान पर 76 बीएनएस, 354(सी) आईपीसी के स्थान पर 77 बीएनएस, 354(डी) आईपीसी के स्थान पर 78 बीएनएस, 363 आईपीसी के स्थान पर 139 बीएनएस, 376 आईपीसी के स्थान पर 64 बीएनएस, 384 आईपीसी के स्थान पर 286 बीएनएस, 386 आईपीसी के स्थान पर 288 बीएनएस (जुर्माना-5000 रूपए), 390 आईपीसी के स्थान पर 292 बीएनएस (जुर्माना-1000 रूपए), 394 आईपीसी के स्थान पर 296 बीएनएस, 447 आईपीसी के स्थान पर 329 (3) बीएनएस, 448 आईपीसी के स्थान पर 329 (4) बीएनएस, 392 आईपीसी के स्थान पर 309 बीएनएस, 411 आईपीसी के स्थान पर 317 बीएनएस, 420 आईपीसी के स्थान पर 318 बीएनएस, 382 आईपीसी के स्थान पर 304 बीएनएस, 442 आईपीसी के स्थान पर 330 बीएनएस, 445 आईपीसी के स्थान पर 330 बीएनएस, 447 आईपीसी के स्थान पर 330 बीएनएस, 448 आईपीसी के स्थान पर 331 बीएनएस, 494 आईपीसी के स्थान पर 82 बीएनएस, 498(ए) आईपीसी के स्थान पर 85 बीएनएस, 506 आईपीसी के स्थान पर 351 बीएनएस व 509 आईपीसी के स्थान पर 79 बीएनएस का प्रयोग किया जाएगा।

# किसान को मिली धमकी......!

## पीड़ित ने जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक से भी की शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** करारी क्षेत्र के गुलामीपुर निवासी किसान का पड़ोसी दबंगों ने जीना मुहाल कर दिया है। आरोप है कि दबंग उसकी जमीन के साथ घर में भी कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मकान खाली नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित के पास धमकी दिए जाने का ऑडियो भी है। सोमवार को उसने मामले की शिकायत डीएम और एसपी से की है।

गुलामीपुर निवासी शिवबरन ने बताया कि गांव में सड़क किनारे उसकी एक बीघा छह बिस्वा पारिवारिक जमीन है। इस जमीन के कुछ भाग में मकान बना हुआ है। पीड़ित की मानें तो 11 अप्रैल 2023 को एसडीएम के निर्देश पर राजस्व कर्मियों की टीम पैमाइश कर चुकी है। पैमाइश में साफहुआ है कि भूमि और मकान उसी का है। उपजिलाधिकारी इस बाबत आदेश भी जारी कर चुके हैं। इसके बाद भी दबंग जमीन, मकान पर लगातार कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने अभी हाल ही में बगल के नम्बर की नाप कराने के लिए आवेदन किया था। एसडीएम ने इसके लिए टीम गठित की थी। आरोप है कि कानून-गो ने विपक्षियों की साठगांठ के कारण टीम में अपनी मर्जी के लेखपालों को रखा। इसके बाद पीड़ित की जमीन भी नपवा दी। नक्सा बड़ा होने का दावा करते हुए पीड़ित फिर से नाप कराने के लिए बार-बार आवेदन कर रहा है। अधिकारी उसकी सुनने को तैयार नहीं है। अब दबंग मकान नहीं खाली करने पर पूरे कुनबे को मार डालने की धमकी दे रहे हैं। इसकी वजह से परिवार सहमा हुआ है। इस संबंध में एसडीएम आकाश सिंह का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में है। जल्द ही निस्तारण करा दिया जाएगा।

# मामूली विवाद में युवक की पिटाई, बीच बचाव को आई मां बहन को भी पीटा

## शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** कस्बे के आजादनगर मोहल्ले में मामूली बात को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। बीच बचाव को आई उसकी मां व बहन को पीटा गया। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा लिख लिया है।आजादनगर मोहल्ले की रेहाना बेगम के पति मो. इस्माइल परदेश में रहते है। घर पर रेहाना पांच बच्चों के साथ रहती है। आरोप है कि पड़ोसी हासिम अली उससे रंजिश रखते है। रेहाना का कहना है कि हासिम अली के घरवाले अक्सर रास्ते में पानी डाल देते है। 19 जून को रेहाना का बेटा सुफियान स्कूटी लेकर आ रहा था। हासिम अली के घर के सामने पानी में फिसल कर उनके घर के सामने चबूतरे में लड़कर गिर गया। इस पर हासिम अली, शाहिल, अल्तमश व इमामुननिशा सुफियान को गाली गलौज करते हुए पीटने लगे। बीच बचाव को गई रेहान व उसकी बेटी रोशनी को भी पीटा गया। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा लिख लिया है।

# अघोषित विद्युत कटौती से हलाकान रहे उपभोक्ता

**लोकामंत्र ब्यूरो**

**अझुवा, कौशाम्बी।** शनिवार रात्रि 2.30 बजे से अझुवा क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई और रविवार दोपहर 12 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा,दिन रात भर दर्जनों बार ट्रिपिंग,रात 10 मिनट सप्लाई फिर 2 घंटे ट्रिपिंग ।कभी ओवर लोड के चलते ट्रिपिंग वा कटौती कभी रोस्टिंग के नाम पर घंटों की कटौती इसके अलावा बार बार ट्रिपिंग के चलते उपभोक्ता हलाकन हैं ।विद्युत उपकरण शो पीस बन गए विद्युत चालित समरसेबल, आटा चक्की,स्पेलर आदि ठप हो गए ,पुनः सोमवार की भोर 4 .30 बजे से दोपहर 2.25 बजे तक विद्युत आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी नगर क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का शेड्यूल है अझुवा नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार देर रात्रि 2 बजे से बमुश्किल 10 घंटे भी आपूर्ति नहीं हो सकी है,नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र के अवर अभियंता महेंद्र कुमार ने बताया मौसम की खराबी से आपूर्ति में व्यवधान हो रहा कई बार लोकल फाल्ट ठीक करने में आपूर्ति बहाल में देरी होती है।सिराथू से आपूर्ति में बार बार व्यवधान आता है।अझुवा व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रहरी ने कहा विद्युत कटौती से व्यापार प्रभावित होता है आटा चक्की,स्पेलर आदि ठप हो जाते हैं अझुवा व्यापार मंडल महामंत्री राकेश कुमार केसरवानी ने कहा बरसात के समय अंधेरा रहने से जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है।

# पत्नी से विवाद के बाद फंदे पर लटकने से युवक की मौत

## - पिपरी के तिलगोड़ी गांव में सोमवार शाम की घटना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के तिलगोड़ी गांव में सोमवार की शाम पत्नी से विवाद के बाद युवक फंदे पर झूल गया।

जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।तिलगोड़ी गांव निवासी 38 वर्षीय जीतलाल पुत्र फुत्तीलाल कार मैकेनिक थे।

क्षेत्र के मखऊपुर स्थित एक गैराज में काम करते थे।परिजनों के मुताबिक सोमवार की शाम काम से छुट्टी होने के बाद वह तिल्हापुर मोड़ बाजार से सब्जियां खरीदकर घर पहुंचा। इसी बीच किसी बात को लेकर उनका पत्नी पिंकी से विवाद हो गया। इसके बाद वह स्वयं को कमरे में कैद करके पंखे में रस्सी के सहारे फंदे पर झूल गया। दरवाजा बंद करता देख परिजनों ने सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद दीवान मुन्ना प्रसाद चालक शारदा प्रसाद के साथ पहुंचे। पुलिस ने कमरे में लगा दरवाजा तोड़ कर युवक को फंदे से नीचे उतार कर बाजार स्थित सिद्धि अस्पताल ले गए।

हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें किसी अन्य अस्पताल ले जाने की सलाह दी। जिसके बाद परिजन उन्हें चायल सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय तथा आरक्षी अतुल मिश्रा, दिनेश कुमार, ततिल सोनी द्वारा मुन्ना निषाद निवासी लोहरा थाना कमासिन जनपद बांदा को 1 किलो 967 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# मरीजों के साथ बछरावां सीएचसी स्टॉफ़ ने की बदतमीजी, बुलाए गुंडे

## मरीजों के साथ मारपीट पर अमादा हुए गुंडे, पुलिस ने पहुँचकर बचाई जान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अपने बुरे बर्ताव को लेकर आए दिन चर्चा में रहने वाला बछरावां सीएचसी स्टॉफ एक बार फिर से चर्चा में हैं। सोमवार को मरीज के साथ बछरावां सीएचसी स्टॉफ़ ने बदतमीजी की। यहीं नहीं मरीज को धमकाने के लिए गुंडे भी बुला लिए। अस्पताल पहुँचे गुंडों ने मरीज और उनके परिजनों को धमकाया। यही नहीं मरीजों के साथ मारपीट पर अमादा गुंडे हो गए। इस घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने पहुँचकर मरीजों की जान बचाई। पुलिस के पहुँचते ही गुंडे भाग खड़े हुए और मरीज जिला अस्पताल के लिए रिफर हुए। सोमवार को बछरावां थाना के एक गांव की रहने वाली कंचन पाल जो कि नौ माह की गर्भवती है। वह अपने पति सतीश पाल के साथ बछरावां रूटीन चेकअप के लिए बछरावां आई थी। जाँच कराकर के वापस पति-पत्नी गाँव (मायके) जा रहे थी। तभी टोल प्लाजा के पास किसी अज्ञात वहां ने टक्कर मर दी जिससे पति और पत्नी गंभीर रूप से



घायल हो गये. जिनको तत्काल 108 एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल बछरावां लाया गया। जहाँ पर बिना प्राथमिक उपचार किये डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर करने लगे। यह देख कर मरीजो के परिजन और साथ आई आशा बहु ने अपने पुत्र पुष्कर पाल को फ़ोन किया। फोन करता देख सरकारी अस्पताल के स्टाफ आगबबुला हो गये और कहने लगे की मुझे जो उपचार करना था, वह कर दिया बाकि मैंने किसी की जान बचने का ठेका नही ले रखा है। बदतमीजी से बात करते हुए कहा कि तुम्हारे जैसे यहाँ बहुत सरे लोग आते है। मै सरकारी कर्मचारी हूँ मेरा तुम लोग कुछ नही उखाड़ पाओगे। इतनी बहस हो ही रही थी की पुष्कर पाल वहा पर पहुंच गए।

तभी उसी समय 8 से 10 अज्ञात व्यक्ति वहां पहुच कर गली-गलौज करने लगे। इतने पुष्कर पाल ने कहा की मेरे साथ गाली-गलौज और धक्कामुक्की क्यों कर रहे हो और तुम लोग कौन हो। तब तक पीछे से आवाज़ आई मरो साले को इसी को परिजनों ने फ़ोन करके बुलाया है। इतने परिजनों ने स्ट्रेचर लेकर मरीज को ले जाने का प्रयास किये ही था की अस्पताल व उनके द्वारा बुलाये गये अज्ञात गुंडों के द्वारा स्ट्रेचर खीच कर बहार जाने के रस्ते को बंद कर दिया और कहने लगे की तेरा मरीज भी मरेगा और उसके गर्भ में पल रहा बच्चा भी मरेगा हमारा क्या है हम सरकारी कर्मचारी है। अस्पताल में विवाद करने के झूठे आरोप में जेल भी भिजवा देंगे। डरे सहमे परिजन हाँथ पैर जोड़ कर अपने मरीज के जीवन की भीख मांगने लगे और कहने लगे हमें जाने दो। किन्तु स्टाफ व अज्ञात गुंडों का दिल नही पसीजा और वह अपनी अभद्र व्यव्हार पर अमादा रहे। परिजनों की चीख पुकार व दया की भीख की आवाज़ सुनकर वही उपस्थित किसी व्यक्ति को परिजनों व मरीज पर दया आ गयी और उसने 112 डायल कर पुलिस को सुचना दे दी। मौके पर पहुची पुलिस को देख अज्ञात गुंडे फरार हो गये और स्टाफ के व्यव्हार में भी परिवर्तन आ गया। पुलिस के न्याय प्रिय कार्य शैली की वजह से परिजन मरीज को लेकर जिला अस्पताल को रावण हो गये।

# महिला ने पति पर जान से मरवाने का लगाया आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपनघाट थानाक्षेत्र के नरवरपट्टी गांव की रागिनी के मुताबिक उसने चार साल पहले पड़ोसी मुकेश पुत्र बलजीत के साथ प्रेम विवाह किया था। इसबीच उससे नौ माह की एक पुत्री है। आरोप है कि जब से बेटी का जन्म हुआ है। तब से उसका पति उसे प्रताड़ित करने लगा है। उसने पड़ोस के गांव की एक युवती को भगाकर उससे शादी कर रहा है। इसलिए वह उसे जान से मरवाने की फिराक में है। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी पति के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी तथा अभिषेक प्रताप सिंह द्वारा अनिल जोशी निवासी सीतापुर को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना रैपुरा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।